**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 | 22.6 |
| डालटनगंज | 26.4 | 23.1 |
| धनबाद | 28.0 | 30.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 17 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 100 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### राज्य के नए चीफ जस्टिस 23 जुलाई को शपथ लेंगे

**रांची।** झारखंड के नए चीफ जस्टिस तरलोक सिंह 23 जुलाई को सुबह 10 बजे शपथ लेंगे. हाईकोर्ट द्वारा राजभवन को भेजी गयी सूचना के आलोक में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अनुशंसा के आलोक में राष्ट्रपति ने हिमाचल प हाईकोर्ट के जज को झारखंड के चीफ जस्टिस के पद पर नियुक्त किया है. केंद्र द्वारा इसका गजट 14 जुलाई को जारी हुआ था. इसमें उल्लेख था कि चीफ जस्टिस के पद पर नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी.

### पीएम मोदी की कल मोतिहारी में जनसभा

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी 18 जुलाई यानी शुक्रवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे. बिहार सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसभा के दौरान पीएम मोदी सड़क, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्रामीण कल्याण सहित प्रमुख क्षेत्रों में करीब 7,196 करोड़ की विकास परियोजनाओं का अनावरण और शिलान्यास करेंगे. विकास परियोजनाओं में से 5,398 करोड़ रेलवे परियोजनाओं के लिए जाएगा, जबकि 1,173 करोड़ रुपए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 63 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में योगदान देगा.

### गयाजी में बहा पुल कई ट्रेनें हुईं प्रभावित

**पटना।** बिहार में मानसून एक बार फिर से सक्रिय है. राज्य के कई इलाकों समेत गयाजी में भारी बारिश हो रही है, जिसकी वजह से भूस्खलन हुआ है और पुल वह गया है. सड़क यातायात और रेल परिचालन प्रभावित हुआ है. गयाजी में गया-कोडरमा रेल मार्ग के बसकटवा-यदुग्राम घाटी रेल सेक्शन में मलबा गिरने से अप और डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन रोकना पड़ा. बीती देर रात पहाड़ से भारी मलबा खिसक कर रेल पटरी पर आ गिरा. आरपीएफ और रेल कर्मियों ने राहत कार्य शुरू कर दिया. अप लाइन पर सात घंटे तक परिचालन बाधित रहा, बुधवार सुबह 6 बजे रेल यातायात बहाल किया गया.

### फिटनेस के लिए स्कूलों में 'ऑयल बोर्ड' लगेंगे

**नयी दिल्ली।** देशभर के स्कूलों में अब 'ऑयल बोर्ड' लगाए जाएंगे ताकि छात्रों और शिक्षकों को खाने में तेल की अधिकता और उसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक कर फिटनेस को बढ़ावा दिया जा सके. सीबीएसई द्वारा सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भेजे गए एक पत्र के माध्यम से यह निर्देश जारी किया गया है. पत्र में बताया गया है कि भारत में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या के चलते यह निर्णय लिया गया है. राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5, 2019-21 के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में हर पांच में से एक वयस्क व्यक्ति अधिक वजन या मोटापे का शिकार है.

**बोकारो :** गोमिया में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़

# 25 लाख का इनामी माओवादी कुंवर मांझी ढेर, कोबरा जवान भी शहीद

**नक्सलियों ने गोली मार कर एक ग्रामीण की भी कर दी हत्या**

शुभम संदेश। रांची/बोकारो

बोकारो जिले के गोमिया जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र में लुगू पहाड़ के काशीटांड़ जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया है. इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान भी शहीद हो गया है. बोकारो रेंज के आईजी क्रांति कुमार गड़देशी ने बताया कि बुधवार तड़के लुगू पहाड़ी के आसपास नक्सलियों के एक दस्ते के क्रियाशील होने की सूचना मिली, जिसके आधार पर केंद्रीय बलों और बोकारो पुलिस की ओर से विशेष अभियान शुरू किया गया. जंगल में सर्च के दौरान ही पुलिस का नक्सलियों से सीधे सामना हो गया. इसके बाद दोनों तरफ से मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें 25 लाख का इनामी कुंवर माझी मार गया. कुंवर के मारे जाने के बाद उसकी एके-47 राइफल भी पुलिस ने बरामद की है.

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान नक्सलियों की ओर से अचानक की गई गोलीबीरी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 209वीं कोबरा इकाई के कांस्टेबल प्रनवेश्वर कोच (33) गोली लगने से शहीद हो गए. वह मूल रूप से असम के कोकराझार के रहने वाले थे. आईजी ने बताया कि पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सलियों ने कुछ ग्रामीणों को आगे कर पुलिस से बचने की कोशिश की. इसमें भी जब नक्सली कामयाब नहीं हुए, तब उन्होंने एक ग्रामीण की गोली मार कर मौके पर हत्या कर दी. ताकि पुलिस को मौके पर भटकाया जा सके. मारा गया ग्रामीण लुगू इलाके का ही रहने वाला था. इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान अभी भी जारी है. पुलिस अन्य संभावित नक्सलियों की तलाश कर रही है.



### राज्यपाल ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को धुर्वा, रांची स्थित सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन पहुंच कर बोकारो जिले के गोमिया थाना अंतर्गत बिरहोरडेरा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान में शहीद 209 कोबरा इकाई के सीआरपीएफ जवान प्राणेश्वर कोच के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. राज्यपाल ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता.

### जनवरी से अबतक 21 नक्सली ढेर, 10 ने किया सरेंडर

झारखंड पुलिस ने इस वर्ष राज्य को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य तय किया है. पुलिस के अनुसार, इस वर्ष अब तक पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 21 नक्सली मारे जा चुके हैं. करीब 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. पिछले वर्ष 2024 में पुलिस ने 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया था, जबकि मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गए थे. इसके अलावा 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया था. आत्मसमर्पण करने वालों में चार जोनल कमांडर, एक सब जनरल कमांडर और तीन एरिया कमांडर शामिल थे. राज्य पुलिस की आक्रामक रणनीति से नक्सली संगठनों में फूट और भय की स्थिति बनी है.

### सीएम ने एक्स पर दी शहीद जवान को श्रद्धांजलि

गोमिया के ललपनिया क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ 209 कोबरा बटालियन के जवान प्रानेश्वर कोच जी के शहीद होने की दु:खद खबर से मन आहत है. मरांग बुरु दिवंगत शहीद की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे.

–हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड

### नक्सलवाद को जड़ से मिटाएंगे : डीजीपी

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है और नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखने का संकल्प दोहराया है. उन्होंने कहा कि नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. राज्य से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जाएगा.

### पुलिस की आक्रामक कार्रवाई से नक्सलियों में दहशत

झारखंड पुलिस की आक्रामक कार्रवाई, खासकर बड़े इनामी नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराने से नक्सली संगठनों में अंदरूनी टूट और भय का माहौल पैदा हो गया है. पुलिस की इस रणनीति से नक्सलियों की ताकत कमजोर पड़ रही है और उनके बीच दहशत फैल रही है. बोकारो, लातेहार और पलामू जैसे क्षेत्रों में हुई हालिया मुठभेड़ों के बाद नक्सलियों की बेचैनी और बढ़ गई है. ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि कई नक्सली अब आत्मसमर्पण करने पर विचार कर रहे हैं.

**घंटों रुक-रुक कर होती रही फायरिंग:** मुठभेड़ के बाद भी कई घंटे तक रुक- रुक कर फायरिंग होती. नक्सलियों के छिपे होने की सूचना पर इलाके में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ और जिला पुलिस सर्च आपरेशन चला रही थी. इसी दौरान आमना-सामना हुआ. जंगल को चारों ओर से घेराबंदी कर अन्य नक्सलियों को भी दबोचने में जवान लगे हुए हैं. इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान अभी भी जारी है. पुलिस अन्य संभावित नक्सलियों की तलाश कर रही है. सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. मारे गये नक्सली और ग्रामीण के शव को सुरक्षा बलों ने बरामद कर लिया है.

**लंबे समय से बना था पुलिस के लिए सिरदर्द :** मुठभेड़ में मारा गया नक्सली एरिया कमांडर कुंवर मांझी बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा का रहने वाला था. वह सालों से बोकारो व आसपास के क्षेत्रों में हिंसक वारदातों को अंजाम देता आ रहा था. पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए वह एक लंबे समय से सिरदर्द बना हुआ था. उसकी मौत को सुरक्षा बलों ने बड़ी कामयाबी के रूप में देखा है, जिससे इलाके में नक्सलियों के नेटवर्क को तगड़ा झटका लगा है.

**सीआरपीएफ ने जारी किया अपडेट:** झारखंड के बोकारो में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ को लेकर सीआरपीएफ ने बयान जारी किया है. उन्होंने बताया- झारखंड के बोकारो जिले के जंगल में बुधवार सुबह करीब 6.30 बजे हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक सब-जोनल नक्सल कमांडर कुंवर मांझी उर्फ सहदेव मांझी उर्फ सादे को मार गिराया. केंद्रीय रिजर्व पुलिस की 209 कोबरा इकाई और झारखंड पुलिस के जवानों द्वारा चलाए गए अभियान में एक एके-47 राइफल भी बरामद की गई है.

**संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से**

# आठ बिल पेश करने की तैयारी में केंद्र, जोरदार हंगामे के आसार

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है. इस मानसून सत्र में सरकार आठ नए विधेयक पेश करेगी. इनमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से जुड़ा विधेयक भी शामिल है. सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने पर विचार कर रही है. इससे साफ है कि सरकार की इस उत्तर पूर्वी राज्य में फिलहाल राष्ट्रपति शासन हटाने की कोई योजना नहीं है. मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था. राष्ट्रपति शासन के लिए सरकार को हर छह महीने में संसद की मंजूरी लेनी होती है. फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन की समयसीमा 13 अगस्त है.

**ये विधेयक हो सकते हैं संसद में पेश:** संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है. साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है.

### संसद के बजट सत्र में कितना काम हुआ

बता दें कि बीते अप्रैल माह में खत्म हुए संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता लगभग 18 फीसदी रही थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के मुताबिक राज्यसभा में भी भरपूर कामकाज हुआ और इस सदन की उत्पादकता 119 फीसदी रही. संसद के दोनों सदनों में 16 विधेयक पारित किए गए. इस सत्र के दौरान काफी हंगामा भी हुआ, लेकिन संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया.

# 24 को कैबिनेट, उससे पहले आएंगे मुख्यमंत्री

शुभम संदेश। रांची



झारखंड राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक 24 जुलाई को होगी. दोपहर बाद चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है. मालूम हो कि हाल ही में 11 जुलाई को कैबिनेट की बैठक हुई थी. पूर्वी क्षेत्रीय परिषद और कैबिनेट की बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौ जुलाई की रात रांची आए थे और कैबिनेट की बैठक के बाद दिल्ली चले गए. अभी भी मुख्यमंत्री अपने पिता की सेवा और स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए दिल्ली में ही हैं. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कैबिनेट की बैठक की तिथि तय होने के बाद अब फिर मुख्यमंत्री जल्द ही दिल्ली से रांची आएंगे. हालांकि अभी उनके आने की तिथि तय नहीं हुई है. लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सोमवार तक मुख्यमंत्री रांची आएंगे.

**खुली धमकी :** भारत, चीन और ब्राजील को नाटो चीफ की चेतावनी

# रूस से व्यापार किया, तो भुगतना पड़ेगा नतीजा

एजेंसियां। लंदन

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों की नाराजगी अब सीधे तौर देखने को मिल रही है. नाटो के प्रमुख मार्क रूटे ने भारत, चीन और ब्राजील को साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखा, तो उन पर अमेरिका की तरफ से कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं. मार्क रूटे ने कहा कि इन देशों को पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह यूक्रेन के साथ शांति वार्ता करें. नहीं तो इसका सीधा असर भारत, चीन व ब्राजील पड़ सकता है. मार्क रूटे ने अमेरिकी सीनेटरों के साथ एक बैठक में कहा है कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति हैं, या भारत के पीएम हैं, या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं. फिर भी रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं और उनका तेल व गैस खरीद रहे हैं, तो जान लीजिए कि अगर मॉस्को में बैठा वह व्यक्ति शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं लेता, तो आप पर 100 फीसदी सेकेंडरी सैंक्शंस लगाए जाएंगे, जो आप पर बहुत भारी पड़ सकता है.

**एक दिन पहले ट्रंप ने दी थी धमकी :** मार्क रूटे का बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के ठीक एक दिन बाद आया है. इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि अगर रूस 50 दिनों के भीतर शांति समझौते के लिए तैयार नहीं होता, तो वह रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कठोर टैरिफ लगाएंगे.

### पुतिन पर शांति वार्ता के लिए दबाव बनाने को कह रहे मार्क रूटे

नाटो चीफ ने कहा है कि अब वक्त आ गया है कि ये देश व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाएं ताकि युद्ध खत्म हो सके. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं इन देशों के नेताओं से अपील करता हूं कि पुतिन को फोन करके कहिए कि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें, नहीं तो आपके देशों पर बहुत नकारात्मक असर पड़ेगा. बता दें कि भारत, चीन और ब्राजील उन गिने-चुने बड़े देशों में शामिल हैं, जिन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बावजूद रूस से कच्चा तेल और अन्य ऊर्जा संसाधनों की खरीद नहीं रोकी है.

### भारत-अमेरिका के बीच जल्द हो सकता है व्यापार समझौता

नाटो प्रमुख मार्क रूटे की चेतावनी के बीच भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें अमेरिका की ओर से भारत पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की आशंका है. हालांकि भारत अब तक रूस से तेल खरीद को अपने राष्ट्रीय हितों से जोड़ता रहा है और साफ करता रहा है कि वह किसी एक पक्ष के साथ नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए काम करता रहेगा.

### नया जमाना, नई लड़ाई लड़नी होगी: सीडीएस

**नयी दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा है कि भारत पुराने हथियारों से नए जमाने की लड़ाई नहीं जीत सकता. उन्होंने कहा कि हमें नई टेक्नोलॉजी अपनानी होगी. हमें अपने देश में बने हथियारों पर ध्यान देना होगा. सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी कुछ नई बातें बताईं. बताया कि कैसे भारत ने पाक के ड्रोन व लोइटरिंग म्यूनिशन्स को नाकाम कर दिया और नुकसान भी नहीं हुआ. दिल्ली में डिफेंस वर्कशॉप में सीडीएस ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने ड्रोन व लोइटरिंग म्यूनिशन्स का इस्तेमाल किया. उनमें से किसी ने भी भारतीय सेना या सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचाया. ज्यादातर को काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक तरीकों से नाकाम कर दिया गया. उन्होंने आगे कहा कि कल के हथियार आज की लड़ाई नहीं जीत सकते. आज की लड़ाई लड़ने के लिए कल की टेक्नोलॉजी चाहिए.

**बिहार एनडीए में बढ़ा घमासान !**

# चुनाव से पहले जदयू का ऐलान 'अभिमन्यु' की तरह फंसेंगे 'चिराग'

शुभम संदेश। पटना

बिहार विस चुनाव से पहले एनडीए में रार मची है. चिराग पासवान को लेकर घटक दलों में बयानबाजी हो रही है. चिराग के जीजा अरुण भारती ने 'अभिमन्यु' वाली टिप्पणी की थी. अब इसको लेकर जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने चिराग को नसीहत दे दी है. उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि अभिमन्यु बनना आसान, अर्जुन बनना मुश्किल है. इतिहास में नाम काम से लिखा जाता है, जिद से नहीं.

**जदयू ने किया पलटवार :** जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि अभिमन्यु बनना आसान है, अर्जुन बनना पड़ता है सीखने के लिए. भूलना नहीं चाहिए- अभिमन्यु सिर्फ प्रवेश करता है, वीरगति भी पाता है. इतिहास में नाम जिद से नहीं, कार्य से लिखा जाता है. जो हर बार द्वार तक पहुंचते हैं, वे योद्धा नहीं, द्वारपाल बन जाते हैं.

### अरुण भारती ने क्या लिखा था

अरुण भारती ने एक्स पर लिखा था कि महाभारत के 4 प्रमुख पात्र जिन्होंने समय का मान नहीं रखा. 1- पितामह भीष्म, 2- महाराज धृतराष्ट्र, 3- महारानी गांधारी, 4- महाराज शकुनि. (नहीं, सभी का सम्मान है. बात सिर्फ समय की है.) जब सब मौन रहे, तब अभिमन्यु- जिसमें अनुभव की कमी थी- चक्रव्यूह में कूदा. क्योंकि समय का मान रखने के लिए अनुभव नहीं, नव-संकल्प चाहिए.

### चिराग ने क्या कहा था



चिराग पासवान ने कहा था कि बिहारी अब और कितनी हत्याओं की भेंट चढ़ेंगे? समझ से परे है कि बिहार पुलिस की जिम्मेदारी क्या है? उन्होंने यह भी कहा था कि हमारा बिहार राजनीतिक कारणों से धीरे-धीरे पिछड़ता गया. हम लोग नालंदा यूनिवर्सिटी पर तब गर्व करते थे, जब शिक्षा के महत्व को विश्व नहीं पहचानता था. लेकिन आज मुझे बहुत दुख होता है कि शिक्षा के लिए हमारे बच्चों को बिहार से बाहर जाना पड़ता है.

**बड़ा खतरा :** देश में नई मुसीबत ला रहा ओजोन प्रदूषण ! महानगरों में बढ़ रहीं तरह-तरह की बीमारियां

# कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई समेत कई शहर जद में

शुभम संदेश डेस्क

भारत के बड़े शहरों जैसे कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई में इस गर्मी में जमीन के स्तर पर ओजोन प्रदूषण ने खूब सिर उठाया है. सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की रिपोर्ट के मुताबिक, इन शहरों में ओजोन का स्तर कई दिनों तक 8 घंटे के मानक से ज्यादा रहा. यह इतना खतरनाक है कि यह लोगों के स्वास्थ्य और खेती पर बुरा असर डाल रहा है.

**क्या है ओजोन प्रदूषण:** ओजोन एक गैस है जो तीन ऑक्सीजन अणुओं से बनती है. ऊंचे आसमान में यह हमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है, लेकिन जमीन के पास यह प्रदूषण बन जाता है. यह सीधे किसी स्रोत से नहीं निकलता, बल्कि वाहनों, उद्योगों और बिजलीघरों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड, वाष्पशील कार्बनिक यौगिक और



कार्बन मोनोऑक्साइड के सूरज की रोशनी में रासायनिक प्रतिक्रिया से बनता है. यह गैस बहुत प्रतिक्रियाशील होती है. हवा में लंबी दूरी तक फैल सकती है, जिससे यह शहरों से लेकर गांवों तक को प्रभावित करती है.

**ओजोन के हॉटस्पॉट और असर:** हर शहर में कुछ खास इलाके हैं जहां ओजोन का स्तर ज्यादा बढ़ता है. इन हॉटस्पॉट्स में प्रदूषण का असर और गंभीर होता है. ओजोन सांस की नली को नुकसान पहुंचाता है. अस्थमा और दमा जैसी बीमारियों को बढ़ाता है. बच्चों, बुजुर्गों व सांस की बीमारी वालों के लिए खतरनाक है. यह फसलों को भी नुकसान पहुंचाता है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ता है.

**समाधान क्या हो:** सीएसई की अनुमिता रॉय चौधरी कहती हैं कि अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह गंभीर संकट बन सकता है.इसके लिए जरूरी कदम हैं... वाहनों, उद्योगों और कचरा जलाने से निकलने वाली गैसों को कम करना होगा. शून्य उत्सर्जन वाहन और साफ ईंधन को बढ़ावा देना जरूरी है. ओजोन के स्तर को मापने के लिए और स्टेशन लगाने चाहिए, ताकि हॉटस्पॉट्स की पहचान हो सके. ओजोन क्षेत्रीय प्रदूषण है, इसलिए स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर मिलकर काम करना होगा. लोगों को इस प्रदूषण के बारे में बताना और साफ हवा के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित करना जरूरी है.

### शहरों में ओजोन का हाल

सीएसई की रिपोर्ट के मुताबिक, इस गर्मी (मार्च-मई 2025) में कई शहरों में ओजोन का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया. दिल्ली की रिपोर्ट पहले ही जारी हो चुकी है, इसलिए इस अध्ययन में उसे शामिल नहीं किया गया.

- बेंगलुरु : इस गर्मी में 92 दिनों में से 45 दिन ओजोन का स्तर मानक से ज्यादा रहा, जो पिछले साल की तुलना में 29% की बड़ी बढ़ोतरी है. होमबेगोड़ा नगर सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र रहा.
- मुंबई : 92 दिनों में 32 दिन ओजोन स्तर बढ़ा, जो पिछले साल की तुलना में 42% कम है. चकाला सबसे प्रभावित इलाका रहा.
- कोलकाता : 22 दिन ओजोन स्तर बढ़ा, जो पिछले साल की तुलना में 45% कम है. रवींद्र सरोवर और जादवपुर हॉटस्पॉट बने.
- हैदराबाद : 20 दिन ओजोन स्तर बढ़ा, जो पिछले साल की तुलना में 55% कम है. बोल्लारम सबसे ज्यादा प्रभावित रहा.
- चेन्नई : 15 दिन ओजोन स्तर बढ़ा, जो पिछले साल शून्य था. आलंदुर सबसे प्रभावित क्षेत्र रहा.
- इन शहरों में ओजोन का स्तर सिर्फ गर्मियों में नहीं,बल्कि सर्दियों और अन्य मौसमों में भी बढ़ रहा है, खासकर गर्म जलवायु वाले इलाकों में.

**पीएम को खरगे और राहुल गांधी ने लिखा पत्र, कहा-**

# जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए कानून लाया जाए

एजेंसियां। नयी दिल्ली

विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीए मोदी को पत्र लिखकर सरकार से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का आग्रह किया है. उन्होंने लिखा, हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह संसद के मानसून सत्र में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए विधेयक लाए. साथ ही हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए भी विधेयक लाए.

उन्होंने पत्र में लिखा, प्रधानमंत्री जी, पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर के लोग पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं. यह मांग जायज होने के साथ-साथ उनका संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार भी है. यह पहली बार है, जब किसी पूर्ण राज्य को उसके विभाजन के बाद केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया गया है.

**पीएम मोदी को वादे याद दिलाए:** पत्र में कहा गया, आपने स्वयं कई बार राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है. 19 मई 2024 को भुवनेश्वर में आपने कहा था कि राज्य का दर्जा बहाल करना हमारा वादा है. हम इस पर कायम हैं. 19 सितंबर 2024 को श्रीनगर में रैली में आपने दोहराया था कि हमने संसद में कहा है कि हम इस क्षेत्र का राज्य का दर्जा बहाल करेंगे. इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के सामने भी ऐसा ही आश्वासन दिया कि राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाएगा.

### झारखंड स्थापना दिवस पर सरकार ने 40 पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का किया ऐलान

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री पदक से नवाजे जाएंगे छह अधिकारी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को कुल 40 पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का ऐलान किया है. इनमें छह पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाएगा. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विशेष सेवाओं के लिए तीन अधिकारियों को झारखंड राज्यपाल पदक और वीरता के लिए तीन अन्य अधिकारियों को झारखंड मुख्यमंत्री पदक प्रदान किए जाएंगे. इसके अलावा, राज्य पुलिस की सराहनीय सेवा के लिए कई अन्य कर्मियों को झारखंड पुलिस पदक से नवाजा जाएगा.



इसके साथ ही, झारखंड पुलिस पदक से 31 पुलिसकर्मियों को उनकी सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा, जिनमें प्रमुख नाम हैं: आईजी सुनील भास्कर, एसपी विमल कुमार, एएसपी दीपक कुमार, एएसपी अजय कुमार, एएसपी राजेश कुमार, डीएसपी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर लव कुमार, इंस्पेक्टर विनोद कुमार, इंस्पेक्टर दीपक कुमार, इंस्पेक्टर रमाशंकर सिंह, इंस्पेक्टर विनय सिंह, एसआई अमीर तांती, एसआई नन्द कुमार भगत, एसआई जोएस पीटर खलखो, एएसआई समीर कुजूर, एएसआई जॉनसन कुजूर, हवलदार अमित प्रधान, हवलदार संजय कुमार, हवलदार नीतीश कुमार, हवलदार यदु प्रधान, हवलदार अमित कुमार, हवलदार रणजीत सिंह, हवलदार सुरेश रजक, हवलदार सरिता कुमारी, सिपाही रितेश थापा, सिपाही सिकंदर हजाम, सिपाही रंजीत राणा, सिपाही कालेप हांसदा, सिपाही वीरेंद्र पासवान, सिपाही इरफान अंसारी, सिपाही रागनी सिंह.

**इसके अलावा, वीरता के लिए मुख्यमंत्री पदक प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:** आईपीएस नरेंद्र कुमार सिंह, आईपीएस राकेश रंजन, डीएसपी प्रकाश सोए, एसआई शंकर कुशवाहा, एसआई राजबल्लभ कुमार, एसआई शिवलाल गुप्ता.

ये सम्मान उन सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की साहसिकता और समर्पण को मान्यता देने के लिए है, जिन्होंने अपने कार्यों से राज्य की सुरक्षा और व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

#### राज्यपाल पदक प्राप्त करने वाले अधिकारी

- प्रमात कुमार (पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, रांची)
- श्याम कुमार (पुलिस अधीक्षक, देवघर)
- मो नौशाद अली (पुलिस अधीक्षक, बोकारो)

#### मुख्यमंत्री पदक प्राप्त करने वाले अधिकारी

- नरेंद्र कुमार सिंह (पूर्व उपमहानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग, वर्तमान में मानवाधिकार विभाग के महानिरीक्षक, रांची)
- राकेश रंजन (पूर्व पुलिस अधीक्षक, चतरा, वर्तमान में एसपी, चाईबासा)

### धनरोपनी करते दिखे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल

# सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कर लिखी दिल की बात



**शुभम संदेश। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एक बार फिर अपनी जमीन से जुड़ी सादगी और मिट्टी से लगाव के लिए चर्चा में आ गये हैं. इस बार वह गिरिडीह जिले के कोदांईबांक स्थित अपने खेतों में खुद धान की रोपाई करते नजर आए. बाबूलाल मरांडी साधारण वेश भूषा में खेत में उतरे थे. उन्होंने खुद इससे जुड़ी तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा किया है. तस्वीर में वे पूरी तन्मयता से धान की बुआई करते दिख रहे हैं. इसके साथ उन्होंने एक संदेश भी लिखा है. उन्होंने कहा कि आज कोदांईबांक स्थित अपने खेत में धान की रोपाई की. खेतों में काम करना मुझे हमेशा आत्मिक संतोष और आनंद प्रदान करता है. कृषि हमें आत्मनिर्भरता के साथ-साथ जमीन से जुड़े रहने का भाव भी सिखाती है. उनका यह सरल और व्यवहारिक रूप एक बार फिर उनके जमीनी जुड़ाव को दर्शाता है. मरांडी इससे पहले भी कई बार सार्वजनिक रूप से खेती-किसानी से अपने लगाव का जिक्र कर चुके हैं.

# डीजीपी 18 जुलाई को करेंगे छह समितियों के कार्यों की समीक्षा

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता शुक्रवार 18 जुलाई को झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे. इस बैठक में वह डिजिटल इंवेस्टिगेशन सहित उन छह समितियों की अब तक के कार्यों की समीक्षा करेंगे, जिनका गठन गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सफल कार्यान्वयन के लिए किया है.

#### इन समितियों की होगी समीक्षा और ये अधिकारी होंगे बैठक में शामिल

**डिजिटल इंवेस्टिगेशन कमेटी :**
- अध्यक्षः आईजी सीआईडी.
- सदस्यः निदेशक आईटी विभाग.
- सदस्यः स्टेट इंफॉर्मेशन ऑफिसर.
- सदस्यः डीएसपी कुमार विनोद.

**ट्रेनिंग कमेटी**
- अध्यक्षः एडीजी ट्रेनिंग.
- सदस्य सचिवः झारखंड पुलिस अकादमी के निदेशक.
- सदस्यः आईजी ट्रेनिंग.
- सदस्यः डीआईजी जंगल वारफेयर स्कूल.
- सदस्यः एसपी आईटीएस.
- सदस्यः एसपी सीटीसी मुसाबनी.
- सदस्यः डीएसपी रोहित कुमार साव.

**फाइनेंशियल कमेटी**
- अध्यक्ष : विशेष सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग.
- सदस्य सचिवः डीआईजी बजट.
- सदस्यः आईजी प्रोविजन और जैप 1 कमांडेंट.

**टेक्निकल अपग्रेडेशन कमेटी**
अध्यक्षः एडीजी वायरलेस.
सदस्यः सभी जोनल आईजी.
सदस्य सचिवः डीआईजी वायरलेस.
सदस्यः वायरलेस डीएसपी.

**पब्लिक अवेयरनेस कमेटी**
- अध्यक्षः एडीजी जैप.
- सदस्य सचिवः जैप 10 कमांडेंट.
- सदस्यः आईपीआरडी (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) द्वारा नामित प्रतिनिधि.
- सदस्यः डीएसपी अर्चना स्मृति खलखो.

**लीगल कमेटी :**
- अध्यक्षः डीजी सीआईडी.
- सदस्य सचिवः आईजी जेल और आईजी सीआईडी.
- सदस्यः प्रधान सचिव विधि विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के नामित सदस्य.
- सदस्यः डीएसपी चंद्रशेखर.

### भाई का श्राद्ध करके लौटे मंत्री योगेंद्र प्रसाद एक्शन में

# विभाग का किया औचक निरीक्षण गायब मिले विभाग के सात कर्मचारी



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड राज्य के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद बुधवार को एक्शन मोड में दिखे. अपने भाई के श्राद्ध कार्यक्रम से लौटते ही उन्होंने नेपाल हाउस स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और फाइलों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने पाया कि कुछ कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे और कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे. उन्होंने इस पर कड़ा एक्शन लेते हुए कुल 7 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा और साथ ही उन्होंने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं.
उन्होंने कहा, जनता को पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि ऑफिस में समयबद्ध उपस्थिति और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कठोर अनुशासन लागू किया जाएगा. साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि काम में अनावश्यक देरी, फाइलों को रोकने और जिम्मेदारियों से बचने जैसी प्रवृत्तियों पर पूर्ण रोक लगाई जाए. विभाग को शून्य सहनशीलता की नीति के साथ कार्य करना होगा

### इस माह के अंत तक छात्रों को साइकिल मिले: चमरा लिंडा



**रांची ।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा इनदिनों एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. विद्यार्थियों को लेकर वह किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है. उन्होंने बुधवार को सरकारी स्कूलों के कक्षा आठ में पढ़नेवाले तीन लाख विद्यार्थियों को इस माह के अंत तक साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. कंपनी द्वारा साइकिल कलस्टर सेंटर तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. ऐसे में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर साइकिल जल्द विद्यालयों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है. मंत्री ने इस माह के अंत तक सभी बच्चों को साइकिल मिल जाए, इसे सुनिश्चित करने को कहा है. दरअसल हर साल राज्य सरकार की ओर से आठवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाती है. बता दें कि तीन दिन पहले ही मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण कॉम्प्लेक्स में एक बैठक आयोजित की थी. बैठक में मंत्री लिंडा ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और निर्बाध रूप से मिले. उन्होंने विशेष रूप छात्रवृत्ति योजना और साइकिल वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की थी. मंत्री चमरा लिंडा ने निर्देश दिया कि जिन जिलों में छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध है, वहां लंबित भुगतान को शीघ्र निष्पादित किया जाए. मंत्री लिंडा ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी. सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर ज़मीन पर उतारने के लिए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए.

## एक नजर

### सांसद आदित्य साहू ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात, गुरुजी के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जाना. आदित्य साहू के साथ में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ,विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदीप प्रसाद ,पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिंह,मनोज दुबे उपस्थित थे.

### दुमका कोर्ट में पेश हुए मंत्री संजय यादव बोले- यहां भाजपा का एजेंडा नहीं चलेगा



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री संजय प्रसाद यादव बुधवार को दुमका के एमपी एमएलए कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे. दरअसल 2014 विधानसभा चुनाव के दौरान गोड्डा के पथरगामा थाना में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन मामले में यह पेशी थी. कोर्ट परिसर के बाहर उन्होंने मीडिया से बातचीत की. उन्होंने कहा कि भाजपा के पास विकास का कोई विजन नहीं है. जब चुनाव आएगा तो सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठ, मंदिर-मस्जिद और हिंदुस्तान-पाकिस्तान का ही मुद्दा रहता है, लेकिन इस बार इनलोगों का कुछ चलनेवाला नहीं है.उन्होंने कहा कि जिस तरह झारखंड के लोगों ने बीते विधानसभा चुनाव हमें बड़ा जनादेश दिया. किसी तरह की बात की यहां की जनता ने परवाह नहीं की. न बांग्लादेशी घुसपैठ और न ही हिंदू-मुस्लिम. उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की यही खूबसूरती है कि यहां सभी धर्म, संप्रदाय के लोग मिल-जुलकर रहते हैं. जिस तरह से झारखंड की जनता ने भाजपा को जवाब दिया है उसी तरह बिहार की जनता भी उन लोगों को इस बार जवाब देगी. वहां तेजस्वी यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी. राजद नेता संजय प्रसाद ने बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के संबंध में कहा कि किसी तरह की कोई संशय नहीं है. हम सब भाई हैं और सभी मिल जुल कर चुनाव लड़ेंगे.

### झारखंड में तेजी से हो रहे विकास कार्यों से घबरा गई है भाजपा और इसके नेता: कांग्रेस

**रांची।** कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में हो रहे विकास कार्यों को भाजपा नेता आंख बंद करके देख रहे हैं, इसीलिए उन्हें राज्य में कोई प्रगति नजर नहीं आ रही. उन्होंने कहा कि भाजपा केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही है और प्रभारी अभियंताओं को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि सभी विभागों में योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है.सोनाल शांति ने बताया कि पथ निर्माण, भवन निर्माण, जल संसाधन और ग्रामीण कार्य विभागों में 5 करोड़ से अधिक की योजनाओं पर समयबद्ध ढंग से डीपीआर से लेकर टेंडर प्रक्रिया और निगरानी तक सभी कार्य हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास कार्य ठप पड़े थे, रघुवर दास सरकार में रांची में फ्लाईओवर की बात भी नहीं हुई, जबकि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में फ्लाईओवर और इनर रिंग रोड जैसी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता का ध्यान भटकाने के लिए 'स्थायी' और 'प्रभारी' अभियंता जैसे मुद्दों को उछाल रही है. भाजपा न विकास की बात करती है, न रोजगार की. जब जनता सवाल पूछती है, तो इसके नेता धर्म की राजनीति में उलझा देते हैं. भाजपा की नीति और नीयत दोनों में खोट है और यह पार्टी धार्मिक मुद्दों को ही अपना राजनीतिक हथियार मानती है.



### मंत्री इरफान अंसारी को नहीं मिली पेशी से छूट


**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की व्यक्तिगत पेशी से छूट वाली याचिका पर रांची सिविल कोर्ट ने फैसला सुना दिया है. 7 जुलाई को इस केस से जुड़े सभी पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. कोर्ट ने इरफान अंसारी को व्यक्तिगत पेशी से छूट देने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है. दरअसल भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता और योग प्रशिक्षक राफिया नाज ने वर्ष 2020 में इरफान अंसारी पर अपमानजनक टिप्पणी और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए अदालत में शिकायतवाद दर्ज करायी थी. जिसपर एमपी-एमएलए कोर्ट ने इरफान अंसारी पर मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान कर दी है.

### रिनपास मरीज मौत मामला : पूर्व निदेशक जयती सिमलई की बढ़ सकती है मुश्किलें

# गवाह ने कहा- गाड़ी के धक्के से ही हो सकते हैं ऐसे जख्म

**शुभम संदेश। रांची**

रिनपास की पूर्व निदेशक जयति शिमलई की मुश्किलें थोड़ी बढ़ सकती हैं. मरीज की मौत से जुड़े मामले में एक गवाह ने कोर्ट में यह बयान दिया है कि मरीज की मौत का कारण कार से टक्कर भी हो सकती है. दरअसल रिनपास में एक मरीज की संदेहास्पद मौत के बाद तत्कालीन निदेशक जयति शिमलइ के विरुद्ध रांची सिविल कोर्ट में कंप्लेन केस दर्ज किया गया है, जिसमें एक-एक कर गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. इस केस की प्रमुख गवाह लावनिया एक्का ने कोर्ट में दिए अपने बयान में कहा है कि उन्होंने ही 14 अप्रेल 2022 को मृतका तेरु निशा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट 919/2022 तैयार की थी. यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट बिना किसी भय या दबाव में बनाया गया था. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्शाए गए और जिक्र किए गए जख्म किसी गाड़ी से धक्का लगने पर भी हो सकते हैं.




**सिमलई को क्लीन चिट देने के खिलाफ कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका की गई है दाखिल:** बता दें कि मरीज की मौत के मामले में पुलिस द्वारा कोर्ट में फाइनल फॉर्म दाखिल करने और उसमें जयति शिमलइ को क्लीन चिट दिए जाने के खिलाफ इस केस के सूचक सोनू मुंडा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उसने इसको लेकर कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दाखिल की है. इस प्रोटेस्ट याचिका पर कोर्ट कंप्लेन केस की तरह सुनवाई कर रहा है .सोनू मुंडा की ओर से अधिवक्ता ईशान रोहन तिवारी पक्ष रख रहे हैं.

#### सिमलई की गाड़ी की चपेट में आने महिला हुई थी घायल

दरअसल वर्ष 2022 के अप्रैल महीने में रिनपास की एक महिला मरीज की रिम्स में मौत हो गई थी. मरीज की मौत के बाद रिनपास ने यह कह दिया कि महिला करंज के पेड़ से गिर गई थी. रिम्स में पुलिस को दिए बयान में कहा रिनपास की नर्सिंग स्टाफ सिस्टर मुनुरेन बारला ने यह बताया था कि विक्षिप्त महिला पेड़ से गिर गई थी. उसे रिम्स में लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जबकि रिनपास के तत्कालीन निदेशक डॉ. सुभाष सोरेन ने कहा कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जयति सिमलई से स्पष्टीकरण मांगा था. उनका स्पष्टीकरण मिला भी, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी गाड़ी की चोट से महिला घायल हुई थी. जिसके बाद उसे रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है.

### जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामला

# हाईकोर्ट सख्त, परिणामों पर रोक बरकरार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 19 अगस्त 2025 तय की है. इस केस में याचिकाकर्ताओं ने सीबीआई जांच की मांग की है, ताकि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके.

**कोर्ट ने परिणामों पर रोक बरकरार रखी:** फिलहाल झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के परिणामों पर रोक लगा रखी है. यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कोर्ट अगली सुनवाई में कोई फैसला नहीं लेता. इससे हजारों परीक्षार्थियों का इंतजार लंबा हो गया है, लेकिन कोर्ट का ध्यान पेपर लीक के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच पर केंद्रित है.

**सीआईडी की जांच अंतिम चरण में:** इससे पहले की सुनवाई में राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि कई अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है और सीआईडी की जांच अंतिम चरण में है. मंगलवार को यह मामला कोर्ट में सूचीबद्ध था, लेकिन किसी कारणवश सुनवाई नहीं हो सकी.



#### जेपीएससी नियुक्ति घोटाला: अगली सुनवाई 4 अगस्त को

इसी बीच झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की पहली सिविल सेवा नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े चर्चित घोटाले में भी कानूनी कार्यवाही जारी है. इस केस में चार आरोपियों—रवींद्र गगराई, डॉ. ज्योति कुमार सिन्हा, विजेंद्र कुमार और राजेश कुमार सिंह—ने कोर्ट में पेशी से छूट की अर्जी दी थी. मंगलवार को सीबीआई की विशेष अदालत में इस याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई, जिसमें आरोपियों ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा. अदालत ने यह मांग स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 4 अगस्त 2025 तय की है.

**क्यों है मामला अहम**

यह मामला राज्य की प्रतिष्ठित नियुक्ति प्रणाली में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से जुड़ा है. आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इसकी सीबीआई जांच कराई गई, जो अब न्यायालय की निगरानी में आगे बढ़ रही है.

### सांत्वना | पूर्णिया में 5 आदिवासियों की हत्या के पीड़ित परिवारों से मिले सांसद विजय हांसदा

# मंत्री रामदास सोरेन ने खाद्य सामग्री का किया वितरण

**शुभम संदेश। रांची**

बिहार के पूर्णिया के टेटगामा में डायन के संदेह पर एक ही आदिवासी परिवार के 5 लोगों को जिंदा जलाने की घटना हो जाने के बाद झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, झामुमो पार्टी केंद्रीय सचिव व प्रवक्ता पंकज मिश्रा और जिलाध्यक्ष अरुण सिंह, संजीव शामू हेंब्रम, संजय गोस्वामी और राजाराम मरांडी पीड़ित परिवार का हाल जानने पूर्णिया पहुंचे. इस दौरान मंत्री पूरे काफिले के साथ उनके गांव पहुंच कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली एवं पीड़ित परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण भी किया. सांसद विजय हांसदा ने कहा कि जो लोग इसमें संलिप्त हैं और पूरे गांव को



दिग्भ्रमित करने का काम किये हैं उनको सजा मिले. और समाज को फिर से आम जीवन की तरफ ध्यान खींचने के लिए डायन प्रथा के विषय में लोगों को सही शिक्षा देने की जरूरत है. और झारखंड सरकार की तरफ से हरसंभव मदद का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने कहा कि हमें झारखंड सरकार के निर्देश पर यहां भेजा गया है और पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री देने का निर्देश भी दिया गया है.

प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा कि यह काम कोई आदिवासी कर ही नहीं सकता, हमें इसके पीछे जाना होगा. पेट्रोल की व्यवस्था, ट्रेक्टर की व्यवस्था, जेसीबी की व्यवस्था यहां तो किसी आदिवासी के पास न ट्रेक्टर है इस गांव में न जेसीबी है. तो तुरंत लाश जलाना तुरंत को ठिकाने लगाना ट्रेक्टर और जेसीबी से तुरंत पेट्रोल उपलब्ध हो जाना इसके पीछे एक बहुत बड़ी साजिश है, यहां के आदिवासिओं को कुचलने के लिए. इसलिए हम बिहार सरकार से मांग करते हैं कि आप समय रहते इसके जड़ में जाइए कि आखिर इसके मुख्य दोषी कौन हैं. यहां के गांव के लोगों को तो दिग्भ्रमित किया गया. चूंकि अशिक्षा का अभाव है लेकिन दिग्भ्रमित करने वाले लोग कौन हैं. कौन हैं जो ट्रेक्टर पहुंचाएं कौन हैं जो जेसीबी उपलब्ध कराए जो लाश छुपाने का काम कियें, जो पेट्रोल दिए वैसे लोगों को चिन्हित करके तत्काल पहले उनपर कार्रवाई होना चाहिए. और इस गांव के लोग जो पलायन हुयें हैं, हम प्रशासन और यहां की सरकार से मांग करते हैं कि यहां के लोगों को पुनः स्थापित करके और एक आपस में पीड़ित परिवार और गांव के बीच में एक बैठक कराकर समन्वय की व्यवस्था की जाये और जब तक व्यवस्था नही होती तब तक इस गांव की सुरक्षा यहां की प्रशसन करेगी.

झारखंड सरकार के निर्देश पर पूर्णिया पहुंचे शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि हमें इस स्थल का जायजा लेने भेजा गया है और और इस पूरे घटना की रिपोर्ट लेने के लिए हम पहुंचे हैं. ताकि इस शर्मनाक घटना के बारे में झारखण्ड सरकार को बतायी जा सके. उन्होंने कहा कि यह घटना बेइद ही दुखदायी है डायन के नाम पर 5 लोगों को मार देना बहुत ही चिंताजनक है और खासकर आदिवासी समाज में ऐसी घटनाएं हो जाना. इस पर एक निष्पक्ष रूप से विशेष जांच की जानी चाहिए. ताकि इस अंधविश्वास को खत्म किया जा सके और इसके लिए गांव को शिक्षित किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है.

बता दें कि बीते कुछ दिनों पूर्व पूर्णिया में एक आदिवासी परिवार के 5 लोगों की हत्या डायन होने के आरोप में कर दी गई थी। जिसके बाद यह मामला काफी काफी दिनों तक चर्चा में रहा। यह शर्मनाक घटना बिहार में अन्धविश्वास के रूप को दर्शाती है जो आज भी समाज में फैली हुई है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 17 जुलाई 2025 I श्रावण कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 100 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


# विकास की पोल खोलता जलजमाव, पलामू सांसद का घर तक पानी में डूबा

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू में इन दिनों भारी बारिश के बाद उत्पन्न जलजमाव की स्थिति ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र की तथाकथित विकास योजनाओं की सच्चाई को उजागर कर दिया है. जलजमाव का आलम यह है कि खुद पलामू सांसद वीडी राम का आवास भी पानी में डूब गया है. यही नहीं, चैनपुर, रेड़मा, समदा अहरा, झरना टोला और भगवती अस्पताल के पास स्थित कई घरों में घुटनों से ऊपर पानी भर गया है. भाकपा के नेता रुचिर तिवारी ने इसे विकास का झूठा फल बताते हुए पूर्व मेयर, विधायक और सांसद पर सीधा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में जल निकासी की कोई योजना कभी बनी ही नहीं. केवल तालाबों का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कर दिखावटी काम किए गए, लेकिन बरसात के पानी के निकासी को लेकर न तो कोई योजना बनाई गई और न ही कोई काम हुआ. भाकपा नेता रूचिर तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदारों से मिलकर जनप्रतिनिधियों ने विकास के नाम पर खुली लूट मचाई. उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े नालों और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को अतिक्रमण कर पक्के मकान बना दिए गए. नगर निगम की मिलीभगत से गुरुसूती, टेड़वा जैसी नदियों और पनेरी बांध के तालाबों तक को कब्जा लिया गया. भाजपा नेत्री सह पूर्व मेयर अरुणा शंकर पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बड़ा तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर पानी निकासी का रास्ता बंद करने की कोशिश की, जिसे मछुआरों के आंदोलन के बाद रोका गया. इसी प्रकार चैनपुर में तालाबों को पाट दिया गया और उनके स्थान पर निर्माण कार्य कर दिया गया. उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि नगर निगम क्षेत्र का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो यह स्थिति और भयावह हो सकती है. अब समय आ गया है कि सरकार, प्रशासन और सभी राजनीतिक दल इस गंभीर मुद्दे को गंभीरता से लें, अवैध अतिक्रमण हटाएं और जल निकासी की समुचित योजना बनाकर उसे ईमानदारी से लागू करें, ताकि भविष्य में शहर को ऐसी त्रासदी से बचाया जा सके.



**एक नजर में**

- गुरसूति नदी के पूल पर वाहनों का परिचालन बंद करने का निर्देश. डीसी समीरा एस ने दिया निर्देश.
- भारी बारिश को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी आम लोगों से नदियों के किनारे नही जाने का किया आग्रह. बारिश के हालात को लेकर डीसी समीरा एस ने बुलाई हाई लेवल की बैठक.

**निचले इलाकों में भारी तबाही**

पलामू के निचले इलाके में भारी तबाही मचाई है. दर्जनों घरों में पानी घुस गया है. पलामू से होकर बहने वाली कोयल, औरगा और अमानत नदियां उफान पर हैं. कई इलाकों में नदी का पानी मुख्य सड़क पर आ गया है. जबकि निचले इलाके में दर्जनों घरों के डूबने की जानकारी है.


**सभी स्कूलों को बंद रखने का मिला निर्देश :** भारी बारिश के कारण पलामू के कई ग्रामीण इलाके मुख्यालय से कट गए हैं. डीसी समीरा एस ने बुधवार के साथ गुरुवार को भी स्कूल बंद करने का निर्देश दिया है. हाई लेवल कमेटी में पलामू डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत कई टॉप अधिकारी मौजूद थे.

**भारी बारिश से कई घरों में घुसा पानी**

इधर, अगर पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर की बात करें तो यहां नीचे इलाके में सबसे अधिक तबाही मची है. कोयल नदी से सटे हुए नावाटोली और पहाड़ी मोहल्ला के इलाके में घरों में पानी घुस गया है. हनुमान नगर और पोखराहा इलाके में दर्जनों घर डूब गए हैं. घरों में पानी घुसने के बाद हनुमान नगर के लोगों ने कुछ देर के लिए डालटनगंज-पांकी रोड को जाम भी कर दिया था. हालांकि बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से यह जाम हटा लिया गया.मेदिनीनगर में ही पुलिस लाइन के पास पानी के तेज बहाव में एक कार बह गई. समाचार लिखे जाने तक पलामू में तेज बारिश जारी थी. वहीं, अमानत नदी खतरे के लाइन से ऊपर बह रही. पलामू में बारिश के हालात को देखते हुए स्कूलों को बंद कर दिया गया है. बुधवार सुबह स्कूल की तरफ से परिजनों को जानकारी दी गई कि स्कूल बंद रखा गया है. इधर, बारिश के हालात को देखते हुए पलामू पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने लोगों से बारिश के दौरान किसी भी तरह की मदद के लिए 112 नंबर और 7070452955 को डायल करने के लिए कहा है. पलामू पुलिस ने जिले के निचले इलाकों में अपनी निगरानी भी शुरू कर दी है.



## लातेहार-महुआडांड़ सड़क पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन



**लातेहार।** जिले के लातेहार-महुआडांड़ सड़क पर बारेसांड घाटी में भूस्खलन हो गया। भूस्खलन के कारण सड़क गाड़ियों का आवागमन पूरी तरह रुक गई है. यह रास्ता लातेहार और पलामू को महुआडांड़ के रास्ते से छत्तीसगढ़ को जोड़ती है. भूस्खलन के कारण बड़ी संख्या में लोग सड़क पर फंस गए हैं. हालांकि सूचना मिलने के बाद प्रशासन के द्वारा सड़क की सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार लातेहार जिले में पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण बुधवार को अचानक बारेसांड घाटी में पहाड़ी का एक भाग टूट कर सड़क पर आ गिरा. इस कारण सड़क पर आवागमन बंद हो गया. हालांकि भूस्खलन की इस घटना में कोई हताहत या कोई घायल नहीं हुआ. अचानक पहाड़ी को टूटकर सड़क पर गिरने के कारण सड़क पर यात्रा कर रहे लोग बीच सड़क में ही फंस गए. स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस समय भूस्खलन हुआ,उस समय घटनास्थल पर कोई भी गाड़ी नहीं थी. हालांकि थोड़ी देर में ही भूस्खलन के दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई. यदि कोई गाड़ी भूस्खलन की चपेट में आ जाती तो स्थिति भयावह हो जाती. लोगों ने बताया कि यह सड़क महुआडांड़ के रास्ते से सीधा छत्तीसगढ़ को जोड़ती है. वहीं इस रास्ते के माध्यम से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट,लोध फॉल,सुग्गा बांध सहित अन्य स्थानों पर घूमने के लिए भी लोग जाते हैं. इसी कारण यह सड़क काफी व्यस्त रहती है.

### गोड्डा रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण कार्य सवालों के घेरे में

## बारिश में ढह गई नवनिर्मित चहारदीवारी

शुभम संदेश। गोड्डा



गोड्डा रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है. स्टेशन परिसर के चारों ओर हाल ही में तैयार की गई नवनिर्मित चारदीवारी लगातार हो रही बारिश के चलते भरभरा कर ढह गई। पानी के तेज बहाव में दीवार का बड़ा हिस्सा बह गया, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. गौरतलब है कि यह दीवार हाल ही में निर्माण कार्य के तहत बनाई गई थी, और अभी यह पूरी तरह से स्टेशन को घेर भी नहीं पाई थी कि कुछ ही दिनों की बारिश में इसका ढांचा ढह गया. घटना से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है.

वहां मौजूद कई स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दीवार निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था. उनका कहना है कि निर्माण में सीमेंट, ईंट और रेत की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिसके कारण दीवार थोड़ी सी बारिश में ही पानी में समा गई. इस घटना से संभावित भ्रष्टाचार और लापरवाही की बू आने लगी है. लोगों की मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए. रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक इस पर कोई औपचारिक बयान नहीं आया है, लेकिन घटना ने साफ कर दिया है कि सौंदर्यीकरण की चमक के पीछे निर्माण में गड़बड़ियां छिपी हुई हैं. इस तरह की लापरवाही भविष्य में यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकती है. फिलहाल स्टेशन परिसर में नुकसान की समीक्षा की जा रही है और दीवार के मलबे को हटाने का कार्य जारी है.

## राज्य सरकार का बड़ा फैसला...दलमा शिव मंदिर में अब नहीं लगेगा एंट्री शुल्क

शुभम संदेश। जमशेदपुर

सावन माह में दलमा शिव मंदिर जाने वाले भक्तों के लिए राहत की खबर है. राज्य सरकार ने बुधवार को फैसला किया है कि सावन भर किसी भी श्रद्धालु से एंट्री शुल्क नहीं लिया जाएगा. इस निर्णय के बाद हिंदू संगठनों और भाजपा की ओर से चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शन समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है. वन विभाग के डीएफओ शब्बा आलम ने बताया कि सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश मिला है कि दलमा वन आश्रयणी के रास्ते भगवान शिव के दर्शन के लिए जाने वाले किसी भी भक्त से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा. श्रद्धालु चाहे पैदल यात्रा करें या वाहन से जाएं, किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगेगा. डीएफओ ने कहा कि यह आदेश बुधवार से ही प्रभावी हो गया है. राज्य सरकार ने भक्तों की सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया है. किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें. वन विभाग ने दलमा शिव मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए पूरी तैयारी कर ली है. गौरतलब है कि सावन के पहले सोमवार से ही दलमा मंदिर में प्रवेश शुल्क लगाने का विरोध शुरू हो गया था. हिंदू संगठनों और भाजपा ने इसे आस्था पर कर बताते हुए जजिया कर करार दिया था और सरकार से तत्काल शुल्क हटाने की मांग की थी. अब सरकार के इस फैसले से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है.

## कोडरमा में बड़ा ट्रेन हादसा टला, 3 बजे तक चला राहत व बचाव कार्य

शुभम संदेश। कोडरमा

मंगलवार देर रात को धनबाद के झुमरी तिलैया पूर्व मध्य रेलवे में एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई. लगातार तेज़ बारिश होने के कारण बसकटवा और यदुग्राम स्टेशन के बिच भूस्खलन हो गया. जिसके बाद से ट्रेन्स का आवा जाहि बंद कर दिया गया. रात को लगभग 11 बजे तक भूस्खलन होने की सुचना धनबाद के सामान्य नियंत्रण कार्यालय से दी गई. घटना की सुचना मिलते ही राहत बचाव कारी घटना स्थल पर पहुच गए और साथ ही उस ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी भी ट्रेन की सुरक्षा के लिए पहुच गए. कर्मचारी के साथ साथ सुरक्षा बल के उप निरीक्षक



जितेन्द्र कुमार और गझंदी क्षेत्र के रेल के अधिकारी सब भी घटना पर मौजूद रहे थे.

राहत का काम बुधवार 3 बजे तक चला था. भारी बारिश होने के बाद भी राहता के काम को नहीं रोका गया और वहां मौजूद कर्मचारियों ने भी बताया की जब तक काम चला तब तक उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार और गझंदी क्षेत्र के रेल के अधिकारी सब भी घटना पर मौजूद रहे थे.

### झारखंड के सरकारी स्कूलों को मिलेंगे 8200 नए शिक्षक

## एक-शिक्षक वाले स्कूलों को मिलेगी प्राथमिकता

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के सरकारी स्कूलों में जल्द ही शिक्षकों की बड़ी भर्ती होने जा रही है. राज्य के स्कूलों को लगभग 8200 नए शिक्षक मिलने वाले हैं, जिनमें 5600 प्राथमिक शिक्षक (कक्षा 1 से 5 तक) और 2600 विज्ञान शिक्षक (कक्षा 6 से 8 तक) शामिल हैं. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने जानकारी दी है कि इन शिक्षकों का परिणाम आगामी 15 दिनों के भीतर जारी कर दिया जाएगा. प्राथमिक शिक्षकों की अधिकतर नियुक्ति उन स्कूलों में की जाएगी जहां वर्तमान में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत है. बच्चों की संख्या को ध्यान में रखते हुए वहां एक या दो शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे. शिक्षकों की तैनाती जिला स्तर पर की जाएगी. जेएसएससी ने शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह को सूचित किया है कि 2600 विज्ञान शिक्षकों का परिणाम अगले सप्ताह, जबकि 5600 प्राथमिक शिक्षकों का परिणाम उसके 10 दिनों के भीतर जारी कर दिया जाएगा. परिणाम घोषित होने के एक माह के भीतर दस्तावेज सत्यापन और पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी. किस जिले में कितने शिक्षकों की आवश्यकता है, इसकी जानकारी जेएसएससी द्वारा शिक्षा विभाग को दी जाएगी.



**शिक्षक नियुक्ति के लिए तीन प्रमुख आधार तय किए गए हैं**

**एक-शिक्षक स्कूलों को प्राथमिकता :** राज्य में ऐसे करीब 8500 स्कूल हैं, जहां सिर्फ एक ही शिक्षक है. इन स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात को सुधारने के उद्देश्य से पहले नियुक्ति की जाएगी.

**जहां ड्रॉपआउट की संख्या अधिक है :** जिन स्कूलों में बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर अधिक है, वहां भी नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी. विभाग का मानना है कि शिक्षक की कमी, ड्रॉपआउट का एक मुख्य कारण है.

**छात्र-शिक्षक अनुपात का असंतुलन :** उन स्कूलों में जहां छात्रों की संख्या के मुकाबले शिक्षक बहुत कम हैं, वहां भी इस भर्ती के माध्यम से संतुलन लाया जाएगा.

### दिउड़ी मंदिर सौंदर्यीकरण पर बवाल, ग्रामीणों का विरोध

## पुलिस से टकराव के बाद काम फिर शुरू

शुभम संदेश। रांची



रांची के तमाड़ स्थित प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई. जैसे ही निर्माण कार्य शुरू हुआ, बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं, विरोध जताने मंदिर परिसर पहुंच गईं. इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों के बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया. विरोध तेज होता देख मंदिर परिसर कुछ समय के लिए रणक्षेत्र बन गया, जहां रैपिड एक्शन फोर्स के महिला और पुरुष जवानों की स्थानीय महिलाओं से तीखी झड़प हो गई.

स्थिति को बिगड़ता देख बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा, एसडीपीओ ओम प्रकाश, तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया. इसी दौरान, अगवा नेता पूर्णचंद्र सिंह मुंडा को पुलिस ने एहतियातन हिरासत में लिया, लेकिन उनकी गिरफ्तारी से ग्रामीण और अधिक आक्रोशित हो गए. बाद में स्थिति को संभालते हुए पुलिस ने नेता को छोड़ दिया. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से मंदिर परिसर के आसपास दुकानें लगाते आ रहे हैं, और उन्हें इस बात की चिंता है कि सौंदर्यीकरण के बाद उनकी दुकानें हटा दी जाएंगी. साथ ही, वे इस बात को लेकर भी आश्वस्त नहीं हैं कि बाद में उन्हें दोबारा दुकानें मिलेंगी या नहीं. यही कारण है कि वे इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहे हैं. प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई और सौंदर्यीकरण का कार्य दोबारा शुरू किया गया. सावधानी के तौर पर मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, और कार्य प्रशासन की निगरानी में जारी है.

एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने स्पष्ट किया कि दिउड़ी मंदिर झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां देशभर से श्रद्धालु आते हैं, लेकिन मंदिर में अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव रहा है. इसलिए सरकार ने इस स्थान के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है. उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय दुकानदारों की चिंता को समझते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पुनः दुकानें दी जाएंगी. विशेष रूप से उन्हें जो वर्षों से वहां व्यापार कर रहे हैं. 8 करोड़ रुपये की स्वीकृत योजना के तहत मंदिर परिसर में पक्की दुकानें, धर्मशाला, मैरिज हॉल, और अन्य जन उपयोगी सुविधाएं बनाई जाएंगी, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. फिलहाल प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बनी सहमति के बाद कार्य शांति से जारी है, और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रशासन ने विरोध की आशंका को भांपते हुए पहले से ही पूरी तैयारी कर रखी थी. प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समझाया, और अंततः सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ हो सका.

## एसयूवी से 500 लीटर स्पिरिट बरामद

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद की दंगवार ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वेस्ट बंगाल नंबर की एसयूवी कार (डब्लूबी24आर 9007) से 500 लीटर स्पिरिट बरामद की गई. स्प्रिट कहा ले जाई जा रही थी, इसके लिए कार सवार से पूछताछ की जा रही है. जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने बुधवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वाहन में लदी स्पिरिट को बिना वैध दस्तावेज़ को ले जाई जा रही है. त्वरित कार्रवाई करते हुए दंगवार ओपी चेकपोस्ट के पास एक वाहन को रोका गया. जांच के क्रम में महिंद्रा एसयूवी से 500 लीटर स्पिरिट बरामद की गई.

## झारखंड में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, रांची समेत 6 जिलों में भारी बारिश

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है. मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के छह जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है, जिससे अगले 24 से 48 घंटे के भीतर मूसलाधार बारिश की संभावना जताई गई है.

**किन जिलों में ऑरेंज अलर्ट :** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में भारी वर्षा की संभावना है. इन जिलों में 16 जुलाई को मूसलाधार बारिश के साथ-साथ तेज हवाओं और वज्रपात की भी आशंका है.

**आज के लिए येलो अलर्ट जारी :** 17 जुलाई के लिए मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. इन क्षेत्रों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है.

**रांची समेत इन जिलों में रहेगा बादलों का डेरा :** राज्य की राजधानी रांची, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा और देवघर में बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर रुक-रुक कर मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिल सकती है.

## शिव मंदिर में नंदी बाबा ने पिया दूध, श्रद्धालुओं की लगी लाइन?

शुभम संदेश। जमशेदपुर




सावन के पवित्र महीने में परसुडीह स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार की रात एक अद्भुत और रहस्यमय घटना सामने आई. यहां श्रद्धालुओं द्वारा नंदी बाबा की प्रतिमा पर अर्पित किया गया दूध धीरे-धीरे अदृश्य होता दिखाई दिया. इस घटना को भक्तों ने चमत्कार मानते हुए ईश्वर की विशेष कृपा का संकेत बताया है.

जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई की रात श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में नंदी बाबा को दूध चढ़ाया. उनका कहना है कि प्रतिमा पर अर्पित किया गया दूध नंदी बाबा द्वारा ग्रहण किया गया, जिसे भक्त देख आश्चर्यचकित रह गए. खबर फैलते ही रात में ही सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे. मंदिर परिसर 'हर हर महादेव' और 'नंदी बाबा की जय' के जयकारों से गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने दीप जलाए, पुष्प अर्पित किए और नंदी बाबा के दर्शन कर इस अद्भुत दृश्य का साक्षी बनने लगे. अब बुधवार की सुबह से भोले नाथ और उनके सवारी नंदी की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग गई.

मंदिर समिति के सदस्यों ने भी इसे असाधारण घटना मानते हुए कहा कि सावन माह में भोलेनाथ और नंदी बाबा की विशेष कृपा क्षेत्रवासियों पर बरस रही है. इस घटना को लेकर लोगों में गहरी श्रद्धा, आस्था और उत्सुकता देखी जा रही है. भक्त इसे सावन के महीने में परसुडीह की धरती पर भगवान शिव की उपस्थिति और आशीर्वाद का संकेत मान रहे हैं. मंदिर के पुजारी आरके मिश्रा ने भी मंदिर में नंदी बाबा के दूध पीने की पुष्टि की है.

### हजारीबाग में पुल के नीचे मिला रिटायर फौजी का शव

## गांव में मातम, गुस्से में लोग

शुभम संदेश। हजारीबाग



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडई कला गांव बुधवार को उस वक्त सन्नाटे में डूब गया, जब गांव के ही रिटायर्ड फौजी अर्जुन सिंह का शव गांव के पास एक पुल के नीचे नदी में बाइक समेत बरामद किया गया. मृतक अर्जुन सिंह कारगिल युद्ध में सेवा दे चुके थे. परिजनों ने बताया कि अर्जुन सिंह मंगलवार की शाम से लापता थे. देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू हुई. बुधवार सुबह पुल के नीचे उनका शव पड़ा मिला, जिससे गांव में हड़कंप मच गया. मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर दल-बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया. मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे परिजन इसे सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या बता रहे हैं. मृतक के भतीजे आलोक सिंह ने विशेष मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने और हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. इस मामले में परिजनों का गुस्सा और दुख इसलिए भी गहरा है क्योंकि इसी परिवार में छह वर्ष पूर्व भी एक ऐसी ही दर्दनाक घटना घट चुकी है. वर्ष 2018 में अर्जुन सिंह के बेटे का शव भी गांव के पास ही एक कुएं से संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ था. वह मामला भी आज तक अनसुलझा है. मामले को लेकर मुफस्सिल थाना की ओर से बताया गया कि घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है. साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है.

फरीदाबाद के अमृता इंस्टीट्यूट की तर्ज पर होगी रांची में रिम्स- 2 की स्थापना

# एशिया का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल होगा 'रिम्स-2'

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है. राज्य सरकार ने फरीदाबाद स्थित अत्याधुनिक अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ की तर्ज पर 'रिम्स-2' नाम से एशिया का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने की घोषणा की है. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ



फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल का दौरा किया और अस्पताल की संरचना, संसाधनों व प्रबंधन प्रणाली की गहन समीक्षा की. इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'रिम्स-2' न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को एक नई दिशा देगा.

डॉ अंसारी ने बताया कि यह अस्पताल अत्याधुनिक तकनीक और चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगा, जो राज्य की जनता को देश की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएगा. यह परियोजना स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी. मौके पर अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल, अमृता हॉस्पिटल प्रबंधन के निदेशक और उनकी टीम भी मौजूद रही. मंत्री ने कहा कि जल्द ही 'रिम्स-2' के निर्माण कार्य की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर उसे सार्वजनिक किया जाएगा. झारखंड सरकार की यह पहल राज्य के लोगों को उन्नत इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता को कम करेगी, साथ ही रांची को चिकित्सा के क्षेत्र में देश और एशिया में एक नई पहचान दिलाएगी.

## एक दर्जन आईएएस को मिली लंबी ट्रेनिंग पर जाने से मुक्ति

**रांची।** राज्य के एक दर्जन आईएएस अधिकारियों को लंबी ट्रेनिंग पर जाने से मुक्ति मिल गयी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभागीय मंत्री के रूप में इन आईएएस अधिकारियों को फिलहाल ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति नहीं दी. केंद्र सरकार ने मिड टर्म कैरियर प्रोग्राम-फेज थ्री के तहत इन आईएएस अधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मंसूरी में ट्रेनिंग पर जाने का शिड्युल दिया था. इस शिड्युल के तहत इन आईएएस अधिकारियों को 21 जुलाई से 16 अगस्त तक ट्रेनिंग पर जाना था. लेकिन काम-काज प्रभावित होने को लेकर ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति नहीं दी.

जिन आईएएस अधिकारियों को मिड टर्म कैरियर प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग पर जाना था, उनमें 2012 बैच के आईएएस अधिकारी संदीप सिंह, 2013 बैच के आईएएस शशि रंजन, 2014 बैच के शशिरंजन, फैज अंक अहमद, कुलदीप चौधरी, नैंसी सहाय, सुशांत गौरव, हिमांशु मोहन, मेघा भारद्वाज, लोकेश मिश्रा व अन्य शामिल हैं. सूत्रों का कहना है कि एक साथ एक दर्जन आईएएस अधिकारियों के एक महीने के ट्रेनिंग पर चले जाने से विकास और सरकार के काम बुरी तरह प्रभावित हो सकते थे. इसलिए सरकार ने ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति नहीं दी.

मांगों को लेकर 100 दिनों से धरना दे रहे शिक्षकेत्तर कर्मचारी

# सरकार नहीं सुनी तो करेंगे आत्मदाह : मोर्चा

शुभम संदेश। रांची

झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा का बुधवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन 100 वें दिन भी जारी रहा. मौके पर मोर्चा के जय मसीह तिग्गा ने कहा कि बगल में ही राज्यपाल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति सहित अन्य गणमान्य मौजूद हैं, लेकिन किसी का ध्यान हमारी समस्या की ओर नहीं जा रहा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सत्ता में आने से पहले आदिवासी मूलवासियों को सम्मान दिलाने की बातें कही गई थी. लेकिन अब यहां के खतियान धारकों को बेरोजगार बना दिया गया है कि हमें विवश होकर फुटपाथ पर बैठना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि शिक्षकेत्तर कर्मियों पर हेमंत सरकार का कोई ध्यान नहीं है.



मौके पर मोर्चा के संयोजक रवि कुमार ने कहा कि 100 दिन से अधिक दिन हो चुके हैं, लेकिन इस दौरान न ही विश्वविद्यालय, राजभवन या राज्य सरकार किसी ने हमारी सुधि नहीं ली. उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति है. विश्वविद्यालय कर्मियों की ओर से लगातार बातें रखी जा रही हैं, लेकिन सिर्फ गोल-मटोल जवाब दिया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि नया एजुकेशन पॉलिसी के तहत हमें नौकरी से निकालने की बातें कही गई. हमें कहा जाता है कि इंटरमीडिएट का काम करते थे. लेकिन अब इंटरमीडिएट की पढ़ाई समाप्त हो गई तो आप स्वयं नौकरी छोड़ दें. मौके पर मनीष गोप ने कहा कि बीते 23 मार्च से हम सभी काम पर नहीं नहीं जा रहे हैं. इसके बाद से हम सभी धरना देने को विवश हुए हैं. हमें वापस नौकरी पर रखने का आश्वासन दिया जा है, लेकिन ताल-मटोल किया जा रहा है. नौकरी से निकालने के बाद हम सभी ने बूट पॉलिश से लेकर पकौड़े तलने तक का काम किया. बावजूद इसके सरकार का हमारी तरफ कोई ध्यान नहीं है. अब लगता है कि हम सभी को विवश होकर आत्मदाह करना होगा. मौके पर सुनीता कुमारी, मनीष, जोसेफ आइंद सहित राज्यभर से आए दर्जनों शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे.

## टेरर फंडिंग मामलाः सोनू अग्रवाल और सुदेश केडिया की याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजनाओं से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और सुदेश केडिया की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई. न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है. वहीं, इसी मामले में एक अन्य आरोपी अजय कुमार सिंह की याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 5 अगस्त तय की गई है. तीनों आरोपियों ने रांची स्थित एनआईए कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किए जाने और डिस्चार्ज पिटिशन खारिज करने के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है. गौरतलब है कि यह मामला टंडवा थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 2/2016 से जुड़ा है, जिसे एनआईए ने फरवरी 2018 में टेकओवर किया था. जांच के बाद एनआईए ने कुल 21 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है. एनआईए की जांच में सामने आया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच आपसी समन्वय के तहत टीपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) को फंडिंग की जा रही थी. टीपीसी को लेवी देने के लिए ही आरोपियों ने ऊंची दर पर कोयला ढुलाई का ठेका लिया था. मामले में महेश अग्रवाल (आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक), विनीत अग्रवाल (बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष), अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल, सुदेश केडिया (कारोबारी), सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह (ट्रांसपोर्टर), अजय सिंह, सुभान खान (मास्टरमाइंड), टीपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी सहित कई अन्य लोग इस टेरर फंडिंग मामले में आरोपी बनाए गए हैं.

## पावर ग्रिड की घटना पर ऊर्जा श्रमिक संघ आक्रोशित, आंदोलन की दी चेतावनी

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम ग्रिड में चोरी और कर्मियों को बंधक बनाए जाने की घटना पर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है. संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने इसे राज्य की ऊर्जा संरचना पर सीधा हमला बताते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता करार दिया. उन्होंने कहा कि जब राजधानी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में बिजलीकर्मी असुरक्षित हैं, तो सुदूरवर्ती इलाकों में हालात और भी चिंताजनक होंगे. उन्होंने नामकुम पावर ग्रिड मामले की उच्चस्तरीय जांच, निगरानी सिस्टम की स्थापना, साथ ही बिजलीकर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण और उपकरण मुहैया कराने की मांग की है.

## एक नजर

### इनरव्हील क्लब ने करमटोली मिडिल स्कूल को दी दरी-डस्टबीन, बच्चों को दिया गिफ्ट




**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने बुधवार को करमटोली स्थित मिडिल स्कूल में दरी और डस्बीन का वितरण किया. इस दौरान बच्चों के बीच पर्यावरण पर आधारित क्वीज का भी आयोजन हुआ. प्रतियोगिता में विजयी बच्चों के साथ ही साथ सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया. कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल सोफिया ने क्लब की सदस्यों को स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराया. क्लब की प्रेसिडेंट सोमा भादुड़ी ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया. इस दौरान क्लब की सीनियर मेंबर देवयानी सान्याल, नीता शेखर, शालिनी सिन्हा, अनिता जायसवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं.

### केसीबी कॉलेज, बेड़ो में भारतीय तटरक्षक बल की टीम का संपर्क सह संवाद कार्यक्रम



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर भारतीय तटरक्षक बल द्वारा बुधवार को करमचंद भगत कॉलेज, बेड़ो में संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य है कि रांची और झारखंड के युवा अधिक से अधिक संख्या में इंडियन कोस्ट गार्ड में शामिल हों, रोजगार के साथ राष्ट्र सेवा का अवसर उन्हें मिल सके. इस उद्देश्य के साथ तटरक्षक बल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से बल की कार्य और जिम्मेदारियों को दिखाया. विद्यार्थियों से आह्वान किया कि तटरक्षक बल आपके करियर के लिए एक बेहतर विकल्प है. यहां आपको राष्ट्र सेवा का भी अवसर मिलता है. इस दौरान विद्यार्थियों ने भी अपनी कई जिज्ञासा भी भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों की टीम के सामने रखा, जिसका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया. अधिकारियों द्वारा जवाब पाकर छात्र-छात्राएं काफी खुश हुए. विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ राष्ट्र की सेवा का संकल्प लिया.

### स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्मोत्सव सह गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को मनेगा



**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस डॉ संत शिरोमणि श्रीश्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग रांची में 21 जुलाई को आएंगे. ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि सोमवार 21 जुलाई को अपराह्न 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक श्री राधाकृष्ण मंदिर में परम वंदनीय सद्गुरु श्री सदानंद महाराज जी का जन्म दिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा. इस अवसर पर श्री सदगुरु महाराज शिष्यों व श्रद्धालुओं को अपनी दिव्य वाणी से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन, भजन- सत्संग, प्रवचन के माध्यम से अमृत वर्षा का रसपान करायेंगे, कार्यक्रम के समापन पर गुरु महाराज जी सबों को आशीर्वाद एवं प्रसाद देंगे.

### दुर्गा महादेव मंदिर में अखंड हरि-कीर्तन छह अगस्त से

**रांची।** रांची के ओरमांझी स्थित सावन मास के पावन अवसर पर दुर्गा महादेव मंदिर में इस वर्ष भी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा. इसे लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो ने बुधवार को बताया कि छह अगस्त से मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरि-कीर्तन आयोजित किया जाएगा. भक्त 'हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे... हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे....' के संकीर्तन के साथ भक्ति में लीन होंगे. अगली सोमवारी 21 जुलाई को कलश यात्रा निकाली जाएगी. कलश यात्रा दुर्गा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर डोमा नदी छठ घाट से जल उठा कर मंदिर के शिवालय में अरघा से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर शुभारंभ किया जाएगा. सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्य जुटे हुए है.

## उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार को आरोपों से मिली राहत, सरकार ने दी चेतावनी

शुभम संदेश। रांची

राज्य सरकार ने उप नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रविंद्र कुमार को उनके विरुद्ध लगे आरोपों से मुक्त कर दिया है, लेकिन साथ ही भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी भी दी है. रविंद्र कुमार पर विभागीय अधिसूचना (13 सितंबर 2021) की अवहेलना का आरोप था. इस अधिसूचना के तहत उन्हें कार्यपालक दंडाधिकारी, पश्चिम सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया था, परंतु उन्होंने समय पर योगदान नहीं दिया.मामले में उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया और विभागीय कार्यवाही आरंभ की गई. मई 2025 में प्रस्तुत अपने उत्तर में रविंद्र कुमार ने बताया कि वे उस समय अंचल अधिकारी, अरगोड़ा, रांची के पद पर कार्यरत थे, जब उन्हें पेट दर्द और उल्टी की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा. डॉ मजिद आलम की देखरेख में उनका इलाज हुआ, जिसमें अपेंडिक्स की पुष्टि हुई. हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण उनकी सर्जरी संभव नहीं हो सकी और स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वे स्थानांतरित पद पर योगदान नहीं दे सके. सरकार ने उनके उत्तर को संतोषजनक मानते हुए उन्हें आरोपों से मुक्त कर दिया.

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का बड़ा हमला, कहा

# बेटी बचाओ नहीं बेटी जलाओ पार्टी बन चुकी है भाजपा

शुभम संदेश। रांची

ओडिशा के फकीर मोहन स्वशासी महाविद्यालय में छात्रा सौम्यश्री बीसी की आत्महत्या के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस मामले को लेकर केंद्र और ओडिशा की भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला है. झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि देश एक बार फिर शर्मसार हुआ है.



**खोखला साबित हो चुकी है भाजपा**

उन्होंने आरोप लगाया कि जिस 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के नारे के साथ भाजपा सत्ता में आई थी, वह अब पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है. इसके साथ ही, भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि 'बेटी जलाओ पार्टी' बन चुकी है. उन्होंने सौम्यश्री के मामले का हवाला देते हुए कहा कि कॉलेज के एक शिक्षक के खिलाफ न केवल सौम्यश्री ने, बल्कि कुल 10 छात्रों ने यौन उत्पीड़न की शिकायतें की थीं. इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन और प्रिंसिपल ने कोई कार्रवाई नहीं की. उल्टा छात्रा को ही दोषी ठहराया गया, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया.

**जहां भाजपा की सरकार वहां बहन बेटिया असुरक्षित**

झामुमो महासचिव ने कहा कि घटना के बाद देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा तो पहुंचे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. उन्होंने हाथरस, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पहलवानों के मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा जहां-जहां सत्ता में है, वहां महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है. उन्होंने पूर्व गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद के यौन उत्पीड़न मामले की याद दिलाते हुए कहा कि ऐसे मामलों में भाजपा नेताओं को संरक्षण देना आम बात हो गई है. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा प्रधानमंत्री खामोश हैं, और समाज आज यह सोचने पर मजबूर है कि जिस भी राज्य में भाजपा की सरकार है. वहां बहन-बेटियों की सुरक्षा आखिर कौन करेगा. भाजपा के दोहरे चरित्र को देश अब पहचान चुका है.

अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखा पत्र

## झारखंड में लंबित आवासों को जल्द मिले स्वीकृति

शुभम संदेश। रांची

भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है. इस पत्र के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत झारखंड राज्य के शेष पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है. उन्होंने अपने पत्र में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावशाली ढंग से लागू करने हेतु आभार व्यक्त



किया और कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देशभर में लाखों जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर मिलने से उनका जीवन सुरक्षित, सम्मानजनक और आश्वस्त हुआ है. अन्नपूर्णा देवी ने जानकारी दी कि आवास प्लस 2018₹ की सूची के अनुसार झारखंड राज्य में कुल 8,15,210 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से अब तक लगभग 2,22,069 पात्र परिवारों को आवास की सुविधा नहीं मिल सकी है. उन्होंने आग्रह किया कि इन लंबित आवासों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति प्रदान की जाए. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है.

## रिश्वतखोरी मामले में घिरे रातू के पूर्व सीओ प्रदीप कुमार को निलंबन से मिली राहत

**रांची।** राज्य सरकार ने रातू अंचल, रांची के तत्कालीन अंचल अधिकारी (सीओ) प्रदीप कुमार को निलंबन से मुक्त कर दिया है. अब उन्हें राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 10 नवंबर 2023 को उन्हें 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वे जेल भेजे गए और 7 अगस्त 2023 से निलंबित कर दिए गए थे.बाद में न्यायिक हिरासत से रिहाई के बाद उन्हें कोल्हान प्रमंडल आयुक्त कार्यालय में योगदान देने का निर्देश मिला, लेकिन निलंबन जारी रहा. अब पूरे प्रकरण की समीक्षा और उनकी सेवानिवृत्ति को ध्यान में रखते हुए उन्हें निलंबन से मुक्त कर दिया गया है. उनके निलंबन की अवधि का अंतिम निर्णय एसीबी द्वारा 10 नवंबर 2023 को दायर मामले के अंतिम न्यायादेश के आधार पर किया जाएगा. इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है.गौरतलब है कि यह रिश्वत जमीन के म्यूटेशन से जुड़े एक मामले में मांगी गई थी. इस केस में दो अन्य व्यक्तियों सहित एक हल्का कर्मचारी भी आरोपी है.

### तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस डियूटी मीट-2025 का शुभारंभ

**रांची।** नवीन पुलिस लाइन में आज तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस डयूटी मीट-2025 का शुभारंभ हुआ. मुख्य अतिथि आईपीएस मनोज कौशिक, आइपीएस चंदन कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर मीट का शुभारंभ किया. ड्यूटी मीट में दछो प्रक्षेत्र, रांची के सभी जिलों से आए आरक्षी से लेकर पुलिस निरीक्षक के कुल-46 प्रतिभागियों ने भाग लिया.कार्यक्रम में अनुसंधान में ए बीएन एनएस के प्रावधानों का अनुपालन, डीएनए हेतु साक्ष्यों का संकलन एवं संरक्षण, एनएएफआईएस) के उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला.

साहिबगंज अवैध खनन मामला

## दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

शुभम संदेश। रांची

साहेबगंज में 1250 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरार चल रहे आरोपी दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई पूरी हो गई है. कोर्ट ने अब इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है. दाहू यादव ने 5 जुलाई को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी. सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2023 में उसे पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया था, लेकिन उन्होंने अब तक सरेंडर नहीं किया है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में दाहू यादव समेत छह लोगों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है. इससे पहले 8 जुलाई 2022 को ईडी ने साहेबगंज में बड़ी कार्रवाई करते हुए पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, दाहू यादव समेत कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. उस दौरान बड़ी मात्रा में नकदी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए थे. मामले में अब तक पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, सुनील यादव, पशुपति यादव समेत कई की गिरफ्तारी हो चुकी है. ईडी ने दाहू यादव को कई बार समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन वह एक बार भी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए. वहीं, उनके पुत्र राहुल यादव ने पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर कर दिया है.

फुटबॉल | बालिका वर्ग में दक्षिणी छोटानागपुर और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की बालिका टीमों का रहा दबदबा

# 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता का आगाज

- दक्षिणी छोटानागपुर और कोल्हान के बीच हुए अंडर 15 बालक वर्ग मुक़ाबले में दोनों टीमों ने एक भी गोल नहीं किया, मैच हुआ ड्रा

शुभम संदेश। रांची

64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बुधवार को खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में अंडर-17 बालिका वर्ग के लीग मैच के साथ किया गया. प्रतियोगिता के प्रथम दिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया. अंडर-17 बालिका वर्ग मुक़ाबले में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को 27-0 के अंतर से बड़ी शिकस्त दी. उत्तरी छोटानागपुर की



टीम ने संथाल को 3-0 से हराया. तीसरे मैच में दक्षिणी छोटानागपुर ने कोल्हान को 10-0 से हराकर अपना दबदबा कायम रखा. चौथे मैच में उत्तरी छोटानागपुर ने पलामू को 20-0 से पराजित किया. इन परिणामों के साथ ही उत्तरी और दक्षिणी छोटानागपुर की बालिका टीमें अगले दौर में प्रवेश कर गई हैं.

अंडर-17 बालक वर्ग मुक़ाबले में कोल्हान ने पलामू को 1-0 से हराकर विजयी शुरुआत की. उत्तरी छोटानागपुर ने संथाल प्रमंडल को भी 1-0 से मात दी. अंडर-15 बालक वर्ग के पहले मैच में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को 4-1 से हराया. संथाल प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर को 4-0 से पराजित किया. कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर के बीच खेले गए तीसरे मैच में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी, और मैच 0-0 से ड्रॉ रहा. चौथे मैच में उत्तरी छोटानागपुर ने पलामू को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की.

**प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आज :** 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन समारोह गुरुवार को खेलगांव के प्रैक्टिस मैदान में होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विभागीय मंत्री रामदास सोरेन समारोह में उपस्थित रहेंगे. उद्घाटन समारोह शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा.

**ओबीसी सलाहकार परिषद बैठक:** केशव महतो ने उठाई सत्ता में हिस्सेदारी की आवाज

# विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने 50% आरक्षण सीमा हटाने की वकालत की

शुभम संदेश। रांची

**25 को नई दिल्ली में ओबीसी समुदाय के हक और अधिकार के समर्थन में 'भागीदारी न्याय सम्मेलन'**

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित कांग्रेस की ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिवसीय बैठक बुधवार को संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की, जिसमें कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल हुए. झारखंड से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और एआईसीसी सचिव अंबा प्रसाद ने इसमें भाग लिया. बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 जुलाई को नई दिल्ली में ओबीसी समुदाय के हक और अधिकार के समर्थन में 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' का आयोजन होगा. इस सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे, जबकि समापन सत्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे. बैठक को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने ओबीसी सलाहकार परिषद के गठन के लिए कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया. उन्होंने कहा कि यह परिषद नारे से नीति की दिशा में एक ठोस कदम है. जितनी जिसकी आबादी, उतनी उसकी भागीदारी' केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प बनना चाहिए. उन्होंने यह सवाल उठाया कि देश की सत्ता संरचना में ओबीसी की वास्तविक भागीदारी कितनी है, क्या वे नौकरशाही, न्यायपालिका, कॉरपोरेट जगत और उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व रखते हैं? यदि नहीं, तो इसके पीछे के कारणों और समाधान पर चर्चा आवश्यक है, जो इस परिषद के माध्यम से सामने आएगा.

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारियों को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए. उन्होंने जातीय जनगणना को सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र का नैतिक दायित्व करार दिया. साथ ही, उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को हटाने की पुरजोर वकालत की. बैठक में ओबीसी अधिकारों, प्रतिनिधित्व और नीति निर्माण में समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक चर्चा हुई और आने वाले सम्मेलन के माध्यम से इसे राष्ट्रीय बहस का विषय बनाने पर सहमति बनी.

## ब्रीफ न्यूज

### करंट लगने से आधा दर्जन मवेशियों की मौत

**बालूमाथ (लातेहार)।** हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के बाजार टांड पंचायत भवन के समीप बुधवार को पंचायत भवन के पास से गुजर रही 11 हज़ार वोल्ट की हाई वोल्टेज विद्युत तार अचानक टूटकर नीचे गिर गई. तार की चपेट में आकर किसान के आधा दर्जन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई.घटना में हेरहंज निवासी उमेश यादव, पिता बासुदेव यादव के दो भैंस, एक काड़ा, दो भैंस के बच्चे और एक बड़ी नस्ल की दुधारू गाय की दर्दनाक मौत हो गई.घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए. ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और प्रशासन से तुरंत मुआवजे की मांग की.

### श्रद्धा और सौहार्द का संदेश लेकर शिव मंदिर पहुंचे डीआईजी नौशाद

**मेदिनीनगर।** सावन माह के पावन अवसर पर पलामू क्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सुदना स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना में शामिल हुए. उन्होंने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया. उन्होंने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया. मौके पर डीआईजी ने कहा कि सावन और रमजान जैसे आध्यात्मिक महीने समाज में प्रेम, सद्भाव और आत्मसंयम का संदेश देते हैं. उन्होंने कहा कि जैसे रमजान का महीना आत्मशुद्धि, धैर्य और सेवा भावना का प्रतीक है, वैसे ही सावन माह श्रद्धा, तपस्या और शिव भक्ति का पर्व है.

### स्वाध्याय का बोधिस्थल है पुस्तकालय: अविनाश

**मेदिनीनगर ।** स्थानीय हनुमान नगर में दीपक पुस्तकालय का उदघाटन संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने फीता काटकर किया. मौके पर श्री देव ने पुस्तकालय के आवरण का मुआयना करने के बाद कहा कि शहर में लाइब्रेरी का खुलना विद्यार्थियों के हित में सार्थक कदम है. हम सरकार और जिला प्रशासन से मांग करते है प्रमंडलीय मुख्यालय में उच्च क्षमता और अत्याधुनिक तकनीक से भरा पुस्तकालय का निर्माण हो ताकि साहित्य प्रेमी और विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास हो सके. हम दीपक लाइब्रेरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं. मौके पर पंडित प्रदीप नारायण, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### दुष्कर्म के आरोपी विजय तिवारी को सात वर्ष की कैद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-4 की अदालत ने बलात्कार के आरोपी विजय तिवारी को सात वर्ष की कैद और जुर्माना की सजा सुनाई है. आरोपी विजय तिवारी पिता दिनेश्वर तिवारी पर शहर थाना कांड संख्या 178/2023 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज था. में अदालत ने आरोपी विजय तिवारी को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 6 में 25 वर्ष कारावास तथा 30 हजार रूपया जुर्माना तथा पोक्सो एक्ट की धारा 10 में सात वर्ष कारावास तथा 5 हजार रूपया जुर्माना की सजा सुनाई है. मामला शहर थाना कांड संख्या 178/2023 दिनांक 6 मई 2023 को दर्ज किया गया था. अभियुक्त पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर उसके साथ जबरन बलात्कार करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था.

## पलामू में कई मुख्य सड़कें और गलियां हुई जलमग्न, घरों में घुसा बारिश का पानी

# बारिश ने तोड़ा रिकार्ड, पानी-पानी हुआ मेदिनीनगर

### लगातार बारिश के मद्देनजर उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक



शुभम संदेश । मेदिनीनगर

लगातार हो रही बारिश और तेज ठंडी हवा के कारण जहां लोगों ने राहत की सांस ली हैं. वहीं मंगलवार को हुई बारिश ने पिछले वर्ष के रिकार्ड तोड़ दिए. पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष लगभग पांच गुणा अधिक बारिश हुई है. लगातार बारिश के कारण कई मुख्य सड़कें व गलियां जलमग्न हो गई. वहीं सड़कों से लेकर खेतों और घरों तक हर ओर पानी का कब्जा है. बारिश का पानी कई घरों में घुस गया जिस कारण लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है. मेजर मोड़, दो नंबर टीओपी, हनुमान नगर, गायत्री मंदिर रोड, बाई पास रोड समेत कई मुख्य सड़कों पर जलजमाव के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ है. नाला संकीर्ण रहने के कारण घंटे भर तक पानी सड़क पर जमा रहा. जलजमाव की स्थिति बुधवार की शाम तक देखने को मिली. गुरसुती नदी में पुल से ऊपर पानी बहने के कारण पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर यातायात रोक दिया तथा लोगों को लगातार चेतावनी दी जा रही है. मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार की सुबह 8.30 बजे से बुधरवार को 8.30 बजे तक 158.2 मिमी वर्षापात रिकार्ड किया गया है. वहीं एक जून से 16 जून तक लगभग डेढ़ माह में डालटनगंज में 763.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 358 प्रतिशत अधिक है. मौसम विभाग ने बताया है कि पिछले वर्ष इसी अवधि में 166.5 मिमी वर्षापात रिकार्ड किया गया है. चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी सीमा देवी पति हरेंद्र प्रजापति का घर तेज बारिश के कारण गिर गया. बारिश के कारण हुए जलजमाव से लोगों में नगर निगम के प्रति गुस्सा भी दिखा. लोगों का कहना था कि जल्द ही जल्द इसका निदान किया जाए ताकि लोग इससे निजात पा सकें. चैनपुर में स्थानीय लोगों ने थाना रोड को जाम करके रखा था. लोगों की मांग थी कि जल्द से जल्द अतिक्रमित नाला को खोला जाए. एक नाला जो पहले टेंपो स्टैंड में रोड पर था उसे बंद किया गया है. वहीं दूसरा नाला तालाब रोड के समीप था उसे भी खोलने की मांग कीं.

## आज बंद रहेंगे जिले के सभी विद्यालय

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

लगातार बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति को लेकर बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की अध्यक्ष सह उपायुक्त समीरा एस ने कार्यालय कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक की. बैठक में लगातार बारिश से उत्पन्न हालात पर विभिन्न पदाधिकारियों के साथ के बाद 17 जुलाई को जिले के सभी विद्यालयों को बंद रखने का निर्णय लिया गया. इसी तरह लगातार बारिश को देखते हुए सभी बीडीओ- सीओ को अपने संबंधित क्षेत्र में लगातार निगरानी एवं नदी किनारे बसने वाले गांवों के पास चिन्हित किए गये सुरक्षित स्थानों पर आवश्यकतानुसार प्रभावित परिवारों को शरणस्थली में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को शहर में जगह-जगह होने वाले जल जमाव को मोटर पंप के जरिये पानी निकासी को लेकर निर्देशित किया. साथ ही अलग से एक डेडीकेटेड टीम को लगाने की भी बात कही. उपायुक्त ने कहा कि अगर कहीं पेड़ गिर जाता है तो उसे हटाने की भी मुकम्मल व्यवस्था की जानी चाहिये. उपायुक्त ने बारिश के मद्देनजर सिविल सर्जन को डेंगू-चिकनगुनिया को फैलने से रोकने को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर बल दिया. एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नदी किनारे लोगों को नदी के समीप नहीं जाने को लेकर अनाउंसमेंट किया जा रहा है साथ ही पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है. बैठक में वित्तिय वर्ष 2025-26 में प्राप्त अभिलेखों के विरुद्ध संबंधित अंचल अधिकारियों को प्रभावितों को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें वज्रपात से मृत 9 व्यक्तियों के आश्रितों हेतु 36 लाख,वज्रपात से मृत 2 पशुओं के प्रभावितों के लिये 69 हज़ार पांच सौ,नदी में डूबने से मृत 6 व्यक्तियों के आश्रितों को 24 लाख,सर्पदंश से मृत 6 व्यक्तियों के आश्रितों को 24 लाख तथा सड़क दुर्घटना में मृत 41 व्यक्तियों के आश्रितों को 41 लाख रुपये की राशि की घटनोत्तर स्वीकृति की आवश्यकता पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अंचल अधिकारियों को उपावंटित राशि की घटनोत्तर स्वीकृति भी दी गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला आपदा प्रमंडल पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो आदि उपस्थित थे.

## लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

शुभम संदेश । लातेहार

दो दिनों से हो रही लगातार वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. अधिक वर्षा के कारण लोगों के घरों में पानी घुस गया है जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. सड़कों पर वर्षा का पानी बह रहा है, कई स्थानों पर नालियों के जाम होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है. बीती रात काफी वर्षा होने के कारण प्रखंड में मिट्टी के कई आवास गिरने की सूचना मिली है, हालांकि इसमें जान माल की क्षति नहीं हुई है. हो रही लगातार वर्षा से बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है. लोग बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं. दुकानदार ग्राहकों की राह ताक रहे हैं. सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है. बच्चे भीग कर स्कूल जा रहे हैं, जिससे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं. मंगलवार एवं बुधवार को दिन की शुरुआत बादल और वर्षा के साथ हुई. बिजली कड़कने से और तेज वर्षा को लेकर अभिभावकों को बच्चों की चिंता सता रही थी. वर्षा की वजह से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है. सभी खेत तालाब में तब्दील हो गया है जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है, अधिक वर्षा के कारण किसान अपने खेत ने फसल नहीं लगा पा रहे है जिससे किसानों की फसल की चिंता बढ़ती जा रही है. प्रखंड की सभी नदियां उफान पर है, कई पुल पुलिया पूरी तरह से डूब चुका है जिसके कारण कई गांव का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है.

## बिना पंजीकरण अस्पताल संचालन को बताया अवैध

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत निजी अस्पतालों को अनिवार्य पंजीकरण कराने के उद्देश्य से बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बैठक की. बैठक में सिविल सर्जन डॉ. श्रीवास्तव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना पंजीकरण के अस्पताल या नर्सिंग होम संचालित करना कानूनन अपराध है. क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराना होगा. उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित कराना है. बैठक में मौजूद इसमें प्राइवेट हॉस्पिटल ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, शुल्क संरचना और समय सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. सिविल सर्जन ने सभी निजी अस्पताल संचालकों से अपील की कि वे नियमानुसार अपने संस्थानों का शीघ्र पंजीकरण कराएं, ताकि किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके. बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों और जिले के कई निजी अस्पताल संचालकों ने प्रक्रिया से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की. बैठक में अशी लाइफ केयर से मनीष तिवारी, विंध्याचल हॉस्पिटल से मनीष सिंह, गंगा हॉस्पिटल से पप्पूजी, आनंद हॉस्पिटल आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## बरवाडीह-भंडरिया सड़क का होगा पुनर्निर्माण

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी 82.42 करोड़ की स्वीकृति

### सांसद काली चरण सिंह के अनुरोध पर जिले में मिला विकास को नया आयाम

शुभम संदेश । लातेहार



जिले के बरवाडीह से मंडल होते हुए भंडरिया तक की वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण व पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. चतरा सांसद कालीचरण सिंह का प्रयास अब रंग ला रहा है. सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को इसे ले कर एक अनुरोध पत्र सौंपा था. सांसद कालीचरण सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि बरवाडीह–मंडल–भंडरिया सड़क की हालत अत्यंत जर्जर है और इससे आमजन के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है. उन्होंने सड़क के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण की मांग करते हुए इसे ग्रामीणों की जीवनरेखा बताया था. सांसद ने यह भी आग्रह किया कि लगभग 20 किलोमीटर लंबी इस सड़क को मजबूत आधार के साथ पुनर्निर्मित किया जाए, जिससे क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके. सांसद के अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 27 जून, 2025 को भेजे अपने जवाबी पत्र में जानकारी दी कि इस योजना को रु. 82.42 करोड़ की लागत से सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए मंजूरी दे दी गई है. स्वीकृत योजना के तहत बरवाडीह–मंडल–भंडरिया सड़क के चेनज 25.00 किमी से 45.00 किमी तक के हिस्से में चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण का कार्य कराया जाएगा. यह स्वीकृति लातेहार जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. लोगों ने सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वर्षों की उपेक्षा झेल रही यह सड़क अब न केवल बन सकेगी, बल्कि सुरक्षित और टिकाऊ भी होगी.

## पलामू के दवा व्यवसायियों ने दिया धरना

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के तत्वावधान में दवा व्यवसायियों ने बुधवार को औषधि नियंत्रण प्रशासन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया. घरना कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष रमेश शुक्ला व संचालन सचिव अमिताभ मिश्रा ने किया.

धरना में जिले भर के थोक और फुटकर दवा व्यवसायियों ने औषधि प्रशासन की कार्यशैली पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि लगातार अनावश्यक दबाव और अपमानजनक रवैया दवा कारोबारियों को मानसिक रूप से तोड़ रहा है. संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि हम संवाद के पक्षधर हैं, लेकिन संवाद के दरवाज़े बंद करके प्रशासन टकराव की स्थिति बना रहा है. लगातार मांगों की अनदेखी और व्यवसायियों के साथ दुव्यवहार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को सभी दवा व्यवसाइयों ने काली पट्टी लगाकर प्रतीकात्मक विरोध जताया था. उसी दिन ड्रग इंस्पेक्टर से संवाद निर्धारित था, लेकिन उनके कार्यालय में मौजूद नहीं रहने से वार्ता नहीं हो सकी. अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर है. हम अनुशासन में रहकर अपनी बात कह रहे हैं लेकिन यदि हमारी उपेक्षा की गई, तो फेडरेशन मजबूती से अगला कदम उठाएगा. सचिव अमिताभ मिश्रा ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह हमारी समस्याओं को गंभीरता से सुने. प्रदर्शन के समर्थन में जिले के सभी थोक दवा व्यापारियों ने अपनी दुकानों को स्वेच्छा से पांच घंटे तक बंद रखा. प्रदर्शन में सतीश तिवारी, किशोर जैन, सुरेंद्र अग्रवाल, जवाहर अग्रवाल, बिकी अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, चंद्रशेखर तिवारी, मोनू अग्रवाल, नागेंद्र जसवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हनी सिन्हा, जितेंद्र कुमार, प्रिंस सावरे, मनोज सिन्हा, पवन कुमार समेत दर्जनों व्यवसायी मौजूद थे.

## बंद पड़े 29 बीआरसी को शुरु करने का निर्देश

शुभम संदेश । मेदिनीनगर

पलामू डीडीसी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिलास्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई. बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में आधार पंजीकरण व अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता पर चर्चा के बाद उन्होंने यूआईडी के जिला परियोजना पदाधिकारी उदय प्रताप सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों में आधार केंद्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

उन्होंने यह भी कहा कि जिन नागरिकों का अब तक आधार नहीं बना है, उनकी सूची तैयार कर आधार पंजीकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएं. उन्होंने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान को सभी बाल विकास परियोजना कार्यालयों में उपलब्ध आधार किट/बाल आधार किट को सक्रिय करते हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार बनाना सुनिश्चित करने तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के प्रबंधक से समन्वय कर कैंप का रोस्टर साझा करने का निर्देश दिया ताकि बाल आधार पंजीकरण कार्य तेजी से किया जा सके. यूआईडी के परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग के तहत कार्य कर रहे कुल 39 (बीआरसी) किट में से 10 आधार किट द्वारा ही कार्य किया जा रहा है बाकी 29 किट बंद पड़ा है.

**समस्या** बरवाडीह में बारिश ने खोली रेलवे की पोल, आईओडब्ल्यू की लापरवाही

# कर्मचारी जर्जर छत के नीचे गुजार रहे हैं जिंदगी

मयंक विश्वकर्मा । बरवाडीह




क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने रेलवे की कार्यप्रणाली की असलियत को उजागर कर दिया है. बरवाडीह रेलवे स्टेशन एसएम ऑफिस, क्रू लॉबी और रेलवे कॉलोनी में पानी से जुड़ी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि इंजीनियरिंग विभाग, विशेष रूप से आईओडब्लू (वरीय अनुभाग अभियंता, कार्य) ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन समय पर नहीं किया.

रेलवे कॉलोनी के कई क्वार्टरों की छतों से पानी टपक रहा है, जिससे वहां रह रहे रेलकर्मियों को भारी परेशानी हो रही है. वहीं स्टेशन परिसर की हालत तो और भी चिंताजनक है. क्रू लॉबी की छत जर्जर हो जाने के कारण फॉल्स सीलिंग पर बारिश की बूंदों के चलते टूटकर गिर गई है यही नहीं पूरा लॉबी का दीवार पानी से रिस रहा है. ऑफिस से लेकर लॉबी तक हर जगह पानी भरा हुआ है, जिससे रेल संचालन की व्यवस्था बाधित होने की स्थिति में पहुंच गई है. स्टेशन प्रबंधक का कार्यालय भी पानी से बुरी तरह प्रभावित है, फिर भी रेलकर्मी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं. यह दर्शाता है कि जमीनी स्तर पर कर्मचारी अपने कर्तव्य को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. पर यहां सवाल उठता है कि जब मौसम विभाग द्वारा लगातार भारी बारिश की चेतावनी एसएमएस समेत विभिन्न माध्यमों के जरिए दी जा रही थी, तब आईओडब्लू विभाग ने समय रहते छत की मरम्मत और जल निकासी की तैयारी क्यों नहीं की? क्या वरीय अधिकारी इससे अनजान थे? यदि नहीं, तो फिर समय रहते इन मरम्मत कार्यों को क्यों नहीं कराया गया? रेलवे के कर्मचारी बिना किसी सुविधा के बारिश में अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, जबकि आईओडब्लू विभाग की लापरवाही से उनके लिए काम का माहौल दुर्लभ हो गया है. यह स्थिति न सिर्फ विभागीय लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका को भी जन्म देती है. रेलवे प्रबंधन को चाहिए कि इस मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करे और त्वरित मरम्मत कार्य शुरू कराए, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित व सम्मानजनक कार्यस्थल उपलब्ध कराया जा सके.

### बालूमाथ में सामूहिक गृह प्रवेश समारोह संपन्न

**बालूमाथ (लातेहार)।** बुधवार को बालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास योजना के तहत पूर्ण हुए आवासों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया. इस अवसर पर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव कि इलावा सभी पंचायतों के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे. गृह प्रवेश के दौरान लाभुकों ने अपने नए पक्के घरों में नारियल फोड़ा और फीता काटकर विधिवत पूजा-अर्चना की और घर में कदम रखा. इस अवसर पर लाभुक परिवारों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था. जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है. इसका उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराना है .

## एक नजर



### लातेहार में लगातार हो रही बारिश में गिरे कई पेड़

**लातेहार।** जिले में मंगलवार की रात से लगातार बारिश हो रही है.लगातार बारिश होने के कारण कई इलाके में पेड़ों के गिरने की सूचना है.शहर के नगर पंचायत कार्यालय रोड में चिल्ड्रन स्कूल के पास एक पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया.बिजली का तार भी क्षतिग्रस्त हो गया है.स्कूल के प्राचार्य शशि भूषण पांडेय ने बताया कि आवागमन नहीं हो पाने के कारण आज कक्षाओं को स्थगित करना पड़ा है.हालांकि बाद में नगर पंचायत कर्मियों ने उस पेड़ को वहां से हटा कर आवागमन सुचारू किया.इधर गारू-महुआडांड- मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर गारू मुख्यालय में वन विभाग के चेक पोस्ट के पास एक विशाल पेड़ एक ओर झुक गया है.पेड़ कभी भी गिर सकता है.अगर समय रहते उक्त पेड़ को नहीं हटाया गया और यह पेड़ गिर गया तो घंटो यातायात बाधित हो सकता है.

### जिप उपाध्यक्ष ने बिरहोरटोला में बीज का वितरण किया



**बालूमाथ (लातेहार)।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ झाबर स्थित बिरहोर टोला में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में भाग लिया.इस कार्यक्रम के तहत बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत उरद के बीज वितरित किए गए. बिरहोर टोला के निवासियों ने इस पहल की सराहना की और बताया कि यह पहली बार हुआ है जब विभाग द्वारा सीधे उनके बीच बीज वितरण किया गया है. ग्रामीणों ने जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के प्रति आभार व्यक्त किया.श्रीमती देवी ने कहा कि बिरसा फसल विस्तार योजना का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज प्रदान करना है.

### लातेहार के थाना चौक पर जानलेवा हुआ गड्ढा



**लातेहार।** शहर के थाना चौक में मनोकामना भोजनायल के पास सड़क में बना एक गड्ढा जानलेवा हो गया है. लगातार हो रही बारिश और वाहनों के आवागमन से गड्ढा और गहरा और चौड़ा होता जा रहा है.इस कारण यहां दुर्घटना की हमेशा आंशका बनी रह रही है.मंगलवार को एक सकूटी सवार महिला अनियंत्रित हो कर गिर गयी थी. बरसात में पानी भर जाने के कारण गड्ढे की गहराई का पता नहीं चल पा रहा है और बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं.वाहनों के गुजरने से सड़क के किनारे अवस्थित दुकानों में लोग परेशान हो रहे हैं. वाहन गुजरने से पानी के छिंटे दुकान तक पहुंच जा रहे हैं.हालांकि पिछले दिनों जब रेलवे स्टेशन रोड का कालीकरण किया जा रहा था,जब इस गड्ढे को भरा गया था,लेकिन फिर से वही स्थिति हो गयी है.

### योजनाओं का किसानों को मिल रहा है लाभ: उपायुक्त



**लातेहार।** लातेहार जिले में 300 किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट का वितरण किया जा रहा है. इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा लातेहार प्रखंड के ग्राम डेमू की किसान जैस्मीन मारडी को 90 प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट, सक्शन पाइप और डिलीवरी पाइप का वितरण किया गया. यह वितरण राज्य यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत किया गया. उपायुक्त ने मौके पर कहा कि सरकारी की योजनाओं को ग्रामीण व किसानों को लाभ मिल रहा है. उपायुक्त ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए संसाधन उपलब्ध कराना, किसानों की आय में वृद्धि करना, कृषि उत्पादन में वृद्धि करना, किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है. आगे उन्होंने कहा कि कृषि हमारे जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों को सशक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने लाभुक किसान से इन पंपसेट्स का समुचित उपयोग कर खेती की तकनीकों को उन्नत करने तथा जल संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही. लाभुक जैस्मीन मारडी ने पंपसेट प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और प्रशासन का आभार प्रकट किया. मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा व जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे.

### विधायक प्रतिनिधि ने सिविल सर्जन से मुलाकात की



**लातेहार।** चतरा सांसद के स्वास्थ्य प्रतिनिधि डा चंदन कुमार व विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह ने बुधवार को जिले मे नव पदस्थापित सिविल सर्जन डा राजमोहन खलखो से उनके कार्यालय वेश्म में औपचारिक मुलाकात की. इस दौरान डा सिंह ने सिविल सर्जन को जिले की कई स्वास्थ्य समस्याओं से अवगत कराया. डा सिंह ने जिले में एंबुलेंस सेवा को दुरूस्त करने की बात कही. कहा कि अक्सर एंबुलेंस के अभाव में रोगी के परिजनो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. डा सिंह ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्षों से सदर अस्पताल में सर्जन और एनेस्थेटिक (अस्ति-चिकित्सक व बेहोशी विशेषज्ञ) नहीं है. इससे गंभीर ऑपरेशन व इलाज काफी प्रभावित हो रहा है. हालांकि सांसद प्रतिनिधि डा सिंह ने कहा कि वे इस दिशा में गंभीर हैं और व्यक्तिगत पहल पर सदर अस्पताल में सर्जन व एनेस्थेटिक की व्यवस्था करने के दिशा में कार्यरत है. शीघ्र ही सदर अस्पताल में इन दोनो की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी.

### सीओ ने बिशुनपुर सड़क में अतिक्रमण की जांच की

**लातेहार।** जिला मुख्यालय से बिशुनपुर मोड़ से केड़ ग्राम तक बनने वाली सड़क में कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है. इस सड़क का पीसीसीकरण कराया जा रहा है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कई जगहो पर सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है. बिशुनपुर के ग्रामीणों ने गत दिनो चतरा सांसद कालीचरण सिंह व विधायक प्रकाश राम को इस समस्या से अवगत कराया था. लोगों ने कहा कि सड़क पूरी नहीं होने के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस बारिश में लोग कीचड़ और दलदल के बीच सड़क से आवागमन कर रहे हैं. कई बार दुर्घटनायें हो चुकी है. इस पर सांसद ने अंचलाधिकारी, लातेहार को अतिक्रमण की जांच कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया था, ताकि सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके. सांसद के निर्देश के बाद अंचलाधिकारी बुधवार को बिशुनपुर रोड की जांच के लिए पहुंचे. मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो, अंचल अमीन दीपक कुमार, युवा भाजपा नेता मिलन शुक्ला व संतोष पांडेय मौजूद थे. अंचलाधिकारी ने 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश संबंधित ग्रामीणों को दिया है. अंचलाधिकारी ने बताया कि गांव के आठ लोगों के द्वारा सड़क के किनारे सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है. उन्हें 17 जुलाई तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है.

## ब्रीफ न्यूज

### इंजीनियर के बंद घर में चोरी का असफल प्रयास

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मधवाटांड़ में इंजीनियर विजय यादव के बंद घर में बीती रात चोरी का असफल प्रयास किया गया. घटना देर रात लगभग 12 बजे की बताई गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय यादव वर्तमान में अपने पूरे परिवार के साथ बैंगलोर में रहते हैं.यहां गांव स्थित उनका पैतृक घर बंद रहता है. मंगलवार की रात अज्ञात चोर मेन गेट का ताला काटकर घर में घुस गया, लेकिन तभी बगल घर में रह रही उसकी मां जाग गई और हलचल की आवाज सुनाई दी.जैसे ही उन्होंने शोर मचाना शुरू किया तो चोर मौके से भागने में सफल हो गया. घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गयी.

### मिट्टी का घर गिरा, बारिश में बेघर हुई प्रीति

**जयनगर (कोडरमा)।** लगातार हो रही बारिश जहां किसानों के लिए राहत बनकर आई है, वहीं गरीबों के लिए मुसीबत भी खड़ी कर दी है। प्रखंड के करियावां गांव में बुधवार की सुबह तेज बारिश के कारण प्रीति कुमारी का मिट्टी का घर गिर गया. अचानक घर का हिस्सा गिरने से परिवार के लोग किसी तरह बाहर निकले, जिससे बड़ा हादसा टल गया. प्रीति कुमारी ने बताया कि उनका परिवार वर्षों से मिट्टी के कच्चे घर में रह रहा है. कई बार पीएम आवास और अबुआ आवास के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं मिली. लगातार बारिश के कारण उनका घर पूरी तरह रहने लायक नहीं बचा है.

### उमराह से लौटे महफ़ूज़ आलम और उनकी पत्नी

**जयनगर (कोडरमा)।** योगियाटिल्हा पंचायत स्थित गरचांच गांव का माहौल बुधवार को बेहद रूहानी हो गया, जब गांव निवासी महफ़ूज़ आलम और उनकी पत्नी बतुली खातून उमराह की मुकद्दस ज़ियारत करके अपने वतन लौटे. गांव के लोगों ने पूरे जोश और अदब के साथ उनका इस्तकबाल किया. इस मौके पर गांव के बुजुर्ग, नौजवान और महिलाएं बड़ी तादाद में जमा हुए. जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई और उमराह मुबारक के नारों से माहौल गूंज उठा. मुखिया इरफान अंसारी, जाबिर अंसारी, नदीम अंसारी सरफराज अंसारी सहित समाजसेवियों और पंचायत के अन्य लोगों ने भी इस मौके पर दुआ की कि अल्लाह तआला उनके उमराह को कुबूल फरमाए और पूरी उम्मत को ऐसे मुकद्दस सफर नसीब करे.

### सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत गिद्दी-ए मैदान में शुरू हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट

## मोबाइल व लैपटॉप से बाहर निकलकर मैदान से जुड़ें : सांसद



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा चरण बुधवार को डाडी प्रखंड के गिद्दी-ए मैदान में भव्य रूप से प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन स्वयं सांसद मनीष जायसवाल और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और किक मारकर किया.

इस टूर्नामेंट में डाडी प्रखंड क्षेत्र की कुल 22 टीमों ने भाग लिया है. आयोजन की शुरुआत में खिलाड़ियों ने नमो जर्सी पहनकर मैदान में जोशपूर्ण मार्च पास्ट किया. पहले दिन का उद्घाटन मैच रबोध बनाम बसरिया टीम के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उमड़े.कार्यक्रम में हजारीबाग भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सीसीएल अरगढ़ा क्षेत्र के जीएम एस.के. झा, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, द्वारिका सिंह, डाडी जिप सदस्य सर्वेश सिंह, उपप्रमुख सुमन देवी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रीमा कुमारी, नमो खेल श्रृंखला के संयोजक बंटी तिवारी समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे.

आयोजन समिति की ओर से उपस्थित सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया.सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2016 में कटकमदाग से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट अब जनआंदोलन बन गया है. पिछले साल इस टूर्नामेंट में 883 टीमों ने भाग लिया था, और 90 दिनों तक आयोजन चला. इस वर्ष का लक्ष्य है कि 1500 से अधिक टीमों की भागीदारी सुनिश्चित कर 22 स्थानों पर भव्य आयोजन किया जाए. सभी खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी और प्रत्येक टीम को फुटबॉल भेंट किया जा रहा है.विजेता टीम को 25,000, ट्रॉफी और मेडल तथा उपविजेता टीम को 15,000, ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया जाएगा.रेफरी की भूमिका में जितेंद्र सिंह, इकबाल अंसारी, हाशिम अंसारी, राज करमाली, गणेश बेदिया और भोला हांसदा रहे. आयोजन समिति में संरक्षक पुरुषोत्तम पांडेय, सर्वेश सिंह, रीमा कुमारी, अध्यक्ष गुंजन साव, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर पाठक, सचिव छोटेलाल बेदिया, कोषाध्यक्ष गिरजा सिंह समेत कई कार्यकर्ता आयोजन को सफल बना रहे हैं.सांसद ने युवाओं से अपील की कि मोबाइल और लैपटॉप से बाहर निकलकर मैदान से जुड़ें और अपनी खेल प्रतिभा को निखारें.

### झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों का हुआ स्वागत, कहा

## निकाय चुनाव के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया जोरों पर है



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव एवं सदस्य लक्ष्मण यादव व नंदकिशोर मेहता का भव्य स्वागत समारोह बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के हजारीबाग जिला कार्यालय हीराबाग चौक में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने की, जबकि संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया.झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया.

वहीं पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों का माला पहनाकर अध्यक्ष एवं सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत एवं अभिनंदन किया.इस मौके पर जानकी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ओबीसी समाज के मान-सम्मान को बढ़ाने हेतु उन्हें आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया जोरों पर है, और इसके लिए वह 15 दिनों के तूफानी दौरे पर निकले हैं. इसी के तहत हजारीबाग पहुंचे हैं जहां उन्होंने जमीनी स्तर पर नगर निगम क्षेत्र के पांच वार्डो का भौतिक सत्यापन भी किया. कहा कि नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य भर में ट्रिपल टेस्ट के तहत भौतिक सत्यापन किया जा रहा है. जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर चुनाव आयोग को सौंपी जाएगी, जिससे अक्टूबर के बाद नवंबर-दिसंबर में चुनाव संभव हो सकेगा.

उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव से नगर क्षेत्रों के विकास को गति मिलेगी.श्री यादव ने कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ा वर्ग के लोगों के राजनीतिक सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान को लेकर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है.जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बहुत कम समय में हजारीबाग जिले में एक मजबूत संगठन के रूप में उभरा है. उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि झामुमो माटी और जनभावनाओं की पार्टी है, जो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के विचारों पर चलती है.

उन्होंने कहा कि ढिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है निश्चित तौर पर हजारीबाग जिले में संगठन की मजबूती और झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे. इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा और संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की.

जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया. कार्यक्रम में झामुमो के संगठन विस्तार एवं मजबूती पर भी चर्चा हुई तथा कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं.इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद अख्तर, जिला उपाध्यक्ष मोहन सोरेन, केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, विकास राणा, मोहम्मद इजहार, यासीन खान, सोनाराम मांझी, प्रखंड अध्यक्षगण - कुद्दुस अंसारी ( चकुलशा), सलीम अंसारी (बरकट्ठा), संजय सिंह (बड़कागांव), नजीर अंसारी (पदमा), उज्ज्वल सिंह (चौपारण), छत्रधारी प्रसाद (दारू), राजेश मेहता (इचाक), लखनलाल महतो (डाड़ी), कपिल देव चौधरी (विष्णुगढ़), देवेंद्र कुमार (बरही), बिरबल महतो (सदर), नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, नगर सचिव निसार अहमद, उपाध्यक्ष राजीव वर्मा, रामदेव यादव, बालकुमार महतो, संजय प्रजापति, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, श्वेता दुबे, तराना प्रवीण, रीणा देवी, सरफराज अहमद, अख्तर हाशमी, कुणाल यादव, चंदन सिंह, निर्मल राम, अब्दुल्ला खान, नईम राही, मनोहर राम, सहित कई झामुमो नेता एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे.

### कोडरमा में 48 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

**कोडरमा।** लगातार दो दिनों से जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पर असर पड़ा है. भारी बारिश की वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गयी है. मंगलवार और बुधवार को झमाझम बारिश होती रही. ऐसे में अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे. जरूरी काम से निकलनेवाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. लोगों को रेनकोट या छाता का सहारा लेना पड़ा, वहीं सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों को हुई. इधर बारिश से कुछ इलाकों में किसान भी परेशान हैं. किसानों के अनुसार यह बारिश धान के बिचड़ों के लिए तो वरदान है, लेकिन इससे उन किसानों की परेशानी बढ गयी है, जिन्होंने देर से मकई की फसल लगायी है. बारिश में मकई का बीज बह जाने की आशंका है या खेतों में दबने की संभावना है. किसानो के अनुसार ज्यादा बारिश से पौधों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा. मडुआ और मूंगफली की फसल को कोई नुकसान नहीं है, लेकिन जिन खेतों में पानी भर गया है, वहां जल निकासी भी जरूरी है.

जल-जमाव होने से फसल को नुकसान हो सकता है.इधर, लगातार बारिश ने सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है. इसका असर बाजार में देखने को मिल रहा है और सब्जी की कीमत बढ़ गई है.दो दिनों से हो रही बारिश से झुमरीतिलैया शहर का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. बारिश के चलते कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

## एक नजर



### आयोग की टीम ने नगर निकाय के वार्डो का निरीक्षण किया

**हजारीबाग ।** झारखंड सरकार के पिछड़ा वर्गों के लिए राज्य आयोग की टीम बुधवार को हजारीबाग जिले के दौरे पर रही. आयोग की टीम में अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, सदस्य नंदकिशोर मेहता, लक्ष्मण यादव, नरेश वर्मा एवं अवर सचिव मो. मजहर हुसैन एवं अन्य कर्मी सम्मिलित थे.आयोग की टीम द्वारा जिले में पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक एवं राजनैतिक स्थिति के अध्ययन तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित अन्य मामलों की समीक्षा की गई. दौरे के दौरान टीम ने नगर निकाय के दीपुगढ़ा एवं मटवारी वार्ड का निरीक्षण किया.आयोग की टीम ने परिसदन भवन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की एवं समीक्षा की. बैठक में कई जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा.जिला कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्तियों में आरक्षण की स्थिति.पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा.प्राकृतिक आपदा से हुई मृत्यु में पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को अनुग्रह अनुदान की उपलब्धता की समीक्षा. पिछड़े वर्गों के नागरिकों के प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु लंबित आवेदनों की समीक्षा. शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा.मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्गों के लाभुकों की संख्या की समीक्षा. मत्स्य निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों की समीक्षा.आयोग की टीम द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया.

### अडानी फाउंडेशन ने 120 किसानों को धान-बीज व खाद दिया



**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव में अडानी फाउंडेशन ने गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा, गाली, बलोदर और चंदौल गांवों के 120 परियोजना प्रभावित परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाले धान के बीज और उर्वरकों का वितरण किया. इस पहल का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसल सीजन के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना था. मानसून के आने के साथ अडानी फाउंडेशन की समय पर की गई यह पहल किसानों के बीच एक नई आशा और उत्साह का संचार कर रही है, जिससे इस खेती के मौसम में बेहतर फसल होने की उम्मीदें और भी मजबूत हुई है.कार्यक्रम के दौरान महुगाईं कला पंचायत की मुखिया बेबी देवी और चंदौल पंचायत के कृषि मित्र सनित महतो ने किसानों को संबोधित करते हुए उन्नत किस्म के धान बीज अपनाने की सलाह दी और क्षेत्रीय भौगोलिक स्थितियों के अनुरूप फसलों के चयन पर जोर दिया.कार्यक्रम के दौरान भोक्ता समाज के सचिव और गाली गांव के ग्रामीण बलदेव गंझू ने रासायनिक उर्वरकों की जगह वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को प्रोत्साहित किया.

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय नेवरी करमा बना गौशाला

**चौपारण ।** चौपारण प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नेवरी करमा इन दिनों पढ़ाई की बजाय मवेशियों के आश्रय स्थल के रूप में चर्चा में है. बरसात के मौसम में गांव के सैकड़ों मवेशी विद्यालय परिसर और बरामदे में शरण लेते हैं, जिससे विद्यालय परिसर गौशाला में तब्दील हो गया है.विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार मेहता ने बताया कि शिक्षक और बच्चे रोज सुबह विद्यालय पहुंचते ही दो घंटे सफाई में लगाते हैं. गोबर और गंदगी हटाना ही उनकी पहली जिम्मेदारी बन गई है. इससे पठन-पाठन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है.विद्यालय परिवार लगातार इस समस्या से जूझ रहा है, लेकिन ग्रामीण स्तर पर या प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है. शिक्षक और बच्चे सवाल उठा रहे हैं कि वे पढ़ाई करें या सफाई? विद्यालय परिसर में चहारदीवारी नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है.

### बरही विधायक ने अधिकारियों संग किया सड़क निरीक्षण

**चौपारण ।** बरसात के मौसम में नेशनल हाईवे पर जलजमाव और सड़क से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने गंभीरता दिखाते हुए मामले का संज्ञान लिया. मंगलवार को विधायक श्री यादव ने एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के अभियंता मुकेश जी और निर्माण कंपनी राजकेशरी के अधिकारी सतीश सिंह के साथ स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.निरीक्षण के दौरान विधायक मनोज यादव ने स्पष्ट कहा कि बरसात के कारण किसी भी तरह की समस्या आम जनता को न हो, इसके लिए संबंधित विभाग और निर्माण कंपनी समय रहते समाधान सुनिश्चित करें. उन्होंने अधिकारियों से सड़क पर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और खराब हिस्सों की मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया.जनता की सुविधा के लिए विधायक के पहल पर एनएचएआई के अभियंता मुकेश और राजकेशरी कंपनी के सतीश सिंह का हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है. यदि बरसात के कारण पानी भरता है या कोई अन्य समस्या उत्पन्न होती है तो आम लोग सीधे संपर्क कर सकते हैं.

### पीजी फिजिक्स सेमेस्टर तीन के परिणाम पर उठे सवाल

**हजारीबाग ।** एनएसयूआई हजारीबाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पंकज कुमार मांझी से मुलाकात कर पीजी (स्नातकोत्तर) फिजिक्स विभाग के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में हुई अनियमितताओं को लेकर चिंता व्यक्त की और तत्काल पुनर्मूल्यांकन की मांग की.एनएसयूआई छात्र नेता अभिषेक राज ने परीक्षा नियंत्रक को अवगत कराया कि विभाग के कुल 70 छात्रों ने तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दी थी, जिसमें से 49 छात्रों को एक विषय में प्रमोट कर दिया गया है. यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि 75% से अधिक छात्रों को प्रमोट किया गया है, जबकि छात्रों का कहना है कि उन्होंने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया था.छात्रों ने बताया कि कई विद्यार्थियों को अत्यंत कम अंक दिए गए हैं, यहां तक कि कुछ छात्रों को तो शून्य अंक प्राप्त हुए हैं, जो पूर्णतः अव्यवहारिक और मनोबल गिराने वाला है. छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से आग्रह किया कि उनके उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः निष्पक्ष जांच करवाई जाए, ताकि उन्हें उनका उचित मूल्यांकन प्राप्त हो सके.परीक्षा नियंत्रक डॉ. पंकज कुमार मांझी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि छात्रों के हित में एक सप्ताह के भीतर उचित निर्णय लिए जाएंगे. साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि उत्तरपुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने को लेकर जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे.मौके पर फिजिक्स विभाग के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपनी आपबीती परीक्षा नियंत्रक के समक्ष रखी.

### कोडरमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मंगलवार को 1132 लोगों ने पंजीकरण कराया. सुबह से ही शिविर में भारी भीड़ उमड़ी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह पहल जिलेवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है. बीपी व शुगर की जांच 906 लोगों की की गई,वहीं महिलाओं के लिए स्त्री रोग संबंधी जांच की विशेष व्यवस्था रही. 87 महिलाओं ने पंजीकरण कराया और 7 का पैप स्मियर टेस्ट किया गया.नेत्र जांच के लिए 1045 पंजीकरण हुए, जिनमें से 845 की दृष्टि जांच की गई और 321 को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया. 35 मोतियाबिंद मरीजों की सर्जरी की गई और 41 को अगली सर्जरी के लिए चयनित किया गया. मरीजों को निःशुल्क दवाएं और परामर्श भी दिए गए.झलपो की संजना कुमारी ने बताया कि उनकी दादी की आंखों की सर्जरी इस शिविर में निःशुल्क हुई. 20 जुलाई तक कान की जांच व सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी. प्रशासन ने नागरिकों से इस जनहितकारी सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है.

### कोडरमा में मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक संपन्न

## अपराध नियंत्रण को लेकर दिए सख्त निर्देश



**शुभम संदेश । कोडरमा**

.पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया.

बैठक में जून माह में जिले के विभिन्न थानों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए.पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों, ओपी प्रभारी एवं शाखा प्रभारी अधिकारियों को विगत छह माह में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, वारंट/कुर्की निष्पादन, दर्ज कांडों की स्थिति आदि का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया.सभी लंबित कांडों की त्वरित जांच पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया.अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु सभी थाना प्रभारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.

साथ ही, उपद्रवियों, आदतन अपराधियों एवं शरारती तत्वों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया.

वाहन चोरी और लूट की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए नियमित 'एंटी क्राइम चेकिंग' करने, बैंक, एटीएम व ज्वेलरी शॉप जैसे संवेदनशील स्थलों पर पेट्रोलिंग तेज करने का निर्देश दिया गया.अंतरराज्यीय और अंतरजिला चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच चलाने, सड़क सुरक्षा के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अभियोजन करने, और जन शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए गए.बैठक के अंत में पुलिस सभा का आयोजन कर कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया.

### निःशुल्क कार्डियोलॉजी शिविर का आयोजन

**हजारीबाग ।** एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के परिसर में बुधवार को एक दिवसीय निःशुल्क कार्डियोलॉजी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों के हृदय रोगियों को विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराना और हृदय संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना था. शिविर में प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन सिन्हा ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया. डॉ. सिन्हा ने कहा की मरीजों की सेवा कर बहुत अच्छा अनुभव हुआ. चिकित्सा के सहयोगी के रूप में रुकसाना, शांति, यास्मिन, पुष्पा, काजल, ललिता मरांडी और विशाल में सहयोगी के रूप में कार्य किया. शिविर में मरीजों को मुफ्त ओपीडी कंसल्टेशन, ईसीजी टेस्ट और ब्लड शुगर टेस्ट जैसी सेवाएं प्रदान की गईं. शिविर में में अस्पताल के प्रबंधक एवं मार्केटिंग टीम के सदस्यों मनीष , राकीब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## केरेडारी में हाथियों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त किया,फसलों को रौंदा



**शुभम संदेश । केरेडारी**

प्रखंड के कराली पंचायत अंतर्गत घुटु टोला में सोमवार की मध्य रात्रि जंगली हाथियों के एक झुंड ने भारी तबाही मचाई.हाथियों ने किसान लखन रजक के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही उनके घर के पास खड़ी ट्रैक्टर को भी नुकसान पहुंचाया. वंसी रजक के मकान को भी हाथियों ने से क्षति पहुंचाई. हाथियों के झुंड ने ग्रामीणों जगन्नाथ महतो, डोमन रजक, शिवनाथ महतो, बालेश्वर महतो, अनार देवी, भवानी महतो और हुलास महतो के खेतों में लगी फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया.घटना की सूचना मिलते ही प्रमुख सुनीता देवी, उप प्रमुख अमेरिका महतो, कराली पंचायत समिति सदस्य सुरेश भुईया एवं समाजसेवी प्रेम रंजन पासवान मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना. प्रमुख सुनीता देवी ने इस संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी मोन प्रकाश से बातचीत कर प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने और क्षेत्र में लाइट लगाने की मांग की.डीएफओ मोन प्रकाश ने आश्वासन दिया कि वन विभाग की टीम भेजकर सर्वे करवाया जाएगा और जल्द ही मुआवजा एवं सोलर लाइट लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

### आस्था

### झुमरीतिलैया में श्री राम संकीर्तन मंडल की बैठक संपन्न हुई

## चार अगस्त को निकाली जाएगी भव्य कांवर पदयात्रा



**शुभम संदेश। झुमरीतिलैया**

झुमरीतिलैया श्रावण मास की पावन बेला में धर्मनगरी एक बार फिर भक्ति रस में डूबने को तैयार है. श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में इस वर्ष पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा का 26वां भव्य आयोजन किया जाएगा. मंगलवार की देर शाम सत्यनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में न केवल आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई, बल्कि नई कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया.बैठक की अध्यक्षता मुन्ना भदानी ने की और संचालन सचिव अरविंद चौधरी ने किया. सबसे पहले कोषाध्यक्ष बसंत गुप्ता ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया. इसके बाद मंडल के अध्यक्ष ने पुरानी समिति को भंग करते हुए नई समिति के गठन की घोषणा की. 26वें आयोजन के लिए बनी नई समिति, जिसमे संरक्षक के रूप में राजेश कपसिमें, मुन्ना भदानी और मनोज साव को शामिल किया गया. वहीं बसंत गुप्ता को मंडल का अध्यक्ष और बब्लू सिंह को सचिव चुना गया. सत्येंद्र सिन्हा उपाध्यक्ष, लखन सिंह कोषाध्यक्ष, पियूष सिंह सह सचिव, राकेश कपसिमें संचालक, सुरेश गुप्ता सह-संचालक, चंद्रशेखर जोशी एवं ओमप्रकाश मीडिया प्रभारी तथा गौतम पांडेय को अंकेक्षक बनाया गया.कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश गुप्ता, विक्की केसरी, अरविंद चौधरी, नवीन सिन्हा, विनोद चौरसिया, रोहित यादव, राजेंद्र वर्मा, आनंद सिंह, अविनाश चंद्रवंशी, भोला शंकर, अरविंद एकघरा, संतोष कपसिमें एवं अतुल आनंद को शामिल किया गया.

**3 अगस्त को निकलेगी भव्य मोटरसाइकिल रैली:** बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 अगस्त को नगर में भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी, जो लोगों को जनजागरण का संदेश देगी. इसके अगले दिन 4 अगस्त को पारंपरिक कांवड़ पदयात्रा झरणा कुंड से आरंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए ध्वजाधारी धाम पहुंचेगी. यात्रा के सफल संचालन के लिए अलग संचालन समिति भी बनाई गई है.नव-निर्वाचित अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने कहा की 26 वर्षों से यह परंपरा जनआस्था से जुड़ी हुई है. सचिव बब्लू सिंह ने कहा की यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, हमारी सांस्कृतिक पहचान है. हर साल जैसे जनसैलाब उमड़ता है, इस बार और भव्यता के साथ आयोजन किया जाएगा.

### ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस मनाने को लेकर हुई बैठक

**कोडरमा।** ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस ( के प्रभावी संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई. बैठक में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दिन दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई. उपायुक्त ने जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार कर उन्हें प्रखंडों में प्रशिक्षण देने हेतु तितली संस्था के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया. साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ चार्ट उपलब्ध कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया गया।ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस की निगरानी के लिए ऐप का उपयोग अनिवार्य करते हुए एक नई मॉनिटरिंग चेकलिस्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया,

## चोरी की जेसीबी बेचने वाला बिलासपुर से धराया

**गुमला।** वर्ष 2020 में मुरकुंडा से जेसीबी चोरी करने और फर्जी पेपर बनवाकर बेचने के मामले में गुमला थाना की पुलिस ने फरार अभियुक्त को बिलासपुर से गिरफ्तार कर मंगलवार की देर शाम जेल भेज दिया. गुमला की पुलिस ने अभियुक्त को छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिला अंतर्गत सिरी गट्टी थाना क्षेत्र के कीर्ति नगर निवासी 37 वर्षीय सुनील कुमार तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया और गुमला थाना में पूछताछ के बाद जेल भेज दिया. इस कांड में एक और व्यक्ति शामिल था जिसे पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया है और अभी जमानत पर बाहर है. जानकारी के अनुसार सुनील कुमार तिवारी ने वर्ष 2020 में मुरकुंडा के एक व्यक्ति का जेसीबी वाहन को फर्जी पेपर बनाकर बेच दिया था.

### किस्को प्रखंड में खेलो झारखंड 2025-26 के अंतर्गत फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## बालक-बालिका वर्ग में टीमों ने दिखाया दमखम

शुभम संदेश। लोहरदगा



4 जुलाई से प्रारंभ हुई खेलो झारखंड 2025-26 के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किस्को प्रखंड में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है. कार्यक्रम के पहले दिन फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग के मैच संपन्न हुए,बालक वर्ग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले.

अंडर-14 में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय किस्को की टीम ने आश्रम विद्यालय किस्को को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर जीत दर्ज की.अंडर-17 में आवासीय विद्यालय किस्को की ही टीम ने आश्रम विद्यालय को 2-0 से पराजित किया.अंडर-19 में प्लस-2 एसएस उच्च विद्यालय किस्को की टीम विजेता बनी. बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.अंडर-14 में पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय किस्को ने राजकीय मध्य विद्यालय किस्को को हराकर खिताब अपने नाम किया.

अंडर-17 में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसापीढ़ी ने प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय किस्को को हराया.अंडर-19 में प्लस-2 एसएस उच्च विद्यालय किस्को की टीम ने कस्तूरबा विद्यालय को 2-1 से पेनाल्टी शूटआउट में हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया.विजयी और उपविजयी टीमों को सांसद प्रतिनिधि श्री दयानंद उरांव द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मैच रेफरी के रूप में श्री शुक्रा उरांव, फूलचंद कुजूर, और तबारक हुसैन अंसारी उपस्थित रहे.

खेल संचालन और खिलाड़ी चयन समिति में खुशबू कुमारी, सावित्री कुमारी, और दिल नवाज अंसारी की भूमिका सराहनीय रही. मंच संचालन विनोद राम, धर्मेंद्र प्रसाद सोनी, प्रीति अग्रवाल, मुस्ताक अनवर द्वारा किया गया. आयोजन में रामकिशोर मुंडा (प्रधानाध्यापक), अरविंद कुजूर और स्वास्थ्य कर्मी हरि उरांव सहित सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति रही.प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों की एक संयुक्त टीम का गठन कर उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में किस्को प्रखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा.

## मोर्चा की बैठक में आंदोलन तेज करने का संकल्प



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू बिजैन स्थित देवी मंडप में रैयत विस्थापित मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता विस्थापित नेता रंथू गंझू ने की, जबकि संचालन रामचंद्र उरांव एवं राहुल राम ने संयुक्त रूप से किया. बैठक में राजधर साइडिंग से जुड़े विस्थापितों की सात सूत्री मांगों पर चर्चा की गई और आंदोलन को तेज करने की रणनीति बनाई गई. क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र उरांव ने बताया कि 30 जून को प्रबंधन से हुई वार्ता के अनुसार राजधर साइडिंग के विस्थापितों को ट्रांसपोर्टिंग, लोडिंग, सैंपलिंग, मुंशी, सुपरवाइजर, हेल्पर, गार्ड और ऑपरेटर जैसे कार्यों में शामिल किया जाना चाहिए. साइडिंग से बहेरा, कारो, कल्याणपुर, सरैया, ठेगांगी, राजधर, मायापुर और मैक्लुस्कीगंज जैसे गांव प्रभावित हुए हैं, जिनमें अधिकांश एसटी और एससी समुदाय के लोग हैं. वक्ताओं ने कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा लगातार वंचितों के हक की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन कुछ लोग आंदोलन को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं. यदि प्रबंधन मांगों को शीघ्र नहीं मानता है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा. बैठक में बाबूलाल राम, कर्मा गंझू, पच्चू गंझू, सुरेंद्र राम, राजू करमाली, पंकज दास, मोहम्मद असलम, हाजी जसीम समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे.

## डीएवी कल्याणपुर हुआ चालू, मोर्चा ने जताया आभार



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में वर्षों की मांग के बाद डीएवी पब्लिक स्कूल के चालू होने से रैयत विस्थापित मोर्चा और स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ गई है. मोर्चा के बैनर तले वर्षों से स्कूल की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है. मोर्चा के केंद्रीय सदस्य इदरीश अंसारी ने बताया कि वर्ष 2015 में तत्कालीन कोयला मंत्री पीयूष गोयल द्वारा स्कूल भवन का उद्घाटन किया गया था, लेकिन 10 वर्षों तक स्कूल संचालन शुरू नहीं हो सका था. मोर्चा की ओर से लगातार आंदोलन, मांग और ज्ञापन देने के बाद अब जाकर यह स्कूल चालू हो सका है. स्कूल के संचालन से स्थानीय विस्थापित और प्रभावित परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा. इससे क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और लोगों की वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हो गई है. स्थानीय ग्रामीणों और मोर्चा के प्रतिनिधियों ने डीएवी संस्था, सीसीएल प्रबंधन, विशेषकर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और उनकी टीम को बधाई एवं आभार प्रकट किया. आभार प्रकट करने वालों में इक़बाल हुसैन, रामचंद्र उराव, इंद्रजीत उराव, दीरपाल भगत, मोहम्मद असलम, मोहम्मद जुल्फान, पंकज कुमार, सूरज मुंडा सहित कई ग्रामीण शामिल थे.

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



**पिपरवार।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा. उन्होंने बचरा पंचवटी से बचरा बस्ती तक जर्जर हो चुकी सड़क और रेलवे अंडरपास पुलों की मरम्मत की मांग की. गुंजन सिंह ने बताया कि खराब सड़कों के कारण बचरा बस्ती, होशिर बस्ती सहित कई गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. उन्होंने राय रेलवे स्टेशन के पास स्थित अंडरपास पुल की भी मरम्मति की मांग की, जो वर्तमान में अत्यंत जर्जर अवस्था में है और रांची आने-जाने वाले यात्रियों के लिए खतरा बना हुआ है. उन्होंने ग्रामीण इलाकों में मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग मशीन से दवा छिड़काव कराने की मांग भी की.

## सउद अंसारी हत्या मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़।** दुर्गी बस्ती निवासी सउद अंसारी हत्या मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद एबाद अंसारी को पुलिस ने ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा से गिरफ्तार किया है. आरोपी के गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण बरकाकाना ओपी पहुंचे और अपने आक्रोश का इजहार किया. दुर्गी गांव की महिलाएं भी ओपी में पहुंचीं और आरोपी से हत्या के कारण जानने की मांग की, जिन्हें पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया. वहीं, बाहर भारी संख्या में पुरुष और युवा आरोपी को सख्त सजा देने की मांग करते नजर आए. घटना की जानकारी के अनुसार, सउद अंसारी का शव 11 जुलाई को पीरी टांड स्थित बंद ईट भट्ठे से बरामद हुआ था.

## पूर्व मंत्री सरयू राय पर गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में आरोप तय, मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त को

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक सरयू राय की मुश्किलें बढ़ गई हैं. गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में एमपी/एमएलए मामलों के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने बुधवार को उन पर आरोप तय कर दिया है. इसके साथ ही कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी. सरयू राय पर आरोप है कि उन्होंने कोरोना काल में खर्च की गई राशि से संबंधित एक गोपनीय दस्तावेज को सार्वजनिक कर दिया था. उन्होंने इस दस्तावेज के आधार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के सामने राज्य सरकार के खर्चों पर सवाल उठाए थे. इस संबंध में वित्त विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 105/22) दर्ज कराई थी.। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की पांच धाराओं के साथ-साथ गोपनीय दस्तावेज लीक करने से संबंधित तीन धाराएं जोड़ी गई थीं.

### न्यायालय के समक्ष षडयंत्र का पर्दाफाश करेंगे : सरयू राय



जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए. राय के अनुसार, मुकदमे से संबंधित अनुसंधान, पुलिस डायरी आदि को विस्तार से देखने पर पता चलता है कि पुलिस विभाग के संबंधित अनुसंधानकर्ताओं ने कानून के प्रावधान की अनदेखी करके राजनीतिक दबाव में उनके विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया है. राय ने कहा कि वह न्यायालय के समक्ष इस षडयंत्र का पर्दाफाश करेंगे और जिन पुलिस अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने साजिश के तहत मुकदमा किया है, उनके विरूद्ध सरकार कार्रवाई करे, यह सुनिश्चित कराएंगे. राय ने कहा कि यह घोर आश्चर्य का विषय है कि उन्होंने जिन दस्तावेजों को स्वास्थ्य विभाग में एक बड़े घोटाला का उजागर करते हुए मुख्यमंत्री को सौंपा था, वे दस्तावेज संचिका में रक्षित एक सामान्य दस्तावेज हैं. ये कहीं से भी गोपनीय दस्तावेज की श्रेणी में नहीं आते. फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया.

## भारतीय संस्कृति का अलख जगाएगा संस्कृति ज्ञान महाअभियान

**रामगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा कोयलांचल में बुधवार को संस्कृति ज्ञान महाअभियान पखवाड़ा की शुरुआत की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद और रांची विभाग के संस्कृति बोध सह-संयोजक मिथिलेश कुमार खन्ना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज को भारतीय संस्कृति से जोड़ना और इसकी गौरवशाली परंपराओं को पुनर्जीवित करना है. यह अभियान 16 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा, जिसमें विद्यालय संपर्क टोली के माध्यम से अभिभावकों, पूर्व छात्रों, समिति सदस्यों और समाज के गणमान्य लोगों को जोड़ा जाएगा. सभी को संस्कृति बोध परियोजना से अवगत कराया जाएगा. प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति भौतिकता और आध्यात्मिकता का अद्भुत समन्वय है. वेद, पुराण, महाभारत, रामायण जैसे ग्रंथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं जो विश्व को दिशा देने की क्षमता रखते हैं. वहीं, मिथिलेश कुमार खन्ना ने कहा कि पूर्वजों की परंपराओं और रीति-रिवाजों को जानना और अपनाना ही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकता है. कार्यक्रम का संचालन डॉ. गायत्री पाठक ने किया. आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्यों व शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करें: उपायुक्त



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना और पीएम किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने लंबित ई-केवाईसी को शीघ्र पूर्ण कराने और स्वयं पंजीकृत लाभुकों की जांच कर उन्हें योजना से जोड़ने का निर्देश दिया. किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को लाभ पहुंचाने के क्रम में उपायुक्त ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को भी योजना का लाभ देने का आदेश दिया. उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य पशुपालन योजनाओं के लाभुकों को भी केसीसी से जोड़ने को कहा. जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे खनन प्रभावित क्षेत्रों की बंद पड़ी खदानों (माइनिंग कोलपिट) की पहचान कर वहां मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की योजना तैयार करें. बैठक में उद्यान, भूमि संरक्षण और अन्य कृषि संबंधी विभागों की योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई.

## डीसी ने डिवाइन आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**रामगढ़।** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शहर के डिवाइन ओंकार मिशन द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया. इस अवसर पर उपायुक्त ने संस्था के सचिव श्री राजेश कुमार नागी से विद्यालय में चल रहे विभिन्न कार्यों और बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने बच्चों के शैक्षिक एवं आवासीय विकास पर विशेष ध्यान दिया और संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के साथ संवाद किया और उनके साथ समय व्यतीत करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया. उन्होंने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की शिक्षा और देखभाल के महत्व पर भी प्रकाश डाला.

## कोलफील्ड मजदूर यूनियन की बैठक हुई सम्पन्न



**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार कुंवर ने की, जबकि संचालन क्षेत्रीय सचिव भीम सिंह यादव ने किया. बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख यूनियन पदाधिकारी और मजदूर बड़ी संख्या में उपस्थित थे. बैठक में प्रमुख रूप से कोयला मजदूरों से जुड़ी ज्वलंत समस्याएं जैसे कि आवास आवंटन, आवासों की मरम्मति, चिकित्सा सुविधाओं की कमी, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, कॉलोनी की साफ-सफाई, प्रमोशन में देरी तथा अन्य बुनियादी आवश्यकताओं पर चर्चा की गई.

## 750 पनीर जब्त, दो हजार रुपये जुर्माना लगाया गया

**गुमला।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बुधवार को जिला मुख्यालय के लगभग एक दर्जन प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान मां की रसोई से खराब गुणवत्ता वाला 750 ग्राम पनीर जब्त किया गया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के बाद स्वच्छता में कमी, लाइसेंस नहीं होने और एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के उल्लंघन के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठान को दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. निरीक्षण के दौरान होटल सभेकर, कार्तिक स्वीट्स, प्रकाश होटल, होटल राज, फन एंड फूड, ब्लूम रेस्टोरेंट, होटल स्वाद, चूल्हानी रेस्टोरेंट, गोविंद स्टोर, लकी स्टोर एवं रुचि स्वीट्स जैसे प्रमुख प्रतिष्ठानों की जांच की गई. पनीर, रसगुल्ला और पेड़ा जैसे खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जिनकी गुणवत्ता मानक के अनुरूप पाई गई. स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निरीक्षण दल ने प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के साथ मिलकर तेल, चीनी और नमक के सेवन को कम करने के निर्देश दिए. साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक संदेश साझा किए गए. सभी प्रतिष्ठानों में स्वास्थ्य संबंधित बैनर लगाने के निर्देश भी दिए गए. इस अभियान में कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार और सूरज कुमार की सक्रिय भूमिका रही.

### बिशुनपुर | गुरदरी पंचायत में विशेष शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

## ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सुनी समस्याएं

शुभम संदेश। गुमला



बिशुनपुर प्रखंड के पाट क्षेत्र स्थित गुरदरी पंचायत में बुधवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने विशेष शिविर का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही कई लाभ भी दिलवाए. शिविर का उद्देश्य खासकर पीवीटीजी (विशेष पिछड़ी जनजाति समूह) परिवारों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना था. पंचायत भवन में आयोजित इस शिविर में उपायुक्त ने कहा कि वे स्वयं जनता की समस्याएं सुनने के लिए पहुंचे हैं. उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याएं नाम व पता सहित आवेदन के माध्यम से दर्ज कराएं, ताकि त्वरित समाधान किया जा सके.

शिविर में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा, माइनिंग क्षेत्र में स्थानीय रोजगार के अवसर, आधार पंजीकरण में आ रही दिक्कतें, तथा जन्म प्रमाण पत्र निर्माण की मांगें रखीं. उपायुक्त ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान का आश्वासन दिया. उन्होंने घोषणा की कि 22 से 25 जुलाई तक गुरदरी पंचायत भवन में आधार पंजीकरण एवं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्माण हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा. स्वास्थ्य, राशन कार्ड, पेंशन, पोषण, केसीसी, मनरेगा जैसी योजनाओं की जानकारी देकर उपायुक्त ने ग्रामीणों को जागरूक किया और मौके पर ही कई हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित भी किया. गोद भराई रस्म के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को संतुलित व पोषणयुक्त आहार लेने की सलाह दी. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने यह निर्देश दिया कि पीभीटीजी परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और संबंधित अधिकारी हर सुविधा सुनिश्चित करें. उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र, वन धन विकास केंद्र, सीएचसी केंद्र, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र तथा निर्माणाधीन एमपीसी सेंटर अमतीपानी का भी निरीक्षण किया. इस मौके पर उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी, अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार, हिंडालको के ऑपरेशन हेड शत्रुजीत कुमार, सहायक महाप्रबंधक प्रदीप भालेकर, खान प्रबंधक योगेन्द्र लिलहरे, सीएसआर हेड नीरज कुमार, और अधिकारी राकेश तिवारी, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे.

## हक अधिकार के लिए टीएसयू का होगा गठन

**गुमला।** ट्राईवल्स स्टुडेंट यूनियन के गठन को लेकर संरक्षक कमेटी की बैठक हुई. जिसमें संजय कुमार भगत, रामावतार भगत, पपलू उरांव, जोगी उरांव, लोलस उरांव, कृष्णा उरांव, संजय कुमार भगत, महिप उरांव, सुखराम उरांव, राहुल कच्छप, बलराम उरांव आदि शामिल थे. बैठक में आदिवासी की धर्म संस्कृति और जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा का संकल्प लिया. बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी रैयतों की हड़पी जमीन को वापस कराने, सरकारी नौकरी में प्रतिशत को आधार बनाने, पेसा कानून को सख्ती से लागू कराने तथा जनगणना कालम में सरना धर्म कोड लागू करने के मुद्दा पर ट्राइबल्स स्टुडेंट यूनियन का गठन करने का निर्णय लिया गया. पपलू उरांव और संजय कुमार भगत ने कहा कि अगली बैठक में कमेटी का विधिवत गठन किया जाएगा.

## एक नजर



### टोल टैक्स के विरोध में चैंबर करेगा आंदोलन, दी चेतावनी

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाइवे में नागफेनी के समीप आरंभ टोल टैक्स के नाम पर अनैतिक वसूली के विरोध में गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स आंदोलन करेगा. यह जानकारी बुधवार को चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने दी. चेंबर आफ कामर्स के पदाधिकारियों की आपात बैठक बुधवार को बस स्टैंड चेंबर कार्यालय में हुई. बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि नागफेनी में एक टोल नाका में अनैतिक और गलत ढंग से टैक्स की वसूली हो रही है. जिसका चेंबर आफ कामर्स विरोध करती है. गलत तरीके से टैक्स वसूली नहीं रोकी गई तो चेंबर आफ कामर्स के नेतृत्व में गुमला के व्यापारी आंदोलन करेंगे. उन्होंने कहा कि अभी रोड निर्माण का काम पूरा भी नहीं हुआ है और टोल चालू कर दिया गया. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार 20 किलोमीटर तक टैक्स नहीं लेने का आदेश है. साथ ही अधिकारियों की बैठक में लिए गए निर्णय के बावजूद जबरन वसूली की जा रही है. जिसके खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है. मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे .

### ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में जड़ा ताला, अधिकारियों ने तोड़ा



**गुमला।** भरनो प्रखंड के सिंगरौली आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चुनाव से असंतुष्ट ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन को ताला जड़ दिया. सहायिका का चयन सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका की उपस्थिति में हुई थी. जिसमें मानक योग्यता के अनुरूप खटको निवासी बबीता कच्छप का चयन किया गया था. ग्रामीणों का कहना था कि आंगनबाड़ी केंद्र सिंगरौली में है तो सहायिका भी यहीं का होना चाहिए. ग्रामीणों का विरोध देखते हुए सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षिका उस दिन वापस लौट आए. सोमवार को सेविका शांति प्यारी टोप्पो जब आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची तो देखा कि दरवाजे पर अतिरिक्त ताला लगा हुआ है. पहले ताला लगाने वाले की पता करने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला तो वह घटना की जानकारी प्रखंड प्रमुख व अधिकारियों को दी. दरवाजा में अतिरिक्त ताला बंद होने के कारण बच्चे दो दिन पठन-पाठन और पोषाहार से वंचित हो गए. अधिकारियों ने मंगलवार के दोपहर केंद्र पहुंचे और ग्रामीणों की उपस्थिति में ताला तुड़वाया. कहा कि सरकारी संस्थान में ताला बंदी करना गैर कानूनी है. ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी. बुधवार से केंद्र नियमित रूप से संचालित हो रहा है.

### मिट्टी के कटाव से जमींदोज हो सकता है श्मशान शेड




**गुमला।** पिछले एक माह से हो रही भारी से ग्रामीण क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है. नुकसान का आलम यह है कि बरसाती नाली का तेज धार के कटाव से पालकोट के मुक्तिधाम में बना शेड भी जमीन दोज होने की स्थिति में है. इसका कारण यह है कि श्मशान घाट में शेड के किनारे गार्डवाल बना था. लेकिन बरसाती पानी का तेज धार से गार्डवाल धंस गया और अब मिट्टी का कटाव शेड को छूने वाला है. इसी तरह की बारिश होते रही तो शेड को गिरने और जमीन दोज होने से बचाया नहीं जा सकता है. शेड गिर गया तो पालकोट के लोगों को बरसात के दिनों में शव जलाने में भारी परेशानी होगी. शेड की ओर हो रही मिट्टी के कटाव से ग्रामीण गौरी शंकर केसरी, मनोज साव केसरी, कृष्ण कुमार केसरी, प्रदीप केसरी, राधेश्याम केसरी, सुनील केसरी आदि ने चिंता जाहिर की है. इन लोगों का कहना है कि पिछले साल केसरवानी समाज के द्वारा शेड के चारों ओर गार्डवाल निर्माण कराया गया था. बरसाती पानी के तेज बहाव के कारण गार्डवाल बह गया अगर जल्द गार्ड वाल का निर्माण नही कराया गया तो शव जलाने वाला शेड गिर जाएगा. शेड गिरने से नुकसान के साथ-साथ अंतिम संस्कार में बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगा.

### अविराम व एक्सिस बैंक ने संयुक्त रुप से किया पौधरोपण



**लोहरदगा।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरु, लोहरदगा में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और एक्सिस बैंक के सहयोग से भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कॉलेज परिसर में आम के पौधे लगाए गए.कार्यक्रम के दौरान एक्सिस बैंक लोहरदगा शाखा के प्रमुख अमित प्रसाद ने आम के पौधे कॉलेज को प्रदान किए. उन्होंने कहा कि एक्सिस बैंक, अविराम कॉलेज द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों से प्रेरित होकर न सिर्फ पर्यावरण, बल्कि समाज और छात्रों के हित में कार्य करने के लिए भी संकल्पित है. कॉलेज के सचिव इंद्रजीत भारती ने एक्सिस बैंक की पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक निजी संस्था होकर भी एक्सिस बैंक का इस तरह सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ना अत्यंत प्रशंसनीय है. पौधारोपण कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध, जंगबहादुर, पंकज, रेणुका, ममता, पवन, अफताब, शिब, शशि, डॉली, संदीप, तंवी, विद्या, अनुराग सहित अनेक छात्र-छात्राएं एवं एक्सिस बैंक के मैनेजर सेल्स अश्विनी की गरिमामयी उपस्थिति रही.

### डीएवी में बीपीएल विद्यार्थियों को दिये गए स्कूल बैग



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) कोटा के तहत पढ़ाई कर रहे 42 विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग और कॉपियों का वितरण किया गया. यह वितरण सीसीएल द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी थीं, जिन्होंने बच्चों को स्वयं स्कूल बैग और कॉपियाँ प्रदान कीं. उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे नियमित रूप से स्कूल आएं, साफ-सफाई का ध्यान रखें और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन करें. मुखिया ने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग करें. स्कूल बैग मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी. कार्यक्रम में वार्ड सदस्य रामनन्दन राम, स्वयंसेविका संगीता देवी, स्कूल की प्राचार्या डॉ. रिशू चौधरी, शिक्षक संजय कुमार पाण्डेय, यशमीना प्रवीण सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे. इससे न सिर्फ बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई, बल्कि शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को भी बढ़ावा दिया.

**मंथन**

## चतुर्थ वर्गीय नियुक्तियों पर रोक, एक आवश्यक ठहराव

झारखंड सरकार द्वारा चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति पर अस्थायी रोक का निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और संतुलित कदम है. पलामू जिले में नियुक्तियों को लेकर उठे विवाद के बाद यह स्पष्ट हो गया था कि वर्षों पुरानी, बिहार की नियुक्ति नियमावली, जो झारखंड में अब तक लागू थी, वर्तमान परिस्थितियों के अनुकूल नहीं रही. झारखंड अलग राज्य बने दो दशक से अधिक हो चुके हैं, लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया में अब भी बिहार की 1975 की नियमावली का अनुपालन यह दर्शाता है कि राज्य ने अपनी प्रशासनिक पहचान को अभी तक पूरी तरह से आत्मसात नहीं किया है. बदलते सामाजिक, शैक्षणिक और तकनीकी परिप्रेक्ष्य में नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए नई नियमावली की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी. पलामू विवाद ने इस आवश्यकता को तात्कालिक संकट में बदल दिया, और राज्य सरकार ने उचित रूप से निर्णय लिया कि जब तक स्पष्ट और झारखंड की परिस्थितियों के अनुरूप नियमावली नहीं बन जाती, तब तक नियुक्तियों को स्थगित रखा जाए. यह न केवल विवादों से बचने के लिए जरूरी है, बल्कि प्रशासनिक भरोसे को भी बनाए रखने के लिए अनिवार्य है. अब जिम्मेदारी कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की है कि वह शीघ्रता से नई नियमावली का मसौदा तैयार कर, उसे लागू करे ताकि योग्य उम्मीदवारों को जल्द अवसर मिल सके और नियुक्ति प्रक्रिया पर पुनः विश्वास बहाल हो. यह ठहराव तभी सार्थक होगा, जब इसके बाद स्थायी, पारदर्शी और विवादरहित व्यवस्था अस्तित्व में आए.

**नजरिया**

## अतिक्रमण: यह प्रशासनिक निष्क्रियता पर गंभीर सवाल

बाघमारा अंचल के दरीदा मौजा में सरकारी, सर्वसाधारण और रैयती जमीन पर अतिक्रमण का मामला झारखंड प्रशासन की निष्क्रियता और राजनीतिक दबाव के समक्ष झुकती व्यवस्था का स्पष्ट उदाहरण बनकर उभरा है. ग्रामीणों द्वारा बार-बार की गई शिकायत, विधायक सरयू राय के निरंतर प्रयास और यहां तक कि राज्यपाल सचिवालय के निर्देशों के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई न होना गंभीर चिंता का विषय है. सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि आरोप झारखंड के सत्तारूढ़ दल से जुड़े धनबाद सांसद ढुलू महतो पर लगे हैं, जिन पर लगभग 200 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा करने और दो बार सरकारी सूचना बोर्ड को उखाड़ फेंकने का आरोप है. इससे कानून के प्रति उपेक्षा और सत्ता की शह में प्रशासनिक ढिलाई की पुष्टि होती है. राजस्व विभाग की जांच में अतिक्रमण सिद्ध हो चुका है, इसके बावजूद उपायुक्त द्वारा कार्रवाई न करना प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. यदि जनप्रतिनिधियों के प्रभाव में प्रशासनिक मशीनरी इस कदर निष्क्रिय हो जाए, तो आम ग्रामीणों को न्याय कैसे मिलेगा?अब समय आ गया है कि सरकार इस मामले को उदाहरण के रूप में ले. बिना किसी राजनीतिक दबाव के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे. भूमि अधिनियमों का उल्लंघन चाहे किसी आम व्यक्ति द्वारा हो या सांसद द्वारा-कानून की निगाह में सब समान होने चाहिए. अन्यथा, राज्य में कानून का शासन मात्र एक भ्रम बनकर रह जाएगा.

# अमेरिका पर भारी पड़ने वाला है टैरिफ युद्ध

**प्रहलाद सबनानी**



> **ट्रंप प्रशासन टैरिफ को लेकर युद्ध का माहौल बनाने पर आमादा है.**

> **भारत पूरे विश्व में डॉक्टर, इंजीनियर तथा श्रमिक उपलब्ध कराने के मामले में बहुत आगे है. भारत की इस ताकत की अनदेखी आज कोई भी देश नहीं कर सकता है. फिर भी अमेरिका के साथ अभी तक हम टैरिफ को लेकर इंतजार की स्थिति में ही हैं.**

अमेरिकी में डोनाल्ड ट्रंप के फिर राष्ट्रपति बनने के साथ ही दुनिया के लगभग सभी देशों के साथ अमेरिका द्वारा टैरिफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है. किंतु अमेरिका विभिन्न देशों से होने वाले आयात पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर एवं टैरिफ की दरों में बार-बार परिवर्तन कर इस टैरिफ युद्ध को किस दिशा में ले जाना चाह रहा है, इस सम्बंध में अब तक स्पष्टता का पूर्ण अभाव दिखाई देता है. इसे यदि भारत के संदर्भ में देखें तो ट्रंप द्वारा कई बार यह घोषणा की गई है कि वह भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता शीघ्र ही सम्पन्न करेगा. इसके लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया भी और तय समय सीमा से अधिक समय तक वहां रहकर द्विपक्षीय समझौते के अंतिम रूप को ट्रंप के समक्ष प्रस्तुत करने में भी सफल रहा, परंतु अभी तक अमेरिका द्वारा इस द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा नहीं की जा सकी है. दूसरी ओर इस बीच अमेरिका ने कई देशों के विरुद्ध टैरिफ की दरों को बढ़ा दिया है. विशेष रूप से जापान एवं दक्षिणी कोरिया से अमेरिका को आयात होने वाली वस्तुओं पर 1 अगस्त से 25% की दर से टैरिफ लगाया जाएगा. इसी प्रकार, 12 अन्य देशों से आयात पर भी टैरिफ की बढ़ी हुई नई दरें लागू किये जाने का प्रस्ताव किया गया है. इस सम्बंध में अमेरिकी राष्ट्रपति ने इन 14 देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र भी लिखा है. फिलहाल भारत इस सूची में शामिल नहीं है.

अमेरिका द्वारा इसी प्रकार का एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता ब्रिटेन के साथ भी सम्पन्न किया जा चुका है. पूर्व में, ट्रंप प्रशासन ने 90 दिन की अवधि में 90 देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने की बात कही थी तथा 90 दिन की समयावधि 9 जुलाई को समाप्त होने के बाद भी दो देशों ब्रिटेन एवं चीन के साथ ही द्विपक्षीय समझौता सम्पन्न हो सका है. वैश्विक स्तर पर अमेरिका द्वारा छेड़े गए इस टैरिफ युद्ध से निपटने के लिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है. भारत ने वैश्विक मंच पर न तो अमेरिका के टैरिफ की दरों में वृद्धि सम्बंधी निर्णयों की आलोचना की है और न ही भारत में अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है. बल्कि, भारत ने तो अमेरिका से आयात होने वाली कुछ विशेष वस्तुओं पर टैरिफ को कम कर दिया है. दरअसल, भारत इस समय विकास के उस चक्र में पहुंच गया है जहां पर भारत को अपना पूरा ध्यान आर्थिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित करने की आवश्यकता है. भारत को यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना है तो आगे आने वाले लगभग 20 वर्षों तक लगातार लगभग 8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को बनाए रखना अति आवश्यक है. इसलिए भारत एक विशेष रणनीति के अंतर्गत अपने आर्थिक विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करता हुआ दिखाई दे रहा है. भारत के इजरायल से अच्छे सम्बंध हैं तो ईरान के साथ भी भारत के सम्बंध हैं. रूस एवं यूक्रेन युद्ध के बीच भी भारत ने दोनों देशों के साथ संतुलित व्यवहार बनाए रखा. इसी कड़ी में, चीन के साथ भी जरूरत अनुसार वार्ता का दौर जारी रखा जा रहा है, बावजूद इसके कि कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत के विरुद्ध कार्य करता हुआ दिखाई देता है.

अभी हाल ही में चीन ने भारत को दुर्लभ खनिज पदार्थों की आपूर्ति पूर्णतः रोक दी है. चीन द्वारा समय-समय पर भारत के लिए खड़ी की जा रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु भारत ने विश्व के पूर्वी देशों एवं विश्व के दक्षिणी भाग में स्थित देशों की ओर रुख किया है. अभी हाल ही में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने घाना, नामीबिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, त्रिनिदाद एवं टोबैगो जैसे देशों की यात्रा इस उद्देश्य से सम्पन्न की है ताकि दुर्लभ खनिज पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके. इन देशों में दुर्लभ खनिज पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है.भारत में 140 करोड़ नागरिकों का विशाल बाजार उपलब्ध है, जिसे अमेरिका एवं चीन सहित विश्व का कोई भी देश नजरअन्दाज नहीं कर सकता है. यदि अमेरिका एवं चीन भारत के साथ अपने सम्बन्धों को किसी भी कारण से बिगाड़ने का प्रयास करते हैं तो लम्बी अवधि में इसका नुकसान इन्हीं देशों को अधिक है, क्योंकि ऐसी स्थिति में वे भारत के बाजार से वंचित हो जाएंगे. वैसे भारत फार्मा, ऑटो, कृषि, इंजीनीयरिंग, टेक्नॉलोजी, स्पेस, सूचना प्रौद्योगिकी, आदि क्षेत्रों में बहुत आगे निकल चुका है. देखा जाए तो आज भारत विकास के उस पड़ाव पर पहुंच चुका है, जिसकी अनदेखी विश्व का कोई भी देश नहीं कर सकता.

विश्व में केवल भारत ही युवा देश की श्रेणी में गिना जा रहा है क्योंकि भारत की 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयुवर्ग में हैं तथा 40% आबादी 15 से 35 वर्ष के आयुवर्ग में हैं. अतः एक तरह से भारत विश्व के लिए श्रम का आपूर्ति केंद्र बन गया है. लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बाद जब इन देशों में आधारभूत सुविधाओं को पुनर्विकसित करने का कार्य प्रारम्भ होगा तो इन्हें भारतीय श्रमिकों एवं इंजीनियरों की आवश्यकता पड़ेगी ही. एक अनुमान के अनुसार अकेले रूस द्वारा 10 लाख भारतीयों की मांग की जा सकती है. इसी प्रकार, इजरायल एवं हमास तथा ईरान के बीच युद्ध की समाप्ति के बाद इन देशों में भी बुनियादी ढांचे को पुनः मजबूत करने का कार्य जब शुरू होगा तो इन देशों को भी भारतीयों की जरूरत पड़ेगी. इजरायल, जापान सिंगापुर एवं ताईवान आदि द्वारा तो पूर्व में भी भारतीय इंजिनीयरों की मांग की जाती रही है. अमेरिका, ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों में तो डॉक्टर एवं इंजीनियरों की भारी मांग पूर्व से ही बनी हुई है.

अतः भारत विश्व में डॉक्टर, इंजीनियर तथा श्रमिक उपलब्ध कराने के मामले बहुत आगे है. भारत की इस ताकत की अनदेखी आज कोई भी देश नहीं कर सकता है. फिर भी अमेरिका के साथ अभी हम टैरिफ को लेकर इंतजार की स्थिति में है. यदि वह भारतीय संदर्भों को नजरअंदाज करता है, तो यह मान लीजिए कि उसे भविष्य में बड़ा नुकसान होना तय है. **(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं.)**

## आज का इतिहास

**1489:** निजाम सिकंदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित हुआ.
**1549:** बेल्जियम से यहूदियों को निकाला गया.
**1893:** इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले क्रिकेटर बने.
**1943:** ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स ने जर्मनी के पीनमुंदे रॉकेट बेस पर हमला किया.
**1948:** महिलाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा और पुलिस सेवा समेत सभी सेवाओं में भर्ती होने की पात्रता मिली.
**1950:** पंजाब के पठानकोट शहर के पास भारत की पहली यात्री विमान दुर्घटना.
**1995:** फोर्ब्स ने बिल गेट्स को दुनिया का सबसे अमीर आदमी घोषित किया.
**2006:** अंतरिक्ष यान डिस्कवरी 13 दिन की यात्रा पूरी कर कैप कैनबरा में सकुशल उतरा.
**2008:** अफ़ग़ानिस्तान में नाटो सेनाओं ने पाकिस्तान में छिपे आतंकियों पर मिसाइलों से हमला किया.

## सबका रखवाला तो सर्वशक्तिमान ईश्वर ही है...

**चिंतन**

बात बहुत पुराने जमाने की है. एक देश का एक राजा अपनी वीरता और सुशासन के लिए विश्व प्रसिद्द था. एक बार वो अपने गुरुदेव के साथ भ्रमण कर रहा था, अपने राज्य की समृद्धि और खुशहाली देख कर उसके भीतर घमंड के भाव आने लगे, और वो राजा मन ही मन सोचने लगा, सचमुच, मैं एक महान राजा हूं, मैं कितने अच्छे से अपनी प्रजा देखभाल करता हूं! गुरुदेव सर्वज्ञानी थे, वे तुरंत ही अपने शिष्य राजा के भावों को समझ गए और तत्काल उसे सुधारने का निर्णय लिया.

रास्ते में ही एक बड़ा सा पत्थर पड़ा था, गुरु जी ने सभी सैनिकों को उसे तोड़ने का निर्देश दिया.

जैसे ही सैनिकों ने पत्थर के दो टुकड़े किए एक अविश्वश्नीय दृश्य दिखा, पत्थर के बीचो-बीच कुछ पानी जमा था और उसमें एक छोटा सा मेंढक रह रहा था. पत्थर टूटते ही वो अपनी कैद से निकल कर भागा. सब अचरज में थे कि आखिर वो मेंढक इस तरह कैसे कैद हो गया और इस स्थिति में भी वो अब तक जीवित कैसे था?

अब गुरु जी राजा की तरफ पलटे और पूछा, अगर आप ऐसा सोचते हैं कि आप इस राज्य में हर किसी का ध्यान रख रहे हैं, सबको पाल-पोष रहे हैं, तो बताइए इन पत्थरों के बीच फंसे उस मेंढक का ध्यान कौन रख रहा था..बताइए कौन है इस मेंढक का रखवाला?

राजा को तुरंत अपनी गलती का एहसास हो चुका था, उसे अपने अभिमान पर पछतावा होने लगा , गुरुदेव की कृपा से वो जान चुका था कि वो ईश्वर ही है, जिसने हर एक जीव को बनाया है और वही है, जो सबका ध्यान रखता है.

मित्रों, कई बार अच्छा काम करने पर मिलने वाले यश और प्रसिद्धि से लोगों के मन में अहंकार घर कर जाता है, और अंततः यही उनके अपयश और दुर्गति का कारण बनता है. अतः हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम चाहे इस जीवन में किसी भी मुकाम पर पहुंच जाएं कभी घमंड न करें, और सदा अपने अर्थपूर्ण जीवन के लिए उस सर्वशक्तिमान ईश्वर, अल्लाह, वाहे-गुरु के प्रति कृतज्ञ रहें.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #PMSriLankaAtISARCM
2. #GitaMahayajnaGoesWorldwide
3. #ThinkLifeThinkTerm
4. #MotoG96onFlipkart
5. #अस्थियों_से_परोपकार
6. AdityaBirla SunLifeInsurance
7. Positive Lifestyle
8. Sanskari Yuva
9. श्री गणेश
10. The Sale

# बहुरंग



## किआरा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर आई नन्हीं परी

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर खुशियों ने दस्तक दी है. कियारा ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है. बीते दिनों उन्हें पति सिद्धार्थ के साथ मुंबई के एक क्लिनिक के बाहर देखा गया था, जिसके बाद अटकलें तेज़ हो गई थीं. अब जब यह खुशखबरी सामने आ चुकी है, तो बधाइयों की बाढ़ आ गई है. फैंस से लेकर फिल्म इंडस्ट्री के सितारे तक कियारा और सिद्धार्थ को पहली बार माता-पिता बनने पर दिल से शुभकामनाएं दे रहे हैं.

कियारा और सिद्धार्थ अब माता-पिता बन चुके हैं, और इस खुशखबरी की पुष्टि खुद दोनों ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर की है. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारे दिल इस समय बेहद खुश हैं और हमारी दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही. हमें एक नन्हीं सी परी का आशीर्वाद मिला है. पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर बधाइयों की बाढ़ आ गई. फैन्स व फिल्म इंडस्ट्री के सितारों ने भी कपल को पैरेंट्स बनने की खुशी पर दिल से बधाई दी है.

फरवरी, में इस जोड़े ने घोषणा की थी कि वे जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं, और अब उनके घर खुशियों की किलकारियां गूंज उठी हैं. सिद्धार्थ और कियारा ने 7 फरवरी 2023 को जैसलमेर में शाही अंदाज़ में शादी की थी. अब बेटी के आगमन के साथ उनकी ज़िंदगी में एक नई और खूबसूरत शुरुआत हो चुकी है, जिसे लेकर उनके प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है.सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को पहली बार साथ में फिल्म 'शेरशाह' में देखा गया था, और कई लोगों को लगता है कि उनकी दोस्ती की शुरुआत भी इसी फिल्म से हुई थी, लेकिन हकीकत कुछ और है.

## बिग बी की आवाज में केवीसी 17 का प्रोमो



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने न सिर्फ सिनेमा, बल्कि टेलीविजन की दुनिया में भी अपनी एक खास पहचान बनाई है. उनका प्रतिष्ठित क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' हर सीजन में दर्शकों की पहली पसंद रहा है. अब यह शो अपने नए सीजन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के साथ वापसी कर रहा है. खास बात यह है कि इस बार भी शो की मेजबानी खुद अमिताभ बच्चन ही करते नजर आएंगे. हाल ही में शो का प्रोमो रिलीज किया गया है, जिसे देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं और सोशल मीडिया पर इसकी जमकर चर्चा हो रही है. अब दर्शकों को इंतजार है उस दिन का जब बिग बी एक बार फिर हॉट सीट पर अपने अंदाज में कहेंगे, देवियों और सज्जनों, स्वागत है आपका...

'कौन बनेगा करोड़पति 17' की वापसी की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है. यह लोकप्रिय क्विज शो 11 अगस्त, 2025 से हर सोमवार से शुक्रवार, रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा. इस बार भी शो की मेजबानी सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ही करते नजर आएंगे. उनके बेटे अभिषेक बच्चन ने इस मौके पर एक खास संदेश शेयर किया. उन्होंने लिखा, ₹द बॉस, वापस आ गया है! इसके साथ ही उन्होंने शो के प्रोमो में बोला गया अमिताभ का एक मज़ेदार डायलॉग भी शेयर किया. उन्होंने फिल्म 'अग्निपथ' के फेमस डायलॉग जोड़ा केबीसी के साथ अपॉइंटमेंट है, इंग्लिश बोलता है.

जहां एक ओर अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के साथ छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सलमान खान भी अगस्त के अंत तक 'बिग बॉस 19' के जरिए जिओ सिनेमा पर वापसी करने वाले हैं. ऐसे में एंटरटेनमेंट की दुनिया में दो बड़े शो आमने-सामने होंगे, जिससे इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है. गौरतलब है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' बीते 25 वर्षों से दर्शकों का भरोसा जीतता आ रहा है. इस शो ने न केवल आम लोगों को करोड़पति बनने का मौका दिया, बल्कि ज्ञान और बुद्धिमत्ता को देशभर में एक नया मंच भी दिया है.

## धीरज कुमार के अंतिम दर्शन को पहुंचे सितारे, आंखें नम हुईं



बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता और निर्माता-निर्देशक धीरज कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे. बुधवार सुबह उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पर रखा गया. एक तरफ जहां इंडस्ट्री इस दुखद क्षति से स्तब्ध है, वहीं सोशल मीडिया पर भी फैन्स और साथी कलाकार उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दे कर रहे हैं.

धीरज कुमार के पार्थिव शरीर को अस्पताल से मुंबई में उनके आवास तक फूलों से सजी एंबुलेंस में लाया गया. एंबुलेंस के सामने उनकी बड़ी तस्वीर लगाई गई थी, जिसे देखकर हर कोई भावुक हो उठा. अंतिम दर्शन के लिए परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और करीबी मित्र मौजूद हैं. परिवारजन भी नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दे रहे हैं, वहीं उनकी पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है. धीरज कुमार के अंतिम दर्शन करने के लिए शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के डायरेक्टर असित मोदी भी पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा, 'टीवी इंडस्ट्री के लिए ये बहुत बड़ा नुकसान है.' इसके अलावा दिग्गज अभिनेता रजा मुराद ने भी दुख जाहिर किया. उन्होंने कहा, 'धीरज जी ने बहुत शोहरत कमाई लेकिन उसके साथ-साथ उन्होंने बहुत इज्जत भी कमाई. वो जो कमिट करते थे वो जरूर करते थे.'

## रितेश देशमुख के करीबी का हुआ निधन, भावुक पोस्ट में छलका अभिनेता का दर्द



बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख के मैनेजर और मार्गदर्शक राजकुमार तिवारी इस दुनिया को अलविदा कह गए. पिछले 22 वर्षों से रितेश की प्रोफेशनल जिंदगी को संवारने वाले इस शख्स ने न सिर्फ एक अभिनेता को स्टार बनाने में मदद की, बल्कि उन्हें हर मुश्किल दौर में संभाला भी. रितेश ने इस दुखद खबर को शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट लिखा, जिसमें उनका दर्द साफ-साफ छलक रहा है.

राजकुमार तिवारी के निधन की खबर मिलने के बाद रितेश ने अपने इंस्टाग्राम पर उनके साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि वो न सिर्फ उनके मैनेजर, बल्कि उनके बड़े भाई और परिवार जैसे थे. रितेश ने लिखा, 'आपने मेरे हर फैसले को सही दिशा दी, मेरे मुश्किल समय में मेरा साथ दिया. आप हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहेंगे.' उन्होंने राजकुमार तिवारी के बेटों सिद्धार्थ और सुजीत के प्रति भी संवेदना जताई और उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत बनाए रखने की बात कही. राजकुमार तिवारी वो नाम हैं, जो पर्दे के पीछे रहकर कलाकारों की जिंदगी को सही दिशा देते हैं. रितेश के अभिनय करियर की शुरुआत साल 2003 में फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से हुई थी और तब से लेकर अब तक राजकुमार उनके साथ एक मजबूत स्तंभ की तरह जुड़े रहे. चाहे वो सफल फिल्मों की रिलीज हो या करियर के उतार-चढ़ाव, राजकुमार हर मोड़ पर रितेश के साथ खड़े रहे.

**दुखदाई खबर**

## तेलुगु सुपरस्टार रवि तेजा के पिता का निधन



तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार रवि तेजा के पिता भूपतिराजू राजगोपाल राजू का निधन हो गया है. 90 वर्ष की उम्र में उन्होंने हैदराबाद स्थित आवास पर अंतिम सांस ली. बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे. राजगोपाल राजू के निधन से न सिर्फ उनका परिवार दुखी है, बल्कि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर फैल गई है.

मेगास्टार चिरंजीवी ने एक्स पर लिखा, भाई रवि तेजा के पिता के निधन की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ. मैं उनसे आखिरी बार वाल्टेयर वीरय्या के सेट पर मिला था. वे बहुत खुशमिजाज थे और बड़े उत्साह से बात करते थे. इस कठिन समय में, उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना. मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले. डायरेक्टर गोपीचंद मलिनेनी ने एक्स पर लिखा, रवितेजा के पिता राजगोपाल राजू गारू के निधन से दुःखी हूं. इस कठिन समय में रवितेजा गारू और उनके परिवार के लिए शक्ति और शांति की प्रार्थना करता हूं. ॐ शांति. राजगोपाल राजू एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी थे. उनके परिवार में पत्नी राज्य लक्ष्मी व दो बेटे सुपरस्टार रवि तेजा और रघु राजू हैं. उनका तीसरा बेटा भरत राजू का कार दुर्घटना में निधन हो गया था. राजू आंध्र के जग्गमपेटा में पत्नी के साथ रहे. बेटे रवि तेजा के फिल्मी दुनिया में बुलंदियों तक पहुंचने के बावजूद उन्होंने हमेशा सादा जीवन जीना पसंद किया.




**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है. शुभांक-3-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है. स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा. किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं. शुभांक-2-4-5

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. परिवार पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी. शुभांक-1-3-5

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. आत्मङ्क्षचतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें. नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. शुभांक-2-3-5

**तुला :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा. परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं. कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे. दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. पुरुषार्थ का सहारा लें. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी. व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे. उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा. आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे. बुद्घि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी. आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-1-4-6

**धनु :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता है. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं. शुभांक-3-5-6

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा परिणाम शुभ रहेगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे. शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी. अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं. कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. मनोरथ सिद्घि का योग है. शुभांक-3-5-7

**मीन :** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी. उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी. कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे. चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी. बौद्घिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा. शुभांक-2-5-6



# फैशन इंडस्ट्री में आपको चाहिए क्रिएटिविटी और आर्ट से अधिक स्किल्स

आज के फैशन इंडस्ट्री में आपको क्रिएटिविटी और आर्ट से अधिक स्किल्स चाहिए। फैशन इंडस्ट्री में लगभग 3,400 मिलियन लेबर फोर्स जुड़ा है। फैशन इंडस्ट्री में बढ़ती डिमांड के कारण इस क्षेत्र में करियर के ऑप्शन भी बढ़ रहे हैं। लेकिन इस इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए आपको क्रिएटिविटी और आर्ट के अलावा भी कई ऐसे स्किल्स हैं जिसकी मदद से बेहतर करियर बनाया जा सकता है। आइए इस विषय पर चर्चा करते हैं।

## बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स

एक सफल कोलॉबोरेशन के लिए एक फैशन डिजाइनर के रूप में अपने करियर को एक नए लेवल पर विस्तारित करने के लिए बेहतर कम्युनिकेशन की आवश्यकता होती है। अपने विचारों को साझा करना, विचार एकत्र करना और आलोचना करना उचित और उचित संचार पद्धति के साथ-साथ चलते हैं।

## इफेक्टिव नीडल वर्क

एक फैशन डिजाइनर के रूप में, सिलाई सबसे बुनियादी स्किल्स में से एक बन जाती है। एक डिजाइनर के रूप में आपको अपने द्वारा डिजाइन किए गए कपड़े बनाने में सक्षम होना चाहिए। सब कुछ पूरी तरह से जुड़ जाता है जब आप एक शुरुआत के रूप में अपने डिजाइनों को शीट से बाहर लाने में शामिल तरीकों के अनुभवी ज्ञान की भावना विकसित करने के लिए कर सकते हैं।

## अच्छे शैक्षणिक संस्थान

अगर फैशन डिजाइनर बनना होगा है आपकी जड़ें मजबूत होनी चाहिए। फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करने से पहले यह जरूर चेक कर लें कि कौन-सा शैक्षिक संस्थान आपके लिए सबसे बेहतर होगा। इस विषय में इंटरनेट पर सारी जानकारियां मिल जाएंगे।

## सहयोगात्मक और टीम स्किल्स

एक फैशन डिजाइनिंग के स्टूडेंट के रूप में टीम स्किल्स बहुत आवश्यक हो जाता है। फैशन डिजाइनिंग ड्रेस डिजाइन करने के अलावा और भी बहुत कुछ है। इसके लिए ऐसे लोगों के साथ एक टीम की आवश्यकता होती है जो समस्या-समाधान को संभाल सकें, मुद्दों का समाधान कर सकें, एक दूसरे के साथ सहयोग कर सकें।





# बीबीए के बाद दें अपने सपनों को नई उड़ान

बीबीए यानि बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन आजकल विद्यार्थियों में खासा लोकप्रिय कोर्स है। यह मैनेजमेंट में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए ही बना है

अन्य क्षेत्रों की तरह ही इस क्षेत्र में वेतन पैकेज किसी व्यक्ति की क्षमताओं पर निर्भर करता है, लेकिन कोई भी प्रति माह 8000 से 30000 के बीच पैकेज की अपेक्षा कर सकता है। जिसमें सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिसर्च असिस्टेंट, ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर, इवेंट मैनेजर या फिर फाइनेंसियल एनालिस्ट के रूप में आपको नौकरी मिल सकती है।

## मैनेजमेंट में पोस्टग्रेजुएट डिग्री



जैसे कि आप सभी जानते होंगे, बीबीए एमबीए की नींव रखता है। यह वास्तव में, एमबीए के लिए जरूरी कदम माना जा सकता है। दूसरे छात्रों के मुकाबले मैनेजमेंट से ग्रेजुएशन करने वाले छात्र के लिए एमबीए करना आसान हो जाता है क्योंकि उसे पहले से मैनेजमेंट के मूल सूत्रों के बारे में ज्ञान रहता है। बीबीए के बाद आप या तो एमबीए या पीजीडीएम कर सकते हैं। दोनों ही प्रोफेशनल पाठ्यक्रम हैं और आपको बिजनेस और मैनेजमेंट स्किल्स के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं। एक छात्र पोस्ट-ग्रेजुएशन स्तर पर अपनी पसंद के किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञ भी हो सकता है और भविष्य की करियर संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

## कॉर्पोरेट क्षेत्र में विकल्प

बीबीए करने के बाद एक छात्र के पास बहुत सारे विकल्प रहते हैं, वो कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अपनी सफलता का परचम फैला सकता है और एक अच्छे वेतन के साथ नौकरी प्राप्त कर सकता है। इस कोर्स की बहुमुखी प्रकृति के कारण नौकरी के अवसर भी बहुमुखी होते है- जैसे कि फायनेंस, मार्केटिंग या फिर ऑपरेशन्स डिपार्टमेंट, साथ ही ह्यूमन रिसोर्स एग्जीक्यूटिव (मानव संसाधन कार्यकारी) के रूप में भी काम कर सकता है। इस कोर्स की खास बात ये भी है कि ये एक प्रोफेशनल कोर्स है और इसलिए विद्यार्थियों का प्लेसमेंट कॉलेज कैंपस में भी हो सकता है क्योंकि विभिन्न कम्पनियाँ कॉलेज में से ही नौकरी के लिए उम्मीदवार खोजती है।

## एक बिजनेसमैन बने

आजकल स्टार्टअप का जमाना है, जहाँ एक समय था जब लोग नौकरी कि चाह रखते थे वहीं आज बिजनेस करने का मन रखने वाले युवाओं की गिनती भी लगातार बढ़ रही है। ग्रेजुएशन करने के बाद छात्र अपने आपको एक उद्यमी के रूप में देखना पसंद कर रहे है। बीबीए के एक छात्र को व्यवसाय से संबंधित ज्ञान दिया जाता है, जो उसे सफलतापूर्वक व्यवसाय चलाने के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने में मदद करता है। नेतृत्व और संचार कौशल पर अत्यधिक ध्यान देने के कारण, छात्र सही निर्णय लेने और उद्यमी के रूप में अपना व्यवसाय को सफल बनाने में सक्षम हो जाता है।

## सरकारी क्षेत्र में कार्य

आईबीपीएस, एसबीआई और अन्य बैंक परीक्षाओं जैसी कई प्रतिष्ठित सरकारी परीक्षाएं बैंकिंग और व्यवसाय के ज्ञान पर जोर देती हैं। बीबीए में डिग्री के साथ, आप इन परीक्षाओं को आसानी से उत्तीर्ण कर सकते हैं। एक बीबीए छात्र को पाठ्यक्रम के दौरान बैंकों, उनके कामकाज और विभिन्न व्यापार-संबंधी मामलों के बारे में जानकारी दी जाती है, इसलिए एक मैनेजमेंट का छात्र निश्चित रूप से अन्य छात्रों के मुकाबले इस क्षेत्र में भी अव्वल हो सकता है।

## विदेशी दूतावासों में नौकरी

विभिन्न विदेशी दूतावासों को मैनेजमेंट की डिग्री वाले छात्रों की आवश्यकता होती है। छात्र एक विदेशी भाषा सीख सकते हैं और उस विशेष दूतावास में काम पर जा सकते हैं। छात्र टीओईएफएल या आईईएलटीएस जैसी परीक्षाएं भी दे सकते हैं और आगे के अध्ययन के लिए विदेश में जा सकते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र



बीबीए की डिग्री के साथ छात्र डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में भी अपने हाथ आजमा सकते है, इस क्षेत्र में अभी अपार संभावनाएं है। सोशल मीडिया और डिजिटलीकरण ने इस क्षेत्र में नौकरियों का भंडार लगा दिया है। आज विभिन्न मार्केटिंग और बिजनेस स्किल्स को अपना लोग अपने व्यवसाय को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहे है और इसलिए ही इस क्षेत्र में एक बीबीए के छात्र को आसानी से रोजगार के अवसर मिल सकते है। बुनियादी ज्ञान और अच्छे लेखन कौशल होने से आप इस नए पेशे में अपने करियर को तेजी से बना सकते है। डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से, आप किसी भी कंपनी की छवि को बदलने और बिज़नेस और मार्केटिंग के लिए रणनीति बना सोशल मीडिया का स्मार्ट उपयोग कर सकते हैं। इन दिनों प्रचलित नौकरियों में कंटेंट राइटिंग और क्रिएटिव राइटिंग जैसे कई अन्य विकल्प भी शामिल हैं, जिनसे आप विज्ञापन एजेंसियों और दूसरी कंपनियों के लिए लिख कर पैसा कमा सकते है।

## अन्य विशेष कोर्स में करियर

मैनेजमेंट में डिग्री कर एक छात्र अन्य पाठ्यक्रमों जैसे होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म में भी विशेष डिग्री कर अपना करियर बना सकता है। इसके अलावा विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट भी बन सकते हैं, जिसके लिए उसके तीन चरणों को उत्तीर्ण करना होगा। एक छात्र चाहे तो कई सर्टिफिकेशन कोर्स भी कर सकता है - जैसे की प्रमाणित विश्लेषक कार्यक्रम (सीसीएपी), फायनेंस में एग्जीक्यूटिव कोर्स या रिस्क मैनेजमेंट में डिग्री कर भी करियर बना सकता है। इसलिए, बीबीए के बाद कई विकल्प है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि आपकी रुचि कहाँ है। अपने विकल्पों का मूल्यांकन करें, अपनी रुचियों का आत्म निरीक्षण करें और आगे का सबसे अच्छा तरीका चुनें।

## कुछ अलग क्षेत्र

एक अलग क्षेत्र का चयन करना उन छात्रों के लिए अच्छा तरीका हो सकता है, जिनकी बिजनेस और मैनेजमेंट क्षेत्र से बाहर निकलने की इच्छा है क्योंकि उनका पाठ्यक्रम के दौरान या बाद में कोर्स में रुचि नहीं थी। मास कम्युनिकेशन, ट्रेवल एंड टूरिज्म जैसे कार्यक्रम ग्रेजुएशन के ज्ञान का उपयोग कर और नया ज्ञान दे, एक छात्र के करियर को नयी दिशा दे सकते है। बिजनेस जर्नलिज्म, मास कम्युनिकेशन करने के बाद एक अच्छा क्षेत्र है, जो एक छात्र को अपने दोनों पाठ्यक्रमों के ज्ञान का उपयोग करवाएगा।







# खेल में करियर बनाने के लिए जरूरी हैं ये बातें

पिछले कुछ वर्षों से भारत में क्रिकेट के साथ-साथ टेनिस, हॉकी, कबड्डी, फुटबॉल आदि खेलों में भी युवाओं की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। आउटडोर व इनडोर खेले जाने वाले ऐसे तमाम स्पोर्ट्स हैं, जिनमें से आप अपनी पसंद के अनुसार किसी एक को चुनकर उसे अपना पैशन बना सकते हैं। अगर आप किसी खेल के दीवाने हैं, दिन-रात हर समय आंखों के सामने वही छाया रहता है, तो फिर अपने इस शौक को जुनून बनाने से पीछे न हटें। घर-परिवार को कनविंस करें, स्कूल-कॉलेज या क्लब की टीम में शामिल हों और हर मोर्चे पर सक्रिय रहते हुए अपनी अलग पहचान बनाएं। कुछ नया और अलग करने का प्रयास करके ही आप दूसरों की नजरों में आ सकते हैं और लगातार आगे बढ़ने का मौका हासिल कर सकते हैं। जरूरी नहीं कि आप क्रिकेट ही खेलें, आप अपनी पसंद के अनुसार हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, टेनिस, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग आदि जैसे खेल या फिर शतरंज, टेबल टेनिस आदि जैसे इनडोर गेम्स को भी चुन सकते हैं।

## आम से बनें खास

सचिन तेंडुलकर से लेकर महेंद्रसिंह धोनी और विराट कोहली तक तमाम खिलाड़ी सामान्य मध्यमवर्गीय परिवारों से निकले हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और जज्बे से दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया। मगर ये युवा कामयाबी के शिखर पर इसलिए पहुंच पाए, क्योंकि इन्होंने जिस खेल को पसंद किया, उसमें पूरी तरह डूब गए। दिन-रात सीखते रहने के जज्बे से ये बिना रुके लगातार आगे बढ़ते गए। जिनके घर-परिवार, माता-पिता को शायद पूरा शहर भी नहीं जानता था, उसे देश क्या, दुनिया जानने पहचानने लगी। आप भी जो खेल पसंद करें, अगर उसमें अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो उसे आधे-अधूरे मन से खेलने या टाइम-पास करने के बजाए रणनीति बनाकर उसमें आगे बढ़ें। माता-पिता को इसके लिए सहमत करें। आपकी प्रतिभा देख वे भी आपको आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## अति-आत्मविश्वास नहीं

तैयारी की दिशा में आगे बढ़ते हुए आपकी नजर हमेशा लक्ष्य पर होनी चाहिए। जरूरी नहीं कि लक्ष्य हमेशा एक ही रहे। एक उपलब्धि पाने के बाद स्वाभाविक रूप से आपका लक्ष्य उससे बड़ा हो जाता है। हां, एक बात हमेशा गांठ बांधकर रखें- अपनी उपलब्धियों को लेकर कभी भी अति-आत्मविश्वासी न हों। उपलब्धियों पर खुश जरूर हों लेकिन खुशी को कभी भी गुरूर न बनने दें।

## सीखने को रहें तत्पर

किसी भी क्षेत्र में कभी कोई शत-प्रतिशत पूर्ण या पारंगत नहीं होता। ऐसे में सीखने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। आप किसी से भी सीख सकते हैं, फिर वह उम्र में आपसे बड़ा हो या छोटा। हो सकता है कि प्रतिद्वंद्वी टीम या उसके खिलाड़ी से आपको कुछ सीखने को मिल जाए। आप तभी सीख सकते हैं, जब आप इसके लिए उत्सुक रहेंगे। अपना दिमाग, आंखें और कान खुले रखेंगे।

## हार से सबक

हो सकता है कि आप कभी किसी टीम या खिलाड़ी से बार-बार हार रहे हों। इससे आपकी हताशा बढ़ रही हो। आप अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए जितना परेशान होते हैं, परिणाम और बुरा होता जाता है। अगर कभी ऐसा होता है, तो चिंतित होने के बजाए सबसे पहले यह सोचें कि आखिर आपसे चूक कहां हो रही है। आखिर ऐसी कौन-सी कमजोरी है, जिसका फायदा प्रतिद्वंद्वी को मिल रहा है? उस कमजोरी को तलाशें और थोड़ी अतिरिक्त मेहनत करके उस पर काबू पाएं। हो सके, तो इस बारे में किसी कोच या सीनियर खिलाड़ी की मदद भी लें।

## पढ़ाई भी साथ-साथ

ऊपर के बदले हुए मुहावरे के अनुसार बेशक आज खिलाड़ी नाम कमाने के साथ-साथ खूब पैसा भी कमा रहे हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप पढ़ाई को पूरी तरह भूलकर खेल में रम जाएं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने और हर तरह के लोगों से स्मार्ट कम्युनिकेशन के लिए एक स्तर तक पढ़ाई भी बेहद जरूरी होती है। आप देखेंगे कि दुनिया के तमाम सफल खिलाड़ी खेलों में जोरदार प्रदर्शन के साथ-साथ अपनी बातों को भी बेहद कुशलता के साथ सामने रखते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि आप अपनी पसंद के खेल को समय देने के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें।

# भारत की हार पर आलोचनाओं की बाढ़, निशाने पर जडेजा-गिल और बुमराह

एजेंसी। नई दिल्ली




टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में हार का सामना करना पड़ा. इस हार की वजह से भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गई है. भारत की हार पर पूर्व क्रिकेटरों की ओर से काफी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं. भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 रन पर ऑलआउट हो गई थी. रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने मैदान पर गजब का साहस दिखाया, लेकिन हार से बचा नहीं पाए. जहां कुछ पूर्व क्रिकेटर्स इन क्रिकेटरों के साहस की प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं कई पूर्व क्रिकेटर्स जडेजा को लेकर मिली जुली प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह भी निशाने पर आए हैं. पूर्व क्रिकेटर्स जडेजा की बल्लेबाजी की तारीफ तो कर रहे हैं, लेकिन साथ ही यह भी कह रहे हैं कि उन्हें तेज बल्लेबाजी करनी चाहिए थी. रविचंद्रन अश्विन, इरफान पठान और मोहम्मद कैफ की ओर से प्रतिक्रियाएं आई हैं. वहीं, पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने विराट कोहली को संन्यास से वापस आने के लिए कहा है.

**अश्विन ने जडेजा को लेकर दिया बयान :** अश्विन ने कहा कि लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान उनकी बात एक बड़े क्रिकेटर से हुई और दोनों इस बात पर सहमत थे कि जडेजा को तेजी से रन बटोरने चाहिए. अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं पूरे मैच के दौरान एक बड़े क्रिकेटर को मैसेज करता रहा. मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन हम दोनों मैच पर चर्चा कर रहे थे. हम दोनों को लगा कि जडेजा को शायद थोड़ा और जोखिम लेना चाहिए था, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं. जिस तरह से वह खेले, उसे सलाम है! जड्डू ने जेन बोल्ड की एक पूरी पीढ़ी को दिखाया कि आप धैर्य के साथ खेल सकते हैं और टेस्ट गेम को चमका सकते हैं.' अश्विन ने कहा कि जडेजा और सिराज दोनों को लगातार गेंदों को डिफेंड करने के बजाय शोएब बशीर को निशाना बनाना चाहिए था. उन्होंने कहा, 'जडेजा सिराज के साथ एक गेंदबाज को चुन सकते थे और उन्हें बशीर पर अटैक करना चाहिए था, क्योंकि सिराज ढलान की वजह से लेग साइड पर एक स्पिनर को बड़े शॉट खेल सकते हैं.' अश्विन से पहले महान स्पिनर अनिल कुंबले ने भी जडेजा के अप्रोच पर सवाल उठाए थे.

**पठान ने वर्कलोड मैनेजमेंट पर दिया बयान :** वहीं, भारत के पूर्व पेसर इरफान पठान ने बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट को निशाने पर लिया और उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का उदाहरण दिया. स्टोक्स ने लॉर्ड्स टेस्ट में 44 रन और 33 रन की पारियां खेलने के अलावा पहली पारी में 20 ओवर गेंदबाजी की और दो विकेट लिए. दूसरी पारी में उन्होंने 24 ओवर गेंदबाजी की और तीन विकेट लिए. इसके लिए स्टोक्स को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया. पठान स्टोक्स से काफी प्रभावित दिखे. पठान ने कहा, 'स्टोक्स ने मैराथन 9.2 ओवर का स्पैल किया. वह 4डी प्लेयर हैं. वह गेंदबाजी, बल्लेबाजी, शानदार फील्डिंग...सब कर लेते हैं. पंत को स्टोक्स ने शानदार रन आउट किया. इसके बावजूद इंग्लैंड में वर्कलोड मैनेजमेंट की बात नहीं होती. भारत में हम इसका बहुत जिक्र करते हैं.

## कैफ ने शुभमन गिल को निशाने पर लिया

भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने शुभमन गिल के एटीट्यूड पर निशाना साधा. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'शुभमन गिल की जैक क्राउली के साथ लड़ाई ने इंग्लैंड को प्रभावित किया. एजबेस्टन के बाद इंग्लैंड की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और कप्तानी को लेकर सवाल उठने लगे थे, लेकिन उस घटना ने स्टोक्स को आगबबूला कर दिया. उन्होंने एक प्रेरणादायक स्पैल फेंका. उस रवैये से चिपके रहना बुद्धिमानी है जो आपके लिए काम करता है. गिल इसी तरह कठिन तरीके से सीखेंगे.' कैफ के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी गिल पर निशाना साधा था और उनकी तकनीक को गलत बताया था. वहीं, संजय मांजरेकर भी गिल पर निशाना साधा था.

## मदन लाल ने कोहली से वापसी का अनुरोध किया

वहीं, भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने विराट कोहली से संन्यास से वापसी की अपील की है. कोहली ने टेस्ट सीरीज से ठीक पहले खेल के सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी. मदन लाल ने कहा कि कोहली के फैसले को बदलने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्होंने अनुभवी क्रिकेटर से अनुरोध किया कि वह अपने अनुभव और खेल के प्रति जुनून युवाओं के साथ साझा करें. मदन लाल ने क्रिकेटप्रेडिक्टा से बात करते हुए कहा, 'भारतीय क्रिकेट के लिए विराट कोहली का जुनून बेजोड़ था. मेरी इच्छा है कि वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें. लौटने में कुछ भी गलत नहीं है. अगर इस सीरीज में नहीं तो उन्हें अगली सीरीज में वापसी करनी चाहिए.

---

भारत-इंग्लैंड अंडर-19 टेस्ट ड्रॉ

# हामजा शेख के शतक ने इंग्लिश टीम को हार से बचाया

एजेंसी। बेकेनहम



भारत और इंग्लैंड के बीच बेकेनहम में खेला गया अंडर-19 टेस्ट मुकाबला मंगलवार को रोमांचक अंदाज़ में ड्रॉ पर समाप्त हुआ. भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 63 ओवरों में 350 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 270 रन बनाकर मैच बचा लिया.अंतिम दिन की शुरुआत भारत ने 229 रनों की बढ़त और सात विकेट शेष रहते की थी. विहान मल्होत्रा (63) ने तेज़ शुरुआत करते हुए कुछ आकर्षक शॉट्स खेले, लेकिन वह एलेक्स ग्रीन की गेंद पर विकेटकीपर थॉमस रियू को कैच दे बैठे. बारिश के चलते खेल थोड़ी देर बाधित हुआ, लेकिन फिर खेल शुरू होते ही भारत को झटके लगे.ग्रीन और मिंटो ने क्रमशः अभिज्ञान कुंडू (11) और राहुल कुमार (11) को पवेलियन भेजा. आर्ची वॉन (6/84) ने मोहम्मद इनान (5), हेनिल पटेल (0) और दीपेश देवेन्द्रन (4) को आउट कर भारत को संकट में डाला, लेकिन आर.एस. अम्बरीश ने 53 रनों की तेज़ पारी खेलते हुए भारत को 248 तक पहुंचाया. उन्हें मेयस ने रन आउट किया.लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और तीन विकेट जल्दी गिर गए. लेकिन फिर हामज़ा शेख़ (112) और बेन मेयस (51) ने 119 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला. मेयस के आउट होने के बाद थॉमस रियू (50) ने आक्रामक रुख अपनाया और इंग्लैंड को जीत की उम्मीद दी.हालांकि दो तेज़ रन आउट—शेख़ और एकांश सिंह—ने भारत को मैच में वापसी का मौका दिया. इसके बाद रियू भी आउट हो गए,

### स्कोरकार्ड संक्षेप में

| | |
|---|---|
| **भारत अंडर-19** | |
| पहली पारी | 540 |
| दूसरी पारी | 248 |
| **इंग्लैंड अंडर-19:** | |
| पहली पारी | 439 |
| दूसरी पारी | 270/7 |

विराट और रोहित के ओडीआई भविष्य पर अनिश्चितता के बादल छंटे

# दोनों दिग्गज ओडीआई मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे : बीसीसीआई

एजेंसी। नई दिल्ली



विराट कोहली और रोहित शर्मा क्या अभी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की तरफ से खेलते दिखेंगे? दोनों ने टी20 और टेस्ट से संन्यास ले लिया है.

माना जा रहा कि दोनों का लक्ष्य 2027 का एकदिवसीय विश्व कप खेलने और भारत को फिर चैंपियन बनाने का है. वे तब तक खेल पाएंगे? यह सवाल तो बाद में आएगा, अभी तो सवाल यही है कि क्या वे वनडे में दिखेंगे? इसे लेकर बीसीसीआई ने बड़ा अपडेट दिया है. बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने विराट और रोहित के ओडीआई भविष्य पर अनिश्चितता के छंटे बादलों को साफ कर दिया है.शुक्ला ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में दो टूक कहा कि टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके ये दोनों दिग्गज एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे.


उन्होंने कहा,मैं इसे एकदम से स्पष्ट कर देना चाहता हूं.'राजीव शुक्ला ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर कहा, हमें उनकी कमी हमेशा खलेगी, वो महान बल्लेबाज हैं और हमारे लिए अच्छी बात है कि वनडे के लिए वो सब उपलब्ध हैं.'शुक्ला के दो टूक के बाद अब इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में दिख सकते हैं.

भारतीय टीम अभी इंग्लैंड के दौरे पर है जहां दोनों देशों के बीच 5 टेस्ट मैच की सीरीज चल रही है. 3 टेस्ट हो चुके हैं जिनमें भारत को एक में जीत और 2 में हार मिली है. सीरीज का अगला टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा. आखिरी और पांचवा मैच 31 जुलाई से 4 अगस्त तक खेला जाएगा.इंग्लैंड दौरे के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करेगी. अगर टीम के अगले वनडे सीरीज की बात करें तो वेस्टइंडीज के साथ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम 3 वनडे मैच की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी. उम्मीद है कि उसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलते हुए नजर आएंगे.

भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित

# बशीर की जगह डॉसन शामिल

एजेंसी। लंदन



23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. शोएब बशीर की जगह स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल किया है.लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान शोएब बशीर की उंगली टूट गई थी. इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के बाकी दो टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखने का फैसला किया.बशीर को लॉर्ड्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत की पहली पारी के 78वें ओवर में चोट लगी थी, जब रवींद्र जडेजा ने एक जोरदार शॉट सीधे बशीर की तरफ मारा. शॉट पकड़ने की कोशिश में गेंद उनकी उंगली में लग गई.हालांकि, इंजरी के बावजूद शोएब ने चौथी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज का आखिरी विकेट लेकर मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाई.इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा,लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं. वह काउंटी चैंपियनशिप में शानदार फॉर्म में हैं और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.35 वर्षीय डॉसन ने आखिरी बार जुलाई 2017 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था. वह इंग्लैंड की तरफ से अब तक तीन टेस्ट मैच खेल चुके हैं. वह कई वर्षों से हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें क्रमशः 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था.इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि तेज गेंदबाज सैम कुक और जेमी ओवरटन काउंटी चैंपियनशिप में खेलने के लिए अपने-अपने काउंटी में लौट गए हैं.लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में रोमांचक जीत के बाद इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है. रवींद्र जडेजा के नाबाद 61 रनों के बावजूद भारत 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 पर सिमट गया और 22 रन से मैच हार गया.

**चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स.

# खेल जगत में एक और रिश्ता टूटा : सायना के बाद अब पहलवान दिव्या काकरान का तलाक

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय खेल जगत में रिश्तों के टूटने की खबरें लगातार सामने आती रही हैं. सायना नेहवाल और परुपल्ली कश्यप के बाद अब मशहूर महिला पहलवान दिव्या काकरान ने अपने तलाक की बात सार्वजनिक की हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश शेयर कर अपने मन की बात रखी.दिव्या काकरान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टा पर एक भावुक संदेश लिखी स्टोरी शेयर की. इसमें उन्होंने लिखा-नमस्ते, जैसा कि आप जानते हैं, मैं दिव्या काकरान हूं. मैं आपसे कुछ निजी बातें साझा करना चाहती थी.मैंने हाल ही में अपने पति सचिन प्रताप सिंह से तलाक लेने का फैसला किया है.यह मेरे जीवन के भावनात्मक रूप से सबसे कठिन अध्यायों में से एक रहा है. इसमें बहुत दर्द, आत्मचिंतन और खुद को छोड़ देने का अनुभव रहा है... लेकिन साथ ही स्पष्टता, विकास और शक्ति के ऐसे पल भी आए हैं जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं था.यह ऐसी बात नहीं है जिसे मैं आसानी से साझा करूं, लेकिन मुझे लगा कि आपको यह बात बतानी चाहिए क्योंकि आपका समर्थन, दूर से ही सही, मेरे लिए बहुत मायने रखता है. मैं धीरे-धीरे ठीक हो रही हूँ और इस नई शुरुआत को पूरे सम्मान और उम्मीद के साथ अपनाना सीख रही हूं.उन्होंने आगे लिखा कभी-कभी ज़िंदगी ऐसा मोड़ ले लेती है जिसकी हमने कभी उम्मीद नहीं की थी, और मैं इस बारे में सच बोलने में विश्वास रखती हूं. मैं अभी भी ठीक हो रही हूं, अभी भी अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही हूं, लेकिन मैं उन तरीकों से भी आगे बढ़ रही हूं जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी.मैं आपके समर्थन और खासकर अपने माता-पिता और परिवार की आभारी हूँ जो मेरे जीवन के हर फैसले में हमेशा मेरा साथ देते हैं. बता दें कि दिव्या ने ये संदेश अंग्रेजी में लिखा है.

**सायना नेहवाल के तलाक की खबर के बाद दूसरी बड़ी हलचल :** कुछ दिन पहले ही सायना नेहवाल और परुपल्ली कश्यप के अलगाव की खबरें सामने आई थीं, जिससे उनके फैंस को झटका लगा था. अब दिव्या काकरान की पोस्ट ने एक बार फिर खेलप्रेमियों को भावुक कर दिया है.

**व्यक्तिगत संघर्षों के बीच चमकता रहा दिव्या करियर :** दिव्या काकरान ने कई बार मंचों पर महिला खिलाड़ियों के संघर्ष की बात उठाई है. निजी जीवन में आ रहे उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने एशियन गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया. वहीं अब उनके तलाक की खबरों ने खेल जगत में सनसनी फैला दी है.

# आईसीसी ने इंग्लैंड पर लगाया जुर्माना डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बड़ा नुकसान

एजेंसी। नई दिल्ली




लॉर्ड्स टेस्ट में भारत पर मिली रोमांचक 22 रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने की कीमत इंग्लैंड को चुकानी पड़ी है. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वाइंट्स टेबल से इंग्लैंड के दो अंक काट लिए गए हैं. टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है.अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है. इसके मुताबिक, निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है.डब्ल्यूटीसी के प्लेइंग कंडीशंस के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, अगर कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं करती, तो प्रत्येक कम ओवर के लिए एक अंक काटा जाता है, यह कटौती समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद की जाती है.इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार लिया है. इसी के साथ उन्होंने रिची रिचर्डसन के लगाए गए प्रस्तावित जुर्माने को भी स्वीकारा.आईसीसी ने बताया कि ऐसे में औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी है. यह आरोप मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर अहसान रजा और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड ने लगाए थे.लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति का दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड के डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग्स में अंक 24 से घटकर 22 हो गए हैं. इसके चलते उनका प्वाइंट पर्सेंटेज 66.67 से घटकर 61.11 रह गया है. इसके परिणामस्वरूप, इंग्लैंड डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गया है.

**हॉकी** : यूरोपीय दौरे पर भारत ए पुरुष टीम की लगातार दूसरी हार

# इंग्लैंड ने 3-2 से दी मात, भारतीय खिलाड़ी बेबस

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत ए पुरुष हॉकी टीम को मंगलवार को यूरोपीय दौरे में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा. भारतीय टीम को इंग्लैंड ने 3-2 से पराजित कर दिया. कड़े मुकाबले में भारत ए के लिए मनिंदर सिंह और उत्तम सिंह ने गोल किए. भारतीय कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हमें दौरे में शुरुआत में लगातार तीन जीत मिली और अब लगातार दो मैचों में कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है. हमें पता है कि जैसे-जैसे दौरा आगे बढ़ेगा प्रतिस्पर्धा कड़ी होगी. अभी दो मजबूत टीमों के साथ तीन मैच और खेलने हैं. बृहस्पतिवार को एंटवर्प में बेल्जियम से खेलना है उसके बाद टीम एंडोवेन में नीदरलैंड से 18 और 20 जुलाई को मैच खेलेगी.

**टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध :** नई दिल्ली । खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है. खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए.मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था.आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी. खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था. 32 वर्षीय मूर वर्तमान में एकल रैंकिंग में 864वें और युगल में 187वें स्थान पर हैं.

**सर्फिंग चैंपियनशिप में शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा हिस्सा लेंगे :** नई दिल्ली । महाद्वीप के 20 देशों के शीर्ष सर्फर तीन से 12 अगस्त तक होने वाली एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए यहां महाबलीपुरम में चुनौती पेश करेंगे. एशियाई सर्फिंग महासंघ (एएसएफ) के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में शॉर्टबोर्ड वर्गों में प्रतिस्पर्धा होगी जो ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियों के वर्ग में होगी.

इस प्रतियोगिता के जरिए सर्फर जापान में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे. तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री और युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा, 'तमिलनाडु में एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी सर्फिंग जैसे नए खेलों को बढ़ावा देने, हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय अवसर पैदा करने और उन्हें मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है.' इस टूर्नामेंट के पुरुष और महिला चैंपियन को 17 से 23 नवंबर 2025 तक होने वाले सर्फसिटी अल सल्वाडोर एएलएएस ग्लोबल फाइनल में भी सीधे प्रवेश मिलेगा.

क्लेरेंस हाउस | भारतीय कप्तान शुभमन ने किंग से मुलाकात का अनुभव साझा किया

# उम्मीद नहीं थी किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट देखेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के अनुभव को साझा किया. उन्होंने बताया कि टीम को उम्मीद नहीं थी कि किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट मैच देखेंगे. भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने मंगलवार को लंदन स्थित 'क्लेरेंस हाउस' में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की. इस दौरान किंग चार्ल्स ने जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, शुभमन गिल समेत अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की.किंग चार्ल्स तृतीय ने अपनी परंपरा निभाते हुए लंदन दौरे पर आई भारतीय क्रिकेट टीम का क्लेरेंस हाउस में स्वागत किया. यह एक दोस्ताना मुलाकात थी. किंग चार्ल्स तृतीय इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रमंडल क्रिकेट टीमों का स्वागत करने की परंपरा रखते हैं.राष्ट्रमंडल प्रमुख के रूप में मेहमानों की मेजबानी कर रहे किंग चार्ल्स ने भारतीय टीम से बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने भारत-इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच की झलकियां देखीं. इस मुकाबले में गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को महज 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी थी.गिल ने 'बीसीसीआई' के 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, ₹किंग चार्ल्स बहुत दयालु और उदार हैं. उन्होंने हमसे बहुत अच्छी बातचीत की. उम्मीद नहीं थी कि वह हमारा मैच देखेंगे. किंग चार्ल्स ने बताया कि उन्होंने हमारे मुकाबले के आखिरी सेशन के कुछ अंश देखे. यह एक शानदार अनुभव था. हम इसके लिए बहुत आभारी हैं.इस दौरान क्लेरेंस हाउस में इंग्लिश अभिनेता और संगीतकार इद्रिस एल्बा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की.इद्रिस एल्बा सेंट जेम्स पैलेस में आयोजित यूथ ऑपर्च्युनिटीज समिट के लिए लंदन पहुंचे थे.

एल्बा ने भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं.इस मुलाकात के दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराइस्वामी भी मौजूद थे. शुक्ला ने किंग चार्ल्स को अपनी पुस्तक 'स्कार्स ऑफ 1947' भेंट की.राजीव शुक्ला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ₹ब्रिटेन के किंग चार्ल्स हम सभी से बहुत ही गर्मजोशी के साथ अपने घर पर मिले. वह खुशमिजाज व्यक्तित्व हैं. मुलाकात से पहले, उन्होंने हम सभी के बारे में काफी जानकारी इकट्ठा की थी.

# सीडब्ल्यूआई ने बुलाई आपात बैठक दिग्गजों को किया गया आमंत्रित

एजेंसी। किंग्स्टन



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली शर्मनाक हार, खासकर अंतिम टेस्ट में महज 27 रन पर ढेर होने के बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कड़ा कदम उठाया है. बोर्ड ने अपनी क्रिकेट स्ट्रैटेजी कमेटी की एक आपात बैठक बुलाई है, जिसमें सर क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचड्र्स और ब्रायन लारा को विशेष आमंत्रण भेजा गया है. सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने एक बयान में कहा,तुरंत प्रभाव से, मैंने क्रिकेट रणनीति और ऑफिशिएटिंग कमेटी के अध्यक्ष को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल की टेस्ट सीरीज, विशेष रूप से अंतिम मैच की समीक्षा हेतु आपात बैठक बुलाने की सलाह दी है. इस बैठक में पहले से ही शामिल पूर्व दिग्गज जैसे डॉ. शिवनारायण चंद्रपॉल, डॉ. डेसमंड हेन्स और इयान ब्रैडशॉ के साथ अब इन महान बल्लेबाजों की भी राय ली जाएगी.पूर्व स्पिनर दिनानाथ रामनाराइन ने बोर्ड की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर एक तीखा लेख साझा किया है. उन्होंने लिखा,बोर्ड के सदस्य खुद को मनमाफिक वेतन देते हैं, खिलाड़ियों का चयन व्यक्तिगत निष्ठा के आधार पर होता है, और राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को कोई महत्व नहीं दिया जाता.उन्होंने आगे कहा, जहां प्रशंसक खामोशी के साथ इस खेल से दूर होते जा रहे हैं, वहीं अधिकारी कुर्सियों से चिपके हुए हैं. हार के बाद भी कोई आत्मचिंतन नहीं, कोई जवाबदेही नहीं.रामनाराइन ने यह भी याद दिलाया कि यह वही प्रणाली है जिसकी वजह से वेस्टइंडीज को यूएसए जैसी टीम से 100 रन से हार का सामना करना पड़ा और अब 27 रन पर ऑल आउट होने जैसी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है.

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**वैशाली।** बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चेचर चौक के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान स्थानीय युवक के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और आक्रोश व्यक्त किया. वहीं, सूचना पर बिदुपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को हादसे की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बुरा हाल हो गया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच में जुट गई है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

### शिक्षकों को समय पर वेतन देने का आदेश जारी

**पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है. राज्य के शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही वेतन भुगतान में देरी की समस्या को खत्म करने के लिए एक अहम निर्णय लिया है. नए आदेश के अनुसार अब बिहार के सभी सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को हर माह की 5 तारीख तक नियमित वेतन और 15 तारीख तक बकाया वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाएगा. इस संबंध में शिक्षा सचिव सह माध्यमिक शिक्षा निदेशक दिनेश कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा है कि अगर किसी जिले में निर्धारित समयसीमा में वेतन या बकाया भुगतान नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी को जवाबदेह ठहराया जाएगा और उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. शिक्षा सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी शिक्षक का वेतन अनावश्यक रूप से रोका गया तो इसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा. इसके लिए डीईओ को साप्ताहिक मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि वेतन भुगतान से जुड़ी सभी लंबित समस्याओं का समय पर निपटारा किया जा सके.

## डिजिटल वार : लालू यादव ने नीतीश कुमार को कठपुतली करार दिया, कहा

# बिहार अब गुजरात से ऑपरेट हो रहा है

**शुभम संदेश।पटना**



बिहार की राजनीति अब पारंपरिक बहस से कहीं आगे बढ़ चुकी है. राज्य में राजनीतिक दलों के बीच एआई आधारित डिजिटल युद्ध आम हो गया है. खासकर भाजपा और राजद के बीच आरोप-प्रत्यारोप और व्यंग्यात्मक हमलों का स्वरूप अब एआई तकनीक के इस्तेमाल से और भी तीव्र हो गया है. सोशल मीडिया पर दोनों पक्ष एआई से निर्मित तस्वीरों के जरिए एक-दूसरे पर तंज कसने और निशाने पर लेने में लगे हुए हैं. इसी कड़ी में बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निशाने पर लेते हुए एक एआई आधारित फोटो पोस्ट किया है, जिसमें नीतीश कुमार को कठपुतली की तरह दिखाया गया है. इस तस्वीर में नीतीश की डोर को तीन ओर से खींचते हुए दिखाया गया है — एक तरफ उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, दूसरी तरफ राजद नेता सम्राट चौधरी और बीच में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हाथों से डोर पकड़कर खींच रहे हैं. तस्वीर के साथ लालू यादव ने लिखा है, अब बिहार सीधा गुजरात से ऑपरेट हो रहा है. राजद की तरफ से पिछले काफी समय से यह दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार भाजपा के नियंत्रण में हैं और उनकी सरकार भाजपा की कठपुतली बन चुकी है. नीतीश कुमार की तबीयत ठीक न होने की अफवाहों का भी राजद ने राजनीतिक रूप से बड़ा लाभ उठाया है, यह दावा करते हुए कि भाजपा पूरी तरह से नीतीश कुमार को अपने शिकंजे में रखे हुए है. लालू यादव की यह नई तस्वीर उसी कड़ी का हिस्सा है, जिसमें वे सीधे तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश को भाजपा की कठपुतली बता रहे हैं.

यह पहली बार नहीं है जब लालू यादव ने एआई तकनीक से निर्मित तस्वीरों का इस्तेमाल कर नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा हो. 14 जुलाई को भी एक पोस्ट में लालू यादव ने बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर दोनों नेताओं की तस्वीरें साझा की थीं. उस पोस्ट में बिहार में अपराध चरम पर है, जबकि मोदी अपनी सरकार बचाने में लगे हैं, ऐसा संदेश दिया गया था. उस तस्वीर में नीतीश कुमार के हाथ में एक पोस्टर था, जिस पर लिखा था — ₹लॉ एंड आर्डरः बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार,₹ और मोदी के हाथ में पोस्टर था — केंद्र की सत्ता बचा रहे हैं, बिहार को सता रहे हैं.

राजनीतिक गलियारों में यह डिजिटल जंग तेजी से फैल रही है और एआई तकनीक के माध्यम से नेता अब पारंपरिक भाषण या आरोप-प्रत्यारोप से हटकर सीधे विजुअल संदेशों के जरिए जनता को अपनी बात समझाने की कोशिश कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों को बड़ी संख्या में देखा और साझा किया जा रहा है, जो राजनीतिक माहौल को और अधिक गर्माता है. भाजपा और राजद दोनों ही इस डिजिटल युद्ध में सक्रिय हैं और एआई आधारित तकनीकों का उपयोग करके विरोधी दल को मानसिक और राजनीतिक रूप से कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं.

यह बदलाव बिहार की राजनीति में एक नई चुनौती और अवसर दोनों लेकर आया है. हालांकि, यह भी चिंता का विषय है कि डिजिटल माध्यमों पर इस तरह के तंज-तरार और आरोप-प्रत्यारोप से जनमत प्रभावित होने के साथ-साथ राजनीतिक संवाद में कटुता बढ़ेगी.

### शिक्षकों की भर्ती के लिए जल्द होगी टीआरई-4 परीक्षा

**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. उन्होंने राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 जल्द से जल्द आयोजित कराने का निर्देश दिया है. उन्होंने यह जानकारी खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से साझा की. मुख्यमंत्री ने पोस्ट में लिखा, हमने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की तुरंत गणना की जाए और उनकी नियुक्ति के लिए टीआरई-4 परीक्षा शीघ्र आयोजित की जाए. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों की नियुक्ति में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ केवल बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा. अब बाहरी राज्यों की महिलाओं को इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा. राज्य सरकार के इस निर्णय को बिहार की महिलाओं और युवतियों के लिए एक बड़े अवसर के रूप में देखा जा रहा है. इससे उन्हें सरकारी नौकरी में अधिक भागीदारी मिलने की संभावना है. साथ ही यह कदम शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दिशा में भी अहम माना जा रहा है. नीतीश कुमार की यह पहल चुनावी माहौल में सरकार की सक्रियता को दर्शाती है और आने वाले समय में शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की संभावनाएं भी जगाती है.

### इंडिगो की इमरजेंसी 'गो-अराउंड' से यात्रियों की जान बची

पटना। जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया. दिल्ली से पटना आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2482 लैंडिंग के दौरान तय टचडाउन पॉइंट से आगे निकल गई, लेकिन पायलट की सूझबूझ से विमान को दोबारा हवा में उठाकर सुरक्षित उतारा गया. यह घटना रात करीब 9 बजे हुई, जब विमान रनवे 25 पर लैंड कर रहा था. एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, पटना एयरपोर्ट का रनवे छोटा होने के कारण तेज रफ्तार से आ रहे विमान का टचडाउन आगे खिसक गया. पायलट ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए 'गो-अराउंड' प्रक्रिया अपनाई और विमान को दोबारा हवा में ले जाकर लगभग 15 मिनट बाद, रात 9:15 बजे सुरक्षित लैंडिंग करवाई. विमान में सवार सभी 173 यात्री और चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं. बता दें कि पटना एयरपोर्ट देश के 11 सबसे जोखिम भरे हवाई अड्डों में शामिल है.

## मतदाता सूची को लेकर तेजस्वी ने भाजपा और चुनाव आयोग को निशाने पर लिया

**शुभम संदेश।पटना**

### लोकतंत्र से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप



बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच सियासी माहौल गरमाता जा रहा है. इस बार सियासत की बड़ी बहस का केंद्र बना है राज्य में चलाया जा रहा विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम. विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर आशंकाएं जाहिर की हैं. खासकर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग और भाजपा पर सीधे तौर पर लोकतंत्र से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है. तेजस्वी यादव ने हाल ही में एक एक्स पोस्ट के जरिए दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम साजिशन काटे जा रहे हैं. उनके मुताबिक, बिहार में कुल 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं, और यदि मात्र 1% मतदाताओं के नाम हटाए जाएं, तो यह संख्या करीब 7.90 लाख तक पहुंच जाती है. इसे 243 विधानसभा क्षेत्रों में बांटने पर लगभग हर सीट पर 3,251 मतदाता प्रभावित होंगे. तेजस्वी ने आगे बताया कि अगर हर विधानसभा क्षेत्र के 320 बूथों पर औसतन केवल 10 वोटर हटाए जाएं, तो कुल 3,200 वोटर प्रभावित होंगे, जो चुनावी नतीजों को काफी हद तक बदल सकते हैं. तेजस्वी यादव ने 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों बार कई सीटें बहुत कम मत अंतर से तय हुई थीं. 2015 में 15 सीटें ऐसी थीं जहां जीत-हार का अंतर 3,000 से कम था, जबकि 2020 में यह संख्या बढ़कर 35 हो गई थी. इसी तरह, 5,000 से कम वोट के अंतर वाली सीटें 2015 में 32 और 2020 में 52 थीं. तेजस्वी का कहना है कि भाजपा इसी मत संख्या वाले और संवेदनशील सीटों को निशाना बनाकर विशेष समुदायों, वर्गों और क्षेत्रों के वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करने की कोशिश कर रही है. नेता प्रतिपक्ष ने इसे मात्र एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि "राजनीतिक एजेंडे के तहत लोकतांत्रिक अधिकारों की कटौती" करार दिया है. उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी आगाह किया है कि वे हर बूथ और हर घर तक पहुंचकर इस कथित साजिश का पर्दाफाश करेंगे. तेजस्वी ने साफ कहा, हम लोकतंत्र को ऐसे खत्म नहीं होने देंगे. तेजस्वी यादव के इस आरोप ने राज्य में राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है. भाजपा और चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक जानकार इसे आगामी चुनावों का एक बड़ा सियासी हथियार मान रहे हैं. विपक्षी दलों के इस तरह के आरोपों से चुनाव की गरमाहट और बढ़ने की संभावना है. चुनाव आयोग और भाजपा अब इस आरोप का जवाब कैसे देते हैं, यह देखने वाली बात होगी. क्या वे मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर व्यापक समझाइश देंगे या विपक्ष के दावों को खारिज कर देंगे?

## न्यूज अपडेट

### गांधी मैदान थाना प्रभारी राजेश कुमार निलंबित

**पटना।** चर्चित व्यवसायी और भाजपा से जुड़े मगध हॉस्पिटल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में गांधी मैदान थाना प्रभारी राजेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा की सिफारिश पर पटना पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा द्वारा की गई है. एसएसपी द्वारा की गई जांच में थाना प्रभारी की कई स्तरों पर लापरवाही सामने आई थी. बता दें कि गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या रामगुलाम चौक के पास उनके घर के बाहर रात करीब 11:40 बजे कर दी गई थी. आरोप है कि घटना के बाद भी पुलिस मौके पर रात 2:30 बजे तक नहीं पहुंची, जिस कारण परिजनों और आमजन में गहरा आक्रोश है. इस घटना ने बिहार की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. विपक्षी दलों ने इसे लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए बिहार को ₹अपराध की राजधानी₹ बताया. जांच के दौरान एसएसपी ने पाया कि थाना प्रभारी न सिर्फ इस हत्या की प्रारंभिक जांच में असफल रहे, बल्कि क्षेत्र में अन्य आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करने में भी लापरवाह रहे. इन्हीं बिंदुओं के आधार पर आईजी जितेंद्र राणा ने तत्काल प्रभाव से राजेश कुमार को निलंबित कर दिया.

▪ गोपाल खेमका हत्याकांड

### गया व मुंगेर में बाढ़ जैसे हालात, प्रशासन अलर्ट पर

**पटना।** बिहार में बीते तीन दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. मुंगेर और गया में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड में डंगरा नदी का जलस्तर बढ़ने से अस्थायी डायवर्सन बह गया, जिससे खड़गपुर-तारापुर मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है. इससे एक लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है. डायवर्जन के टूटने के बाद लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की कोशिशें शुरू कर दी हैं. दूसरी ओर, गयाजी जिले के शेरघाटी और बोधगया प्रखंड में हालात और भी गंभीर हैं. फल्गु और निरंजना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. फल्गु नदी का जलस्तर 112.86 मीटर पहुंच गया है, जो हाई फ्लड लेवल 112.36 मीटर से ऊपर है. बाढ़ नियंत्रण विभाग ने नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी शुरू कर दी है. जिला प्रशासन ने नदियों के किनारे बसे इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है. शेरघाटी प्रखंड के महमदपुर गांव में 25 लोग बाढ़ में फंस गए थे, जिन्हें एसडीआरएफ ने सुरक्षित बाहर निकाला. बोधगया के बतसपुर गांव में भी एसडीआरएफ को तैनात किया गया है.

### तेल कटवा गिरोह ने होटल संचालक को मारी गोली

**मोतिहारी।** तेल कटवा गिरोह के सदस्यों ने होटल संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी. बताया जाता है कि तेल कटवा गिरोह के सदस्य तेल कटिंग के इरादे से होटल पर पहुंचे थे. होटल संचालक के पिता उपेंद्र सिंह ने इसका विरोध किया, जिसके बाद बदमाशों ने उनकी सीने में गोली मार दी. गोली लगने से उपेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई. घटना बीती देर रात कोटवा थाना क्षेत्र के कदम चौक के पास की है. घटना की सूचना मिलते ही कोटवा पुलिस स्पॉट पर पहुंची और बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा. घटनास्थल पर उस समय होटल संचालक, उनके पिता और तीन कर्मचारी मौजूद थे. सदर टू के डीएसपी जितेश कुमार पांडेय और थानेदार प्रत्युष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और डीवीआर को कब्जे में लिया. पुलिस बदमाशों की पहचान में जुट गई है. एसपी स्वर्ण प्रभात ने मीडिया को बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्यारों की पहचान मुजफ्फरपुर के एक तेल कटवा गिरोह के रूप में हुई है.

### करंट लगने से ग्रामीण की मौत, पत्नी भी झुलसी

**बेतिया।** पुरैना गांव में करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई. मृतक की पहचान कमलेश ठाकुर के रूप में हुई है. उनकी पत्नी लालपरी देवी का इलाज योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत अब स्थिर बताई है. मिली जानकारी के अनुसार सुबह कमलेश ठाकुर घर के काम में व्यस्त थे. उसी दौरान उनकी पत्नी लालपरी देवी ने दरवाजा छू लिया, जिसमें करंट दौड़ रहा था. करंट लगते ही वह छटपटाने लगीं. पत्नी को बचाने के लिए कमलेश दौड़े लेकिन दरवाजे में फैले करंट ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया. कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों को आनन-फानन में योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया.

## कारोबार

### ट्रंप का टैरिफ वार 200% टैक्स की धमकी से बाजार में हलचल

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से टैरिफ नीति का सहारा लेते हुए भारत की दवा कंपनियों को निशाने पर लिया है. ट्रंप ने हाल ही में बयान दिया कि वे इस महीने के अंत तक भारतीय दवाओं पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं, जो कि 200 फीसदी तक हो सकता है. उनके इस बयान से फार्मा सेक्टर में भारी चिंता देखने को मिल रही है. भारतीय दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है और निवेशकों में असमंजस की स्थिति बन गई है. ट्रंप प्रशासन द्वारा लगातार टैरिफ की धमकियों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर असर पड़ रहा है. हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका के लिए भारतीय दवा कंपनियों पर इतना भारी टैक्स लगाना आसान नहीं होगा. अमेरिकी स्वास्थ्य व्यवस्था भारतीय जेनेरिक दवाओं पर काफी हद तक निर्भर है, जिनकी आपूर्ति का बड़ा हिस्सा भारत से होता है. अगर ट्रंप सरकार ऐसे कोई कदम उठाती है, तो इससे अमेरिका में दवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं और आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा.

### तत्काल टिकट बुकिंग में हुआ बड़ा बदलाव, आधार ओटीपी सत्यापन अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** 15 जुलाई से भारतीय रेलवे ने ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं. अब तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार ओटीपी सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है. इसका मतलब है कि बिना मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी के सत्यापन के, यात्री तत्काल टिकट ऑनलाइन बुक नहीं कर पाएंगे. यह नया नियम यात्रियों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से टिकट उपलब्ध कराने के लिए लागू किया गया है ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या धोखाधड़ी से बचा जा सके. उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार, अब तत्काल टिकट बुकिंग केवल तभी संभव होगी जब यात्री मोबाइल नंबर के आधार पर ओटीपी का प्रमाणीकरण कराएंगे.

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100% टैक्स लगाने की धमकी दी

# भारत का तेल आपूर्तिकर्ता है रूस

**एजेंसी।नयी दिल्ली**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100% टैक्स लगाने की धमकी दी है. ट्रंप ने कहा कि अगर रूस 50 दिनों के भीतर यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं करता है, तो रूस से आने वाले हर एक्सपोर्ट, जिसमें तेल भी शामिल है, पर भारी टैक्स लगाया जाएगा. इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भी उतना ही टैक्स लगाने की बात कही गई है. इस घोषणा से भारत के रूस से तेल आयात करने के सिलसिले पर असर पड़ सकता है. रूस वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है. फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदना शुरू किया था. जहां युद्ध से पहले रूस से भारत का तेल आयात केवल 1% था, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर कुल आयात का एक तिहाई हो गया है. भारत और चीन, दोनों रूस से सबसे अधिक तेल खरीदते हैं.

ट्रंप की घोषणा के बाद अभी तक अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में कोई बड़ी हलचल नहीं दिखी है. ब्रेंट क्रूड का बेंचमार्क $70 प्रति बैरल से नीचे बना हुआ है. विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स लागू होने में अभी समय है, इसलिए बाजार स्थिर है. हालांकि अगर ट्रंप अपनी चेतावनी पर अमल करते हैं, तो भारत के लिए स्थिति बदल सकती है. पहले सिर्फ उन कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाता था जो सीधे रूस के साथ व्यापार करती थीं. लेकिन नई योजना के तहत अगर कोई देश रूस से व्यापार करता है, तो उसके पूरे निर्यात (एक्सपोर्ट) पर टैक्स लगाया जा सकता है. इससे भारत पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है, खासकर ऐसे समय में जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की बातचीत चल रही है.

अगर यह टैक्स लागू होता है, तो भारत की रिफाइनरी कंपनियों को रूस की जगह पश्चिम एशिया या ब्राजील जैसे देशों से तेल खरीदना पड़ेगा. लेकिन इन देशों से तेल महंगा होगा. जानकारों के मुताबिक भारत को प्रति बैरल $4-5 अधिक देना पड़ सकता है. भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि दूसरे देशों से तेल खरीदने में कोई परेशानी नहीं होगी. उन्होंने कहा, "दुनिया में पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है. तेल की कीमतें अभी भी $65 से $70 प्रति बैरल के बीच हैं." उन्होंने यह भी बताया कि जब हाल ही में इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ा था, तब भारत ने पश्चिम एशिया के दो बड़े देशों से बातचीत की थी ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की स्थिति में भी तेल की आपूर्ति बनी रहे.

इंडस्ट्री विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की रिफाइनरी कंपनियां अमेरिका की टैक्स लगाने की डेडलाइन से पहले बड़ी मात्रा में रूस से तेल खरीद सकती हैं. ऐसा पहले भी हो चुका है, जब इजराइल-ईरान संघर्ष के दौरान भारत ने तेल का बड़ा भंडारण कर लिया था. भारत एक संतुलन बनाने की कोशिश करेगा – एक तरफ अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्ते बनाए रखना और दूसरी तरफ सस्ते तेल का लाभ उठाना. आने वाले हफ्तों में भारत की रणनीति और रुख इस वैश्विक घटनाक्रम में अहम भूमिका निभाएंगे.

### अडानी की बिना शर्त बोली से उलझन में फंसा जेपी एसोसिएट्स

**नयी दिल्ली।** कर्ज में डूबी जेपी एसोसिएट्स को लेकर नए घटनाक्रम ने कर्जदाताओं को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है. अडानी एंटरप्राइजेज ने इस कंपनी को खरीदने के लिए 12,600 करोड़ रुपये की बिना शर्त बोली लगाई है, जिससे अन्य दावेदारों की शर्तों वाली बोलियों के मुकाबले यह प्रस्ताव मजबूत माना जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, अडानी की यह बोली भुगतान को किसी भी अप्रत्याशित या भविष्य की अनिश्चित स्थितियों से नहीं जोड़ती है. वहीं जेपी एसोसिएट्स के लिए बोली लगाने वाली अन्य कंपनियों ने कुछ विशेष शर्तों के साथ प्रस्ताव दिए हैं, जो उनके भुगतान को कई कारकों पर निर्भर बनाते हैं. इससे कर्जदाताओं के सामने एक अजीब स्थिति खड़ी हो गई है, क्योंकि उन्हें अधिकतम वसूली के लिए सभी बोलियों का मूल्यांकन करना होता है. आईबीसी (इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड) कर्जदाताओं को बिना शर्त बोली को चुनने से नहीं रोकता है, लेकिन आम तौर पर सबसे ज्यादा वसूली वाली बोली को तरजीह दी जाती है. ऐसे में जब अडानी की बोली बिना शर्त होते हुए भी सबसे अधिक नहीं है, तो कर्जदाता असमंजस में हैं.

## टेस्ला

## भारत में टेस्ला मॉडल वाई की कीमत को लेकर ग्राहकों में नाराजगी

# अमेरिका में 33 लाख और भारत में 59 लाख रुपये

**एजेंसी।नयी दिल्ली**



दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने आखिरकार भारत में अपना पहला शोरूम मुंबई में खोल दिया है. इसके साथ ही टेस्ला ने अपनी लोकप्रिय इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल वाई को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है. लेकिन लॉन्च के तुरंत बाद ही टेस्ला की कीमतों को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी की लहर दौड़ गई है. टेस्ला की भारतीय वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, मॉडल वाई के दो वेरिएंट्स की कीमतें 59.89 लाख रुपये और 67.89 लाख रुपये तय की गई हैं. वहीं, अमेरिका में यही मॉडल वाई करीब 33 लाख रुपये में उपलब्ध है. यानि भारतीय ग्राहकों को यही कार खरीदने के लिए लगभग दोगुना भुगतान करना पड़ेगा.

भारतीय ग्राहक खास तौर पर कार पर लगने वाले भारी आयात शुल्क, जीएसटी, रोड टैक्स और बीमा को लेकर नाराज हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि टेस्ला फिलहाल चीन में बनी कारों को भारत में इंपोर्ट कर रही है, जिस पर भारी इंपोर्ट ड्यूटी लगती है. यही कारण है कि कार की कीमतें इतनी ज्यादा हो गई हैं. एक यूजर ने नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा, अगर आप भारत में टेस्ला वाई माडल खरीदते हैं, तो आप कंपनी को करीब 33 लाख रुपये और सरकार को टैक्स के रूप में 28 लाख रुपये देंगे. अगर यह टैक्स की जबरदस्ती नहीं है, तो मुझे नहीं पता कि क्या है. सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने मजाक करते हुए लिखा कि टेस्ला को भारत में अब 'टैक्स ला' कहा जाना चाहिए. उनका कहना है कि आधी कीमत तो केवल टैक्स में ही चली जाती है. एक और यूजर ने टिप्पणी की, इसका करीब आधा हिस्सा टैक्स है. ऐसे में कार लग्जरी कम और टैक्स आइटम ज्यादा लगती है. उपभोक्ताओं और ऑटो एक्सपर्ट्स का मानना है कि जब तक टेस्ला भारत में स्थानीय उत्पादन या असेंबली यूनिट शुरू नहीं करती, तब तक इसकी कारें आम लोगों की पहुंच से बाहर रहेंगी. एक यूजर ने ट्वीट किया, टेस्लामाडलवाई की कीमत आयात शुल्क और/या अन्य करों के कारण दोगुनी हो गई है. जब तक भारत में प्रोडक्शन शुरू नहीं होता, तब तक टेस्ला की सफलता मुश्किल है. टेस्ला ने अभी तक भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू करने को लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय बाजार में टिके रहने के लिए कंपनी को जल्द ही स्थानीय उत्पादन की दिशा में कदम उठाना होगा.

## न्यूज अपडेट

### जनधन योजना के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान में तेजी

**नयी दिल्ली।** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग ने 1 जुलाई से 30 सितंबर तक एक तीन महीने का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है. इस अभियान का मकसद प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच को देश के हर कोने तक ले जाना है. अभियान के तहत अब तक लगभग 1.4 लाख नए जनधन खाते खोले गए हैं, जबकि जन सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 5.4 लाख से अधिक नए पंजीकरण किए जा चुके हैं. वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य देश की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है ताकि हर पात्र नागरिक को इन योजनाओं का लाभ मिल सके.

### चार दिनों में सेंसेक्स 1459 अंक टूटा, भारी नुकसान

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है. मंगलवार को हल्की बढ़त के बाद बुधवार को एक बार फिर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली. बुधवार को बाजार खुलते ही सेंसेक्स 139 अंक यानी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 82,431 के स्तर पर आ गया. वहीं, निफ्टी 58 अंक या 0.23 फीसदी टूटकर 25,137 पर पहुंच गया. पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 1459 अंक या 1.74 फीसदी तक गिर चुका है. निफ्टी 50 भी इस दौरान 1.72 फीसदी कमजोर हुआ है. इस गिरावट के चलते निवेशकों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है. इस गिरावट के पीछे कई अहम कारण हैं. प्रमुख रूप से वैश्विक बाजारों में जारी अनिश्चितता, खासकर अमेरिका में टैरिफ को लेकर बढ़ती चिंताओं का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखाई दे रहा है.

### ज्ञानचंद को आईडब्ल्यूसी 2025 में दोहरी सफलता

**नयी दिल्ली।** भारतीय शराब उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है. डीवांस माडर्न ब्रेवेरीज की नई ब्लेंडेड व्हिस्की ज्ञानचंद अडमबारा ने इंटरनेशनल व्हिस्की कॉम्पिटिशन 2025 में दो बड़े खिताब अपने नाम किए हैं. अमेरिका के लास वेगास में आयोजित इस प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता में इसे बेस्ट इंडियन सिंगल माल्ट और बेस्ट इंडियन व्हिस्की 2025 का सम्मान मिला है. यह सम्मान भारतीय व्हिस्की के बढ़ते वैश्विक स्तर और गुणवत्ता का प्रतीक है. जहां पहले भारतीय ब्रांड मुख्यतः घरेलू बाजार तक सीमित थे, अब वे अपने खास स्वाद और शैली के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान बना रहे हैं. डीवांस की यह जीत न सिर्फ कंपनी के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह पूरी भारतीय शराब इंडस्ट्री के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है. ज्ञानचंद की गुणवत्ता, ब्लेंडिंग तकनीक और भारतीय पारंपरिक स्वाद ने जजों को प्रभावित किया.

### तीन युवाओं का स्टार्टअप 'ठग्गू समोसा' बना ब्रांड

**नयी दिल्ली।** जयपुर के तीन युवाओं – मुकेश गोल्या, पावस नागपाल और विक्की ने अपने स्टार्टअप 'ठग्गू समोसा' के जरिए पारंपरिक समोसे को एक नया स्वाद, स्टाइल और ब्रांड पहचान दी है. 2015 में शुरू हुए इस सफर की शुरुआत एक छोटी-सी दुकान और मात्र 4-5 लाख रुपये के निवेश से हुई थी. तीनों दोस्त एमबीए करके अच्छी-खासी कॉर्पोरेट नौकरियों में थे, लेकिन उन्होंने कुछ अलग और नया करने का सपना देखा और नौकरी छोड़ दी. समोसे को नए फ्लेवर और यूनिक नामों के साथ पेश कर उन्होंने उसे स्ट्रीट फूड से एक ब्रांड बना दिया. धीरे-धीरे इनका स्वाद लोगों को इतना भाने लगा कि ग्राहक खुद खिंचे चले आने लगे. ठग्गू समोसा के स्टाफ में काम करने वाले राकेश बताते हैं, हमारे समोसे इतने स्वादिष्ट होते हैं कि जो एक बार खा लेता है, वह बार-बार लौटता है. हम स्वाद से लोगों को 'ठग' लेते हैं, इसलिए नाम रखा 'ठग्गू समोसा'. आज 'ठग्गू समोसा' सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि एक तेजी से बढ़ता ब्रांड बन चुका है, जिसका सालाना टर्नओवर दो करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. इस अनोखे नाम और लाजवाब स्वाद ने इसे न केवल जयपुर बल्कि देशभर में पहचान दिलाई है.

# देश-विदेश



**थाईलैंड के 75 बौद्ध धर्मावलंबी उप्र के कुशीनगर में कर रहे हैं वर्षावास**

कुशीनगर। गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में वर्षावास के लिए थाईलैंड के 75 बौद्ध धर्मावलंबियों का दल पहुंचा है. यहां के थाई वाट बौद्ध विहार में दल वर्षावास के तीन माह के दौरान प्रवास करने के साथ बौद्ध धर्म का अध्ययन-चिंतन करेगा. दल में 20 महिला भिक्षु भी शामिल हैं. शरद पूर्णिमा को चीवर दान के बाद दल स्वदेश रवाना होगा. थाई वाट में थाई मोनास्ट्री के प्रभारी व बौद्ध धर्म गुरु चखुन सोमपोंग व चखुन सोंगक्रान ने बुधवार को प्रवासी बौद्ध भिक्षुओं को वर्षावास की महत्ता के संबंध जानकारी दी. धर्म गुरुओं ने भिक्षुओं को विनय व शील को जीवन में आत्मसात करने की सीख दी. उन्होंने कहा कि इससे आध्यात्मिकता का विकास होता है और संघ की एकता व सामुदायिक जीवन को समृद्ध बनाने की शक्ति मिलती है. फ्रा कित्तिफन, फ्रा बुनमा, फ्रा दम, फ्रा प्रवीन आदि भी प्रवासी बौद्ध भिक्षुओं को शिक्षण प्रदान कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि 20 अक्टूबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्वार पूर्णिमा को कुशीनगर में चीवर (वस्त्र) दान किया था. वर्षावास बौद्ध धर्म की एक महत्वपूर्ण परंपरा है. भगवान बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला वर्षावास इ.स. पूर्व 527 में सारनाथ के ऋषीपतन में किया था. इस स्थान पर उन्होंने अपना 45वां वर्षावास भी किया. इसके अलावा उन्होंने श्रावस्ती, जेतवन, वैशाली, राजगृह में वर्षावास किया. वर्षाकाल में बौद्ध भिक्षु व भिक्षुणियां आषाढ़ पूर्णिमा से क्वार पूर्णिमा की तीन माह की अवधि तक एक ही स्थान पर रहकर धर्म का अनुशीलन करते हैं. विशेष परिस्थितियों में गुरु की आज्ञा से सूर्यास्त के पूर्व लौटने की शर्त के साथ बाहर जा सकते हैं.

## न्यूज अपडेट

### धर्मांतरण मामला : छांगुर और नसरीन की मेडिकल जांच कराई

**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण मामले में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को आज एटीएस कोर्ट में पेश किया जाएगा. इससे पहले बुधवार को एटीएस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया. इस दौरान छांगुर ने पत्रकारों से कहा कि वो निर्दोष है. अवैध धर्मांतरण के मुख्य आरोपित छांगुर और नसरीन को उत्तर प्रदेश एटीएस की टीम मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई. दोनों को बुधवार को एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा. आज इनकी रिमांड खत्म हो गई है. रिमांड में पूछताछ के दौरान दोनों से एटीएस को अवैध धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग को लेकर कई अहम जानकारियां मिली हैं.

### डिब्रूगढ़ में मिला हाइड्रोकार्बन, सीएम हिमंत सरमा ने बताया 'गौरवपूर्ण क्षण'

**डिब्रूगढ़।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य के लिए ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की है. ऑयल इंडिया लिमिटेड ने नमरूप के बोरहाट-1 कुएं में हाइड्रोकार्बन की उपलब्धता की खोज की है. इस कुएं में असम सरकार की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है, जो इस खोज को और भी ऐतिहासिक बनाती है. मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि इस उपलब्धि के साथ असम देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसकी सरकार प्रत्यक्ष रूप से तेल उत्पादक बनी है. यह खोज न केवल राज्य के तेल अन्वेषण प्रयासों को सफल बनाती है, बल्कि असम को राजस्व और रॉयल्टी से सशक्त करती है.

### कर्नल बाठ और उनके बेटे के साथ मारपीट की जांच करेगी सीबीआई

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पटियाला में भारतीय सेना के कर्नल पुषपिंदर बाठ और उनके बेटे के साथ हुई मारपीट मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश जारी किए हैं. हाई कोर्ट ने बुधवार को यह आदेश जारी किए हैं. पटियाला में 13-14 मार्च की रात को कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ और उनके बेटे से मारपीट की गई थी, तब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी. इसके बाद मामला रक्षा मंत्रालय और आर्मी हेडक्वार्टर पहुंचा तो पुलिस ने 9 दिन बाद आरोपितों के नाम के साथ मामला दर्ज करके 12 पुलिसवालों को निलंबित कर दिया था. इसमें 5 इंस्पेक्टर भी शामिल थे. इसके बाद हाई कोर्ट ने चंडीगढ़ पुलिस को मामले की जांच सौंपी थी.

### डिमा हसाओ में भूस्खलन से एक की मौत, 9 गंभीर रूप से घायल

**डिमा हसाओ।** असम के पहाड़ी जिलों में से एक डिमा हसाओ के माहुर थाना अंतर्गत हंगरुम गांव में हुए भीषण भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को माहुर और हाफलोंग के सरकारी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है. यह घटना बुधवार सुबह हुई. घटना की सूचना मिलते ही माहुर थाना पुलिस की टीम और एसडीआरएफ की एक टीम के साथ मौके पर पहुंची. स्थानीय और जिला प्रशासन के अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंच गये और बचाव अभियान की शुरुआत हुई. बचाव अभियान में शामिल एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान पूरा हो चुका है.

### ब्रिटेन की वायु सुरक्षा सूची से पाक का नाम हटा, शुरू हो सकेंगी उड़ानें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सरकार को आज ब्रिटेन ने बड़ी राहत प्रदान की है. ब्रिटेन की वायु सुरक्षा समिति ने वायु सुरक्षा सूची से पाकिस्तान का नाम हटा दिया है. ब्रिटेन ने 2021 में पाकिस्तान का नाम इस सूची में शामिल किया था. ब्रिटेन की इस घोषणा से मुल्क में खुशी का माहौल है. यह कदम ब्रिटेन की वायु सुरक्षा समिति और पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के बीच वर्षों के तकनीकी सहयोग के बाद उठाया गया है. अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2021 में पाकिस्तान को पहली बार सूचीबद्ध किए जाने के बाद से पर्याप्त सुधार किए गए हैं. इस घोषणा का असर यह होगा कि अब पाकिस्तान की एयरलाइंस ब्रिटेन के लिए उड़ानें संचालित करने के लिए आवेदन कर सकेंगी.

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में आज हुए आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की जान चली गई. इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के जवानों ने इलाके को घेरकर निर्जन स्थान पर छुपे एक आतंकी को मार गिराया. डॉन अखबार की खबर के अनुसार डेरा इस्माइल खान के पुलिस प्रवक्ता याकूब खान ने बताया कि हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद और कांस्टेबल शहजाद खाना लेने कुलाची इलाके की तरफ जा रहे थे. तभी आतंकवादियों ने दोनों को गोलियों से भून दिया. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और सीटीडी के जवानों ने घटनास्थल से कुछ दूर एक आतंकवादी को मार गिराया.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न

# नवीकरणीय ऊर्जा में 20,000 करोड़ तक निवेश को मंजूरी

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई. इसमें कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी को 2032 तक 60 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विस्तार के लिए 20,000 करोड़ रुपये तक निवेश की अनुमति दी. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) में लिए गए फैसलों की जानकारी दी. अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सीसीईए ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और उसके अन्य संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश के लिए राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड को बिजली के बढ़े हुए आवंटन को मंजूरी दे दी.

इस निवेश का उद्देश्य 20,000 करोड़ रुपये तक के परिव्यय के साथ अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करना है.

उन्होंने बताया कि इससे अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लिए पूर्व में स्वीकृत निर्धारित सीमा 7,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 20 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी. इससे वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल करने




के लिए अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता में वृद्धि होगी. उन्होंने कहा कि यह कदम बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और देशभर में चौबीसों घंटे विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और निवेश सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

बताया कि केन्द्र सरकार ने एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से विशेष छूट प्रदान की है. इस रणनीतिक निर्णय से एनएलसीआईएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर सकेगी और बदले में एनआईआरएल मौजूदा शक्तियों के प्रत्यायोजन के तहत पूर्वानुमति की आवश्यकता के बिना, सीधे या संयुक्त उद्यम बनाकर विभिन्न परियोजनाओं में निवेश कर सकेगी. इसके तहत सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों में सीपीएसई द्वारा समग्र निवेश के लिए निर्धारित 30 प्रतिशत निवल मूल्य सीमा से भी छूट दी गई है. इससे एनएलसीआईएल और एनआईआरएल को अधिक परिचालन और वित्तीय लचीलापन प्राप्त होगा. छूट का उद्देश्य एनएलसीआईएल के 2030 तक 10.11 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता विकसित करने और 2047 तक इसे 32 गीगावाट तक विस्तारित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का समर्थन करना है. यह अनुमोदन कॉप 26 के दौरान कम कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने और सतत विकास प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है. उल्लेखनीय है कि देश ने 'पंचामृत' लक्ष्यों और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के तहत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता का निर्माण करने का संकल्प लिया है. वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है. योजना वर्ष 2025-26 से शुरू होकर आगामी छह वर्षों तक देश के 100 चिन्हित जिलों में लागू की जाएगी. बताया कि योजना को 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्य योजनाओं और निजी क्षेत्र की साझेदारी के माध्यम से लागू किया जाएगा.

चयनित 100 जिलों की पहचान कम उत्पादकता, फसल गहनता में कमी और कम ऋण वितरण जैसे तीन प्रमुख मानकों के आधार पर की गई है. योजना के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी. प्रत्येक जिले में योजना की प्रगति को 117 प्रदर्शन संकेतकों के माध्यम से मापा जाएगा. योजना के प्रमुख उद्देश्यों में कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और सतत कृषि पद्धतियों को अपनाना, ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, तथा सिंचाई सुविधाओं में सुधार के साथ दीर्घकालिक और अल्पकालिक कृषि ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है.

### इमरान की पूर्व पत्नी रेहम खान की सियासत में एंट्री



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी और जानी-मानी पत्रकार रेहम खान ने राजनीति में उतरने की आधिकारिक घोषणा की है. उन्होंने मंगलवार को 'पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी' नाम से एक नए राजनीतिक दल बनाने का ऐलान किया है. इस कदम ने पाकिस्तान की राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. रेहम खान ने स्पष्ट कहा कि वह अब किसी के कहने पर नहीं, बल्कि अपनी मर्ज़ी और शर्तों पर राजनीति में कदम रख रही हैं. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसी राजनीतिक परिवार, वंश या दबाव समूह का हिस्सा नहीं होगी, बल्कि यह पूरी तरह जनता के मुद्दों पर केंद्रित होगी. अपने संबोधन में रेहम खान ने पाकिस्तान में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को उठाया. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, स्वच्छ जल और शिक्षा जैसी मूलभूत सेवाओं का हाल 2012 से अब तक बदतर हुआ है और यह अब बर्दाश्त से बाहर है. उनकी पार्टी का उद्देश्य आम जनता की वास्तविक समस्याओं को सियासत का केंद्र बनाना होगा. रेहम खान ने कहा कि उनकी पार्टी वंशवाद की राजनीति के सख्त खिलाफ है.

### श्री दरबार साहिब को लगातार तीसरे दिन धमकी



**चंडीगढ़ ।** अमृतसर स्थित श्री दरबार साहिब को बुधवार को लगातार तीसरे दिन आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई है. ई-मेल के माध्यम से मिल रही धमकियों के बाद सुरक्षा को पहले से और ज्यादा बढ़ा दिया गया है. दरबार साहिब परिसर के बाहर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को तैनात कर दिया गया है. बुधवार को धमकी मिलने के बाद पुलिस ने यहां बम निरोधक दस्ते को स्थाई रूप से तैनात कर दिया है. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को इससे पहले सोमवार तथा मंगलवार को भी मेल आ चुकी है. बुधवार को मिली ई-मेल में दावा किया गया कि पाइपों में आरडीएक्स भरकर मंदिर के अंदर धमाके किए जाएंगे. मेल मिलने के बाद एसजीपीसी की सूचना पर पुलिस ने परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया. जांच के लिए डॉग और बम स्क्वायड पहुंचा. लगातार मिल रही धमकियों के बाद पुलिस अलर्ट पर है. मंगलवार को धमकी मिलने के बाद दरबार साहिब परिसर में बीएसएफ जवान और पुलिस कमांडो तैनात किए गए हैं. हर आने-जाने वाले की जांच की जा रही है.

### कुलपति प्रो. योगेश ने किया टैगोर हॉल का उद्घाटन



**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बुधवार को आर्ट्स फैकल्टी परिसर स्थित नवीनीकृत टैगोर हॉल का विधिवत उद्घाटन किया. उन्होंने विश्वविद्यालय के सतत नवीनीकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समय के साथ सभी सुविधाओं का आधुनिक रूप में पुनर्निर्माण जरूरी है. इसी क्रम में शंकर लाल हॉल और टैगोर हॉल के नवीनीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि अन्य ढांचागत सुविधाओं के विकास का कार्य प्रगति पर है. प्रो. सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय 103 वर्ष पुराना संस्थान है और इसे नए सांचे में ढालने, सजाने और बेहतर तरीके से संचालित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है.

### सुर व संगीत विशेषज्ञ रॉबिन केय व उनके पति की हत्या

**कैलिफोर्निया।** संयुक्त राज्य अमेरिका में लॉस एंजिल्स के पड़ोसी शहर एनकिनो में अमेरिकन आइडल की पूर्व सुर और संगीत विशेषज्ञ रॉबिन केय और उनके पति थॉमस डेलुका की हत्या से हर कोई सकते में है. लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग (एलएपीडी) ने कहा कि इस दोहरे हत्याकांड के आरोपित 22 वर्षीय रेमंड बूडेरियन को गिरफ्तार कर लिया गया है. फॉक्स न्यूज चैनल के अनुसार, एलएपीडी ने इस बारे में मंगलवार को विज्ञप्ति जारी की. पुलिस विभाग ने कहा कि सोमवार को रॉबिन केय और उनके पति डेलुका के गोलियों से छलनी शव किलेनुमा उनकी हवेली से मिले हैं.

## बांग्लादेश में एनसीपी के नेताओं पर बमों से हमला, बढ़ा तनाव

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का हिस्सा रहे 'जुलाई विद्रोह' के बड़े नेता और नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम और अन्य नेताओं पर देसी बमों से हमला किया गया. गोपालगंज में पार्टी की रैली से पहले नाहिद और अन्य नेताओं को निशाना बनाया गया. इस दौरान कुछ जगहों पर आगजनी की घटनाएं भी हुई हैं. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, प्रशासन ने एनसीपी की रैली के मद्देनजर गोपालगंज स्थित शेख मुजीबुर रहमान के मकबरे के आसपास सुबह सुरक्षा बढ़ा दी. पुलिस, सेना और संयुक्त बल के जवानों ने बख्तरबंद गाड़ियों से गश्त किया. दोपहर को रैली के बाद पार्टी नेताओं की गाड़ियों पर अज्ञात लोगों के समूह ने हमला किया. वाहनों पर ईंट-पत्थरों की बौछार की गई. इस दौरान देसी बम भी फटे. पुलिस ने एनसीपी नेताओं को शहर से सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया. इस घटना के कुछ देर बाद गश्त कर रहे सेना के जवानों पर हमला किया गया. इसके बाद हमलावरों की पुलिस और सेना के जवानों से झड़प हुई.

## विवाहित महिला को भी संपत्ति में बराबर का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए विवाहित महिला को भी अपने पिता की संपत्ति में बराबर का अधिकार देने की बात कही है. हालांकि यह कानून नेपाल के नए संविधान के जारी होने के दिन से लागू करने का फैसला सुनाया गया है. पिता की संपत्ति पर अधिकार मांगने के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नेपाल का संविधान जारी होने के दिन से ही वह कानून लागू किया जाए जिसमें पिता की संपत्ति पर विवाहित बेटियों को भी बराबर का अधिकार देने की बात उल्लेख है. इस समय नेपाल में बेटियों को अपने पिता की संपत्ति में बराबर का अधिकार देने का कानून है.

सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए सिर्फ अविवाहित बेटियों को ही नहीं बल्कि विवाहित बेटियों को भी संपत्ति में बराबर का अधिकार देने का प्रावधान रखा. सरकार द्वारा इस संशोधन को किए जाने के बाद अदालत में संपत्ति को लेकर लंबित तमाम मुद्दों में जिला अदालत और उच्च अदालत ने बेटियों को संपत्ति में अधिकार देने का फैसला भी सुनाया.

**कठोर नीति** | अमेरिका के कई प्रांतों में अवैध रूप से रह रहे लाखों प्रवासियों के लिए मुश्किलें बढ़ीं

# जमानत की सुनवाई का मौका भी नहीं मिलेगा

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लाखों प्रवासियों के लिए बुरी खबर है. ट्रंप प्रशासन ने उनकी वापसी के लिए कठोर नीति लागू कर दी है, जिसके तहत अब बिना वैध दस्तावेजों के पकड़े गए प्रवासियों को जमानत पर रिहाई नहीं दी जाएगी. इन लोगों को निर्वासन की प्रक्रिया पूरी होने तक हिरासत में रखा जाएगा, जो महीनों या वर्षों तक भी खिंच सकती है. आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने इस नई नीति की घोषणा करते हुए साफ किया है कि जो प्रवासी अमेरिका में अवैध तरीके से दाखिल हुए हैं, उन्हें अब जमानत की सुनवाई का भी मौका नहीं दिया जाएगा. पहले ऐसे मामलों




में आव्रजन न्यायाधीशों के समक्ष जमानत की अर्जी दी जा सकती थी, लेकिन अब यह रास्ता बंद कर दिया गया है. आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड एम. लियोन्स ने 8 जुलाई को इस नीति का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि गृह सुरक्षा विभाग ने इस मुद्दे पर कानूनी स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया है और तय किया है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों को हिरासत में रखकर निर्वासन प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

आईसीई के अनुसार, इस नई नीति को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए एजेंसी को भारी आर्थिक समर्थन प्राप्त हुआ है. अगले चार वर्षों में हिरासत केंद्रों के विस्तार और सुविधाएं बढ़ाने के लिए 45 अरब डॉलर की धनराशि स्वीकृत की गई है. इससे हिरासत केंद्रों में बिस्तरों की संख्या 80,000 से बढ़ाकर 1 लाख तक की जाएगी. आव्रजन मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति उन लाखों प्रवासियों को प्रभावित करेगी जो वर्षों से अमेरिका में रह रहे हैं और जिनके बच्चे अमेरिकी नागरिक हैं. डलास के प्रमुख आव्रजन वकील पॉल हंकर ने कहा, "इस नीति से अब प्रवासियों को निर्वासन तक अनिश्चितकालीन हिरासत में रखा जा सकता है. इससे उनका अपने बचाव में कानूनी लड़ाई लड़ना भी बेहद कठिन हो जाएगा.

इस बीच, सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और गृह सचिव नोएम इस नीति को अमेरिका की सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक मानते हैं. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "जो लोग अमेरिका की जमीन पर अवैध रूप से आए हैं, वे अब सड़कों पर नहीं घूम सकेंगे. चाहे जितना विरोध हो, प्रशासन कानून तोड़ने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगा. हालांकि, कई मानवाधिकार संगठनों और वकीलों ने इस नीति को संविधान के खिलाफ बताया है और कहा है कि यह प्रवासियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है. उनका कहना है कि इस नीति को अदालत में चुनौती दी जाएगी और यह आने वाले समय में ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन सकती है.

# विधायक बैराती बसवराज समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर

एजेंसियां। बेंगलुरु

बेंगलुरु के किट्टगनूर इलाके में रौडी शीटर शिवप्रकाश उर्फ़ बिक्कलु शिव की हुई निर्मम हत्या के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और पूर्व मंत्री बैराती बसवराज सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है. यह मामला मृतक की मां विजयलक्ष्मी द्वारा भारतीनगर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज हुआ है. अन्य आरोपितों में जगदीश, किरण, विमल और अनिल के नाम शामिल हैं. एफआईआर में क्या है? पीड़ित परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार शिवप्रकाश एक प्लॉट विवाद को लेकर पहले से ही धमकियों का सामना कर रहा था. इसी बीच सोमवार देर रात आठ-नौ हमलावर सफेद रंग की स्कॉर्पियो में आए और उसके घर के सामने धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या कर दी. परिजनों के अनुसार, शिवप्रकाश पहले भी कई बार बैराती बसवराज और उनके समर्थकों से जान को खतरा होने की बात बता चुका था.

शिवप्रकाश ने 21 फरवरी, 2025 को भारतीनगर थाने में जगदीश और अन्य के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी. उसने आरोप लगाया था कि किट्टगनूर में खरीदे गए प्लॉट को लेकर उसे धमकाया जा रहा है और जबरन प्लॉट बेचने के लिए उसपर दबाव डाला जा रहा है. इस मामले में पहले भी प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई थी. भाजपा विधायक बैराती बसवराज ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इस हत्याकांड से मेरा कोई लेना-देना नहीं है. मुझे जानबूझकर इस मामले में फंसाया जा रहा है. मृतक और आरोपी मुझे नहीं जानते और न ही मैं उन्हें जानता हूं. कोई भी किसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है, लेकिन यह नहीं होना चाहिए कि बिना प्रमाण मेरे नाम पर एफआईआर हो. मैं कानून के माध्यम से अपना नाम हटाने के लिए लड़ाई लड़ूंगा और गृह मंत्री परमेश्वर से भी इसकी शिकायत करूंगा. फिलहाल पुलिस ने हत्या के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. किट्टगनूर क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है.

स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)